ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 18 जून 2024
वर्ष 2, अंक 298, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया 2

सूर्या की शूटिंग फिर से शुरू करेंगे सनी देयोल 14

# भीषण रेल हादसे में 9 की मौत, 41 लोग घायल

- पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास हुआ हादसा
- राज्य और केंद्र की कई एजेंसियां युद्ध स्तर पर बचाव कार्य में जुटीं
- हादसे में जान गंवाने वालों में सात यात्री व दो रेल कर्मचारी शामिल

**न्यू जलपाईगुड़ी/कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास भयानक रेल हादसा हुआ है। हादसे में कंचनजंघा एक्सप्रेस (13174) से एक मालगाड़ी भिड़ गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 41 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। राज्य और केंद्र की कई एजेंसियां स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उन यात्रियों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही हैं।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक दुर्घटना में जान गंवाने वालों में सात यात्री व दो रेलवे कर्मचारी थे। हादसे में नौ लोगों को गंभीर चोटें आई हैं और 32 को मामूली चोटें आईं हैं। मंत्रालय ने कहा कि अप लाइन को ठीक करते हुए उस पर ट्रेन परिचालन शुरू कर दिया गया है। साथ ही कहा कि डाउन लाइन को भी जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। त्रिपुरा के अगरतला से पश्चिम बंगाल के सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस डाउन लाइन पर थी और कोलकाता से लगभग 600 किलोमीटर दूर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के पास एक मालगाड़ी ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी थी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दुर्घटना स्थल का मुआयना किया। सड़क संकरी होने की वजह से वह कुछ दूरी तक बाइक से भी गए। रेल मंत्री ने कहा कि कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी के पीछे से टक्कर मारने के कारणों की जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने शुरू कर दी है। दुर्घटना के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे।

**रेलवे पूरी तरह लावारिस हो गया है : ममता-** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि रेलवे पूरी तरह लावारिस हो गया है और इसकी दिलचस्पी केवल किराया बढ़ाने में है, यात्री सुविधाओं में सुधार करने में नहीं है। उन्होंने दावा किया मंत्रालय वहां है, लेकिन पुराना गौरव गायब है। केवल सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

## मोदी ने जताया शोक मृतकों के परिजनों को देगा 10 लाख मुआवजा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने इस दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 2.5-2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मामूली रूप से घायल य़ात्रियों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो दो लाख रुपये तथा 50-50 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की है। यह राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दी जाएगी। मोदी ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक जताते हुए उन लोगों के प्रति संवेदना प्रकट की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।




पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के जलपाईगुड़ी के पास हुए भीषण ट्रेन हादसे में मालगाड़ी के इंजन पर कंचनजंघा एक्सप्रेस की बोगी चढ़ गई। ● एजेंसी



दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के ऊपर चढ़कर बचाव कार्य करते कर्मचारी। ● एजेंसी

## राहुल और खरगे ने रेल मंत्रालय के घोर कुप्रबंधन को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी ने ट्रेन दुर्घटना में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त कर रेल मंत्रालय के घोर कुप्रबंधन के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की आलोचना की। खरगे ने कहा दुर्घटना के दृश्य हृदय विदारक हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार रेल मंत्रालय के घोर कुप्रबंधन में लिप्त रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में यह रेखांकित करना उनकी पार्टी का कर्तव्य है कि कैसे मोदी सरकार ने रेल मंत्रालय को व्यवस्थित रूप से कैमरा-संचालित स्व-प्रचार के मंच में बदल दिया है। आज की त्रासदी इस कटु वास्तविकता की एक और यादगार घटना है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में रेल दुर्घटनाओं में वृद्धि मोदी सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही का प्रत्यक्ष परिणाम है। जिसके कारण रोजाना यात्रियों की जान-माल की हानि हो रही है। एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में हम इस घोर लापरवाही पर सवाल उठाना जारी रखेंगे और इन दुर्घटनाओं के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराएंगे।

## स्वचालित सिग्नल फेल होने की वजह से मालगाड़ी को सिग्नल पार कर आगे ले जाने की थी अनुमति

रेलवे अधिकारियों से मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यात्री ट्रेन पटरी पर खड़ी थी तभी पीछे से मालगाड़ी ने उसमें टक्कर मार दी। इस बीच, आंतरिक दस्तावेज़ों से पता चला कि मालगाड़ी को सभी लाल सिग्नलों को पार करने की अनुमति दी गई थी क्योंकि स्वचालित सिग्नलिंग विफल हो गई थी। रेलवे के एक सूत्र ने बताया कि दस्तावेज, टीए 912 नामक एक लिखित प्राधिकार, मालगाड़ी के चालक को रानीपत्रा के स्टेशन मास्टर द्वारा जारी किया गया था, जिसमें उसे सभी लाल सिग्नल पार करने के लिए अधिकृत किया गया था। सूत्र के अनुसार, रानीपत्रा और कैट के बीच स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली सुबह 5.50 बजे से खराब थी। ट्रेन नंबर 13174 (सियालदह-कंचनजंगा एक्सप्रेस) सुबह 8.27 बजे रंगापानी स्टेशन से रवाना हुई और आरएनआई और कैट के बीच रुकी।

## 2004 से देशभर में हुए कितने रेल हादसे, कितनों की हुई मौत

- 2 जून, 2023 : एक साल पहले जून के महीने में ही बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस से टकराने के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर में एक मालगाड़ी टकरा गई थी। इस हादसे में 300 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, जबकि 1,000 से अधिक लोग घायल हो गये थे।
- 29 अक्टूबर, 2023 : विशाखापट्टनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन और विशाखापत्तनम-रायगडा पैसेंजर ट्रेन के बीच टक्कर हो गई थी। इस टक्कर में 14 लोगों की मौत हो गई थी।
- 11 अक्टूबर, 2023 : बिहार नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी. इस दुर्घटना में 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।
- 25 अगस्त, 2023 : लखनऊ-रामेश्वरम भारत गौरव ट्रेन में आग लग गई थी। इस आग की वजह से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 20 अन्य घायल हो गए थे।
- 13 जनवरी, 2022 : बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। इसमें 9 यात्रियों की मौत हो गई थी जबकि 36 अन्य घायल हो गए थे।
- 2004 से 2014 के बीच करीब 1853 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं। 2004-14 की अवधि के दौरान प्रतिवर्ष 171 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं, जबकि 2015 से 2023 तक 449 रेल दुर्घटना हुई हैं। 2014-23 की अवधि के दौरान प्रतिवर्ष 71 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने रविवार रात जिले के अरागाम इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान जारी था। मारे गए आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### झारखंड के पश्चिम सिंहभूम में पुलिस मुठभेड़ में चार माओवादी ढेर

**झारखंड।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में सोमवार तड़के पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। यह मुठभेड़ टोंटो और गोइलकेरा इलाके में हुई। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता और महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी होमकर ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दो माओवादी को गिरफ्तार भी किया गया है। मारे गए चार माओवादियों में एक जोनल कमांडर, एक सब-जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर और संगठन का एक कार्यकर्ता है। एक महिला समेत दो माओवादियों को गिरफ्तार किया गया।

### सीआईडी ने येदियुरप्पा से पॉक्सो मामले में तीन घंटे तक पूछताछ की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में सीआईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा से पॉक्सो कानून के तहत उनके खिलाफ दर्ज एक मामले के संबंध में सोमवार को तीन घंटे तक पूछताछ की। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 14 मार्च को दर्ज मामले के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता की गिरफ्तारी पर शुक्रवार को रोक लगा दी थी। पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत के आधार पर येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# राहुल गांधी वायनाड की सीट छोड़ेंगे वहां से प्रियंका वाड्रा लड़ेंगी चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट छोड़ने की सोमवार को घोषणा की और कहा कि वहां से पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा और पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल उपस्थित थे।

राहुल ने पार्टी अध्यक्ष खड़गे और प्रियंका की उपस्थिति में मीडिया के समक्ष यह घोषणा करते हुए कहा कि उनके लिए यह निर्णय कोई आसान नहीं है। उनका रायबरेली और वायनाड दोनों निर्वाचन क्षेत्र से भावानात्मक रिश्ता है और वह वायनाड का दौरा करते रहेंगे। प्रियंका ने इस निर्णय पर खुशी जताई है। राहुल गांधी 18वीं लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट, दोनों जगहों पर चुनाव लड़े थे और दोनों सीटों पर विजयी हुए। नियम के अनुसार किसी व्यक्ति को एक समय में लोकसभा में किसी एक सीट का ही प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है। गांधी ने कहा कि वह वायनाड के हर व्यक्ति से प्यार करते हैं और उनके दरवाजे वहां के लोगों के लिए हमेशा खुले रहेंगे।



- सोनिया गांधी के आवास पर पार्टी की बैठक में लिया गया निर्णय

### बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व करूंगी : प्रियंका

प्रियंका वाड्रा ने कहा मैं बहुत खुश हूं कि मैं वायनाड के लोगों का प्रतिनिधित्व कर सकूंगी। मुझे नहीं लगता कि वहां के लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस होगी क्योंकि जैसा कि उन्होंने कहा कि वह बीच-बीच में जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी मेहनत के साथ वायनाड के लोगों की सेवा करने और उन्हें खुश रखने का प्रयास करेंगी। रायबरेली से मेरा पुराना रिश्ता है वहां मैंने पिछले 20 साल से काम किया है। उन्होंने कहा कि रायबरेली और अमेठी से उनका रिश्ता टूट नहीं सकता और यह कायम रहेगा।

## कानपुर-बुंदेलखंड में लू के कहर से 59 लोगों की मौत

**कानपुर।** लू के गर्म थपेड़ों ने जीना मुहाल कर दिया है। स्थिति यह है कि लू और हीट स्ट्रोक की वजह से सोमवार को कानपुर, बुंदेलखंड और आसपास के जिलों में 59 लोगों की मौत हो गई। बुंदेलखंड क्षेत्र में 32 लोगों ने लू व हीट स्ट्रोक की वजह से दम तोड़ दिया। वहीं कानपुर में 20, कानपुर देहात में 1 और औरैया में 2, उन्नाव में 3 व फतेहपुर 1 लोगों की मौत हुई। हमीरपुर में 17, महोबा और उरई में 3-3, चित्रकूट में 8 व बांदा में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि जिला प्रशासन लू से मौत होने से इंकार कर रहा है। कन्नौज में पेड़ों पर बैठे पक्षी भी गर्मी से नीचे गिरकर मर गए। कन्नौज में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री रहा। कानपुर में अधिकतम पारा 45.8 डिग्री रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रहा।

# किसानों के खाते में आज आएंगे 20 हजार करोड़

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचारः** तीसरी बार देश की सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वाराणसी पहुंचेंगे। इस दो दिवसीय दौरे में वह सेवापुरी विधानसभा स्थित मेंहदीगंज में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। नरेंद्र मोदी काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। साथ ही दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। मोदी वहां डीबीटी के माध्यम से लगभग 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में ट्रांसफर करेंगे। इसके अलावा स्वयं सहायता समूह की 30,000 महिलाओं को प्रमाण पत्र भी देंगे। भाजपा ने किसान सम्मेलन में 50 हजार किसानों की भागीदारी का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री अपने नामांकन के पहले बाबा विश्वनाथ और मां गंगा का दर्शन करने गये थे।

चुनाव जीतने और प्रधानमंत्री पद की हैट्रिक लगाने के बाद एक बार फिर मंगलवार को वे बाबा विश्वनाथ के दरबार में शीश नवाएंगे, साथ ही दशाश्वमेध पर माँ गंगा का दर्शन-आरती में भी शामिल होंगे।



- प्रधानमंत्री दो दिवसीय दौरे को लेकर आज पहुंचेंगे वाराणसी

## एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में खाने में निकला ब्लेड

**मुंबई।** एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में एक पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिलने का मामला सामने आया है। पैसेंजर ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। पोस्ट के बाद रविवार 16 जून को एअर इंडिया ने बयान जारी कर पैसेंजर के खाने में ब्लेड मिलने की बात को स्वीकार किया और माफी मांगी। एयरलाइन ने कहा कि यह वस्तु उसके खानपान साझेदार की सुविधाओं में इस्तेमाल की जाने वाली सब्जी प्रसंस्करण मशीन से आई थी। एयर इंडिया के मुख्य उपभोक्ता अनुभव अधिकारी राजेश डोगरा ने बयान में कहा कि एयरलाइन इस बात की पुष्टि करती है कि हमारे एक विमान में सवार यात्री के भोजन में ऐसी वस्तु मिली जो भोजन का हिस्सा नहीं थी।

# हर जिला रेंज और जोन स्तर पर भी शुरू हो जनता दर्शन

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद लखनऊ और गोरखपुर में जनता दर्शन कर आमजन की समस्याओं को सुन रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब इस कार्यक्रम को जिला स्तर पर भी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को जारी एक निर्देश में योगी आदित्यनाथ ने कहा, हर जिला रेंज और जोन स्तर पर जनता दर्शन तत्काल शुरू हो। हर जिला, रेंज, जोन स्तर पर कौन सा अधिकारी, किस दिन कहां जनसुनवाई करेगा इसकी पूर्व जानकारी भी जनता को दी जाए।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, जनसुनवाई की पूर्व सूचना होने से लोग अपनी समस्या लेकर जनता दर्शन में आ सकेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि अधिकारीगण जनसमस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता व समय से करें क्योंकि आमजन की संतुष्टि ही आपके काम का मानक है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता प्रभावी रहने के कारण से मार्च महीने में मुख्यमंत्री का जनता दर्शन कार्यक्रम रुक गया था। अब इस कार्यक्रम को एक बार फिर शुरू किया गया है।



- मुख्यमंत्री ने कहा- जनसमस्याओं को प्राथमिकता दें अधिकारी

## आईआईटी खड़गपुर की छात्रा का शव फंदे से लटका मिला

**कोलकाता।** आईआईटी खड़गपुर की तीसरे वर्ष की छात्रा का शव सोमवार को उसके छात्रावास में फंदे से लटकता पाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (आईपीएस) ने बताया कि छात्रा देविका पिल्लई (21) का शव छात्रावास की इमारत की छत से फंदे पर लटका मिला। यह आत्महत्या है या कुछ और, इसका पता नहीं चल पाया है। हमने जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए खड़गपुर उप-मंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

आईआईटी खड़गपुर ने मामले में बयान जारी कर कहा कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग की तीसरी वर्ष की छात्रा देविका का शव सुबह सरोजिनी नायडू छात्रावास की छत से लटका मिला। छात्र, कर्मचारी और संकाय सदस्य देविका के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं।

# बाढ़ को लेकर 29 अतिसंवेदनशील जिलों पर नजर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

## उप्र. में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी और लू से परेशान प्रदेशवासियों के लिए राहत की खबर है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। ऐसे में राज्य सरकार मानसून को लेकर सतर्क हो गयी है। मुख्यमंत्री ने उच्च स्तरीय बैठक कर मानूसन की सक्रियता के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को खाका तैयार करने का आदेश दिया था ताकि प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें अतिसंवेदनशील श्रेणी में 29, संवेदनशील श्रेणी में 11 और सामान्य श्रेणी में 35 जनपद शामिल हैं। इन जिलों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया गया है, जिसमें सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी के साथ कर्मचारी शामिल हैं।

इसके अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और मौसम विभाग भी सचेत है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ की 7 टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमों की प्रीपोजीशनिंग की जा चुकी है। इसके साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा बाढ़ की अवधि में मौसम विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और केंद्रीय जल आयोग से रिपोर्ट्स प्राप्त कर दैनिक समीक्षा का रोस्टर तैयार कर लिया गया है ताकि बाढ़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक कवायद की जा सके।



- शासन ने बाढ़ से निपटने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश
- आपदा से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया

### आपदा मित्रों और वालंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

बाढ़ से निपटने के लिए राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को भी सतर्क कर दिया गया है, जहां चौबीसों घंटे राहत हेल्पलाइन 1070 के लिए 20 सीटर कॉल सेंटर संचालित कर दिया गया है। इमरजेंसी सेंटर के माध्यम से बाढ़ प्रभावित जिलों में फील्ड में तैनात अधिकारियों को एसएमएस और वॉयस कॉल के माध्यम से वास्तविक स्थिति से अपडेट किया जाएगा ताकि समय रहते स्थिति से निपटा जा सके। बाढ़ समेत अन्य आपदा से निपटने के लिए 400 आपदा मित्रों की तैनाती की है। इन्हे 15 दिन की ट्रेनिंग के साथ यूनीफार्म, आईडी कार्ड, सर्टिफिकेट तथा इमरजेंसी रिस्पांडर किट उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा 10500 वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया है।

अमृत विचार
विश्व कप
कानपुर, मंगलवार, 18 जून 2024
www.amritvichar.com



# पंड्या और पंत का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू

## पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन बोले- पंड्या का बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और पंत का बल्ले से योगदान टीम के लिए उपयोगी

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि हार्दिक पंड्या का उम्मीद से बेहतर गेंदबाजी प्रदर्शन और ऋषभ पंत का तीसरे नंबर पर बल्ले से उपयोगी योगदान टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक चीजों में शामिल हैं।

भारत ने आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की। कनाडा के खिलाफ टीम का आखिरी मैच गीली आउटफील्ड के कारण रद्द हो गया था। हरभजन ने कहा टीम के लिए सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि हार्दिक पंड्या विकेट चटका रहे हैं। विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में पंड्या का प्रदर्शन खराब था लेकिन उन्होंने अमेरिका में ग्रुप चरण के तीन मैचों में सात विकेट लेकर अच्छी वापसी की। पंत दिसंबर 2022 में एक भयानक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गये थे। उन्होंने लंबे इलाज और रिहैबिलिटेशन के बाद इस साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। टी-20 विश्व कप में उन्होंने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए मुश्किल पिच पर 124.67 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। हरभजन ने कहा पंड्या के अलावा ऋषभ पंत ने तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी से प्रभावित किया। जब वह तीसरे नंबर पर खेलते है तो दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बनता है। भारत सुपर आठ में अपने अभियान की शुरुआत 20 जून को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा। टीम के पास नई परिस्थितियों की चुनौती का सामना करने की क्षमता है। टीम के साथ बहुत सारी सकारात्मक चीजें हैं। बेशक, चुनौतियां और कठिनाई है, लेकिन चुनौतियां उनके सामने आती हैं जो बेखौफ होते हैं। यह निडर खिलाड़ियों की टीम है। उन्होंने अच्छा संघर्ष किया और बहुत अच्छा खेले। इस वजह से वे ग्रुप में शीर्ष पर रहे।



**7** विकेट ग्रुप चरण के तीन मैचों में लेकर हार्दिक पंड्या ने की है अच्छी वापसी



### रोहित के कोच ने ही मेरे करियर को दिया आकार : हरमीत सिंह

**नई दिल्ली।** अमेरिका में चल रहे टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रही अमेरिकी टीम का हिस्सा बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने खुलासा किया है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 31 वर्षीय हरमीत ने दो अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अमेरिका जाने से पहले आयु वर्ग टूर्नामेंटों में मुंबई के लिए खेले। वह अब अमेरिकी टीम के सदस्य है जिसने टी-20 विश्व कप में अपने पहले ही प्रयास में सुपर आठ चरण में जगह बनाई। एक वीडियो में हरमीत ने कहा मैं इस यात्रा में मेरा साथ देने वाले सभी लोगों और विशेष रूप से दिनेश लाड सर को धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी प्रतिभा को सबसे पहले लाड सर ने पहचाना जो मेरे स्कूल के दिनों में कोच और मेंटर थे (रोहित शर्मा उसी स्कूल में पढ़ते थे)। उन्होंने कहा असल में उन्होंने ही मुझे अपने स्कूल में शामिल होने की सलाह दी थी। वहां उन्होंने मुझे वह सब कुछ दिया जो वह संभवत: दे सकते थे। हरमीत ने कहा कि लाड के बिना उनकी प्रगति संभव नहीं थी। मैंने स्वामी विवेकानंद स्कूल में दाखिला लिया।

## गंभीर ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर गौतम गंभीर ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। गंभीर 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पूर्वी दिल्ली से सांसद बने थे। उन्होंने अपने क्रिकेट कोचिंग करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सक्रिय राजनीति से ब्रेक ले लिया है।

गंभीर ने एक्स पर शाह के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा हाल की चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। गृह मंत्री के रूप में उनका नेतृत्व हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और स्थिरता को और मजबूत करेगा। गंभीर टी-20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह लेने के मजबूत दावेदार हैं। द्रविड़ ने पुष्टि की है कि वह मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद भारतीय टीम के कोच का पद छोड़ देंगे। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने संभावित नई नियुक्ति पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। यह पता चला है कि अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली सीएसी ने अभी तक किसी भी इच्छुक उम्मीदवार का साक्षात्कार नहीं लिया है।

## विश्वकप में हम अच्छी टीम की तरह नहीं खेले : बाबर

लॉडरहिल, एजेंसी



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि टीम हर किसी का अपनी एक भूमिका होती है और हम टी-20 विश्वकप में एक टीम के तौर पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। टी-20 विश्वकप में टीम के प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा मैंने आपको जैसा कि पहले भी कहा कि हम एक व्यक्ति की वजह से नहीं हारे हैं, हम एक टीम के तौर पर जीतते या हारते हैं। आप कप्तान होने के संदर्भ में मेरे से यह सवाल कर रहे हैं लेकिन मैं हर खिलाड़ी की जगह नहीं खेल सकता।

टीम में 11 खिलाड़ी होते हैं और हर किसी का अपना रोल होता है। हम यह स्वीकारते हैं कि हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। जिस तरह की टीम हमारे पास थी उससे बेहतर परिणाम की अपेक्षा थी। एक कप्तान के तौर पर मैं किसी एक खिलाड़ी के ऊपर उंगली नहीं उठा सकता। कमी सभी 15 खिलाड़ियों में थी। हम समीक्षा करेंगे। हम एक टीम के तौर पर अच्छा नहीं खेले। हम भी प्रशंसकों जितना ही हताश हैं। यह किसी एक की गलती नहीं है। जब मैंने कप्तानी छोड़ी थी, तब मुझे यही लगा था कि मुझे आगे कप्तानी नहीं करनी चाहिए और इसीलिए मैंने स्वयं ही कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद मुझे वापस कप्तानी दे दी गई और यह पीसीबी का फैसला था। जब मैं वापस जाऊंगा तब जो भी चीजे यहां घटित हुई हैं अगर मुझे कप्तानी छोड़नी पड़ी तो मैं सार्वजनिक तौर पर इसकी घोषणा करूंगा। लेकिन मैंने इस बारे में नहीं सोचा है। इस पर फैसला पीसीबी को करना है।

### मैंने ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी: कर्स्टन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम की तीखी आलोचना करते हुए मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि टीम में कोई एकता नहीं है और उन्होंने अपने लंबे कोचिंग करियर में ऐसी स्थिति कभी नहीं देखी। कर्स्टन की आलोचना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप से पाकिस्तान टीम के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद आई है। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार ने कर्स्टन के हवाले से कहा पाकिस्तान की टीम में कोई एकता नहीं है। वे इसे एक टीम कहते हैं, लेकिन यह एक टीम नहीं है।

## पावो नूरमी खेलों से तैयारियों की शुरुआत करेंगे नीरज

तुर्कू (फ़िनलैंड), एजेंसी



मामूली चोट से उबरने के लिए कुछ समय तक आराम करने वाले ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को पावो नूरमी खेलों में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेंगे। चोपड़ा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को जर्मनी के किशोर एथलीट मैक्स डेहनिंग की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है जो 90 मीटर तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की सूची में सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक में चोपड़ा के लिए कड़ा प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है। उनके अलावा इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ी ओलिवर हेलैंडर भी अपनी चुनौती पेश करेंगे जिन्होंने यहां 2022 में चोपड़ा को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता था।

भारतीय खिलाड़ी ने 2022 में 89.30 मीटर भाला फेंक कर रजत पदक जीता था। यह उनका तब व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी था। उन्होंने उसी वर्ष डायमंड लीग के स्टोकहोम चरण में 89.94 मीटर भाला फेंक कर इसमें सुधार किया था। ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 2012 ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकॉट भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। चोपड़ा जांघ की मांसपेशियों में हल्के दर्द के कारण पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता से हट गए थे। दोहा डायमंड लीग से अपने सत्र की शुरुआत करने वाले चोपड़ा पावो नूरमी खेलों के बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग लेंगे।

# सुपर-8 : आखिरी टिकट पर बांग्लादेश का कब्जा

किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट), एजेंसी

युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात रन देकर चार विकेट लिए जिससे बांग्लादेश ने बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद नेपाल को 21 रन से हराकर टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।



पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका को हैरत में डालने वाले नेपाल के गेंदबाजों ने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने बांग्लादेश की टीम को 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट कर दिया। इसके जवाब में नेपाल का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 78 रन था लेकिन उसने सात रन के अंदर अपने बाकी बचे 5 विकेट गंवा दिए और उसकी पूरी टीम 19.2 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम ने कसी गेंदबाजी की। उन्होंने अपने चार ओवर में 21 गेंद ऐसी की जिन पर रन नहीं बने। उनके अलावा मुस्तफिजुर रहमान ने सात रन देकर तीन और शाकिब अल हसन ने नौ रन देकर दो विकेट लिए। यह पहला अवसर है जबकि बांग्लादेश ने टी-20 विश्व कप में तीन मैच जीते। तंजीम ने शानदार गेंदबाजी करके नेपाल का शीर्ष क्रम झकझोर दिया। नेपाल का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 26 रन था लेकिन कुशल मल्ला (27) और विश्व रिकॉर्ड धारक दीपेंद्र सिंह ऐरी (25) ने छठे विकेट के लिए 52 रन जोड़कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी। मुस्तफिजुर ने कुशल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद उन्होंने दीपेंद्र को भी आउट किया जिनके नाम पर टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 9 गेंद पर अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने मैच के बाद कहा हमने इस चरण में जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे हम काफी खुश हैं। मुझे उम्मीद है कि हम गेंदबाजी में अपना ऐसा ही प्रदर्शन जारी रखेंगे। आशा है अगले दौर में हमारे बल्लेबाज भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने बेहद लचर प्रदर्शन किया। उसका कोई भी बल्लेबाज 20 रन तक नहीं पहुंच पाया। उसकी तरफ से शाकिब ने सर्वाधिक 17 रन बनाए।

नेपाल की तरफ से सोमपाल कामी, संदीप लामिछाने, दीपेंद्र सिंह ऐरी और कप्तान रोहित पौडेल ने दो-दो विकेट लिए। नेपाल के कप्तान पौडेल ने कहा कि अगर उनके बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो परिणाम उनके अनुकूल रह सकता था। हमारे बल्लेबाजों विशेष कर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था। बांग्लादेश के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की और हम पर दबाव बना दिया। हमें यह सीखना होगा कि किन क्षेत्रों में रन बनाने हैं। हमें परिस्थितियों से तालमेल बिठाना सीखना होगा।



नीदरलैंड को हराने के बाद जश्न मनाते बांग्लादेश के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**21** रन से बांग्लादेश ने नेपाल को हराया
तंजीम और मुस्तफिजुर ने बिखेरी चमक

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.294 | 0 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| आयरलैंड (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.594 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.529 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 0.616 | 0 |
| श्रीलंका (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | 0.863 | 1 |
| नीदरलैंड (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.358 | 0 |
| नेपाल (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.542 | 1 |

## अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर पहुंचे सुमित नागल



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल एटीपी एकल रैंकिंग में सुधार जारी रखते हुए 71वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वोच्च रैंकिंग है। ओलंपिक की तैयारी में लगे नागल पिछले सप्ताह 77वें स्थान पर थे। वह पेरुगिया एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में उपविजेता रहने के कारण छह पायदान आगे बढ़ने में सफल रहे।

पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल के ड्रा में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी नागल के अब 777 एटीपी अंक हैं। नागल ने हाल में अच्छा प्रदर्शन करके न सिर्फ अपनी रैंकिंग में सुधार किया बल्कि इससे वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल में जगह बनाने में भी सफल रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन फ्रेंच ओपन में वह पहले दौर में बाहर हो गए थे। नागल ने इस साल की शुरुआत में जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर प्रतियोगिता और फरवरी में चेन्नई ओपन में खिताब जीता था।

## इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराया

गेल्सेंकिर्चेन (जर्मनी), एजेंसी



गेंद के लिए जद्दोजहद करते इंग्लैंड और सर्बिया के खिलाड़ी। ● एजेंसी

जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से इंग्लैंड ने सर्बिया को 1-0 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। रियल मैड्रिड की तरफ से खेलने वाले बेलिंगहैम ने 13वें मिनट में बुकायो साका के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

इस मैच से पहले दोनों टीम के प्रशंसकों के बीच आपस में झड़प हो गई थी जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। बेलिंगहैम के शुरू में गोल करने के बाद इंग्लैंड के प्रशंसक जश्न में डूब गए। सर्बिया ने इसके बाद कुछ मौके बनाए लेकिन वह अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका नहीं दे पाया। बेलिंगहैम ने मैच के बाद कहा यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए शानदार शुरुआत है और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन टीम को जीत दिलाना अधिक महत्वपूर्ण है। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन सर्बिया के गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच ने उनका हेडर गोल के अंदर नहीं जाने दिया। केन का किसी बड़े टूर्नामेंट में यह 23वां मैच था जो इंग्लैंड की तरफ से नया रिकॉर्ड है।

केन ने मैच के बाद कहा यह बेहद कड़ा मैच था। उनके पास कुछ अच्छे खिलाड़ी हैं और उनकी टीम को हराना आसान नहीं है। इस मैच से तीन अंक हासिल करना अच्छा रहा। इस जीत से इंग्लैंड ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंच गया। इस ग्रुप में इससे पहले डेनमार्क और स्लोवेनिया का मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था। इंग्लैंड अपना अगला मैच गुरुवार को फ्रैंकफर्ट में डेनमार्क के खिलाफ खेलेगा।

## बादशाहत के लिए भिड़ेंगी वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान

**ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया)।** शानदार प्रदर्शन कर रही अफगानिस्तान और मेजबान वेस्टइंडीज मंगलवार को जब टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप चरण मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगे तो उनकी कोशिश इसे जीतकर सुपर आठ चरण से पहले आत्मविश्वास को मजबूत करने की होगी।

ग्रुप सी में दोनों टीमें तीन मैचों में तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुकी हैं और ऐसे में दोनों के लिए यह मुकाबला आत्मविश्वास हासिल करने के नजरिये से अहम है। पापुआ न्यू गिनी पर मुश्किल जीत के साथ शुरुआत करने के बाद वेस्टइंडीज ने युगांडा और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत दर्ज की तो वहीं दूसरी ओर, अफगानिस्तान के अब तक के अभियान में कोई कमजोर कड़ी नहीं दिखी है। राशिद खान की अगुवाई वाली टीम कैरेबियन पिचों और यहां की परिस्थितियों का लुत्फ उठा रही है। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

# श्रीलंका ने नीदरलैंड को 83 रनों से हराया

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

कुसल मेंडिस (46), चरिथ असलंका (46) की शानदार पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने टी-20 विश्वकप के 38वें मैच में नीदरलैंड को 83 रनों से हराते हुए टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर पथुम निसंका (शून्य)का विकेट गवां दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए कामिंडु मेंडिस (17) भी छठें ओवर में पवेलियन लौट गए। उसके बाद कुसल मेंडिस ने 29 गेंदों में (46), चरिथ असलंका ने 21 गेंदों में (46), धनंजय डी सिल्वा ने 26 गेंदों में (34) और एंजेलो मैथ्यूज नाबाद 15 गेंदों में (30) ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में टीम का स्कोर छह विकेट पर 201 पहुंचाया। नीदरलैंड की ओर से लोगन वैन बीक ने दो विकेट लिये। विवियन किंगमा, आर्यन दत्त, पॉल वैन मीकरेन ओर टिम प्रिंगल ने एक-एक विकेट लिया।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड की माइकल लेविट और मैक्स ओ''डाउड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 45 रन जोड़े। मैक्स ओ''डाउड (11) और माइकल लेविट (31) रन बनाकर आउट हुये। श्रीलंकाई गेंदबाजों के आगे नीदरलैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके और उसके लगातार विकेट गिरते रहे। विक्रमजीत (7), साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट (11), स्कॉट एडवर्ड (15), एडवर्ड्स (31) और आर्यन दत्त (10) रन बनाकर आउट हुये। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के गेंदबाजों ने नीदरलैंड की पूरी टीम को 16.4 ओवर में 118 पर ढ़ेर कर मुकाबला 83 रनों से जीत लिया और टूर्नामेंट में अपना सफर समाप्त किया।

### साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने क्रिकेट से लिया संन्यास

ग्रोस आइलेट। नीदरलैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 वर्षीय एंगेलब्रेक्ट ने रविवार को श्रीलंका के मिली हार के बाद टूर्नामेंट में अपनी टीम का अभियान समाप्त होने पर अपने संन्यास की घोषणा की है। साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट का यह आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच था। उन्होंने इस मैच में शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए ब्राउंड्री का बचाव किए जाने का वीडिया सोशल मीडिया पर वायरल है इसे इंस्टाग्राम रील्स पर दस लाख से ज्यादा बार देखा गया। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे एंगेलब्रेक्ट ने वर्ष 2023 में नीदरलैंड की टीम में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने करियर मे 12 एकदिवसीय और 12 टी-20 मैच खेले।



चरिथ असलंका
46 रन

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

तेज धूप और उमस रहेगी। बारिश की संभावना।

45.6⁰ अधिकतम तापमान | 36.1⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 :59

# पिटाई से बचने को लॉज की छत से कूदा युवक, मौत

## रेलवे स्टेशन पर किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद, मामले के खुलासे के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** मानिकपुर निवासी दो युवकों को कुछ लोगों ने जमकर पीटा। बचने के लिए दोनों एक लाज में घुस गए। वहां भी आरोपी पहुंच गए। इस पर एक युवक ने इनसे बचने के लिए दूसरे घर में जाने के लिए छलांग लगाई और सड़क पर जा गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

दबंगई की यह पूरी घटना रविवार देर शाम स्टेशन और उसके आसपास की है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को मानिकपुर कस्बे के शास्त्रीनगर निवासी शानू (30) पुत्र मो. इश्तियाक अपने तीन हमउम्र दोस्तों सत्तू उर्फ सत्यनारायण पुत्र रामप्रसाद, दिलीप पुत्र बंशीलाल गुप्ता और जुबैर अहमद के साथ संपर्क क्रांति से शाम को कर्वी आए थे। बताया जाता है कि इन लोगों ने स्टेशन रोड के पास रहने वाले अपने मित्र के यहां पार्टी की। इसके बाद ये लोग रात लगभग 11 बजे रात मानिकपुर वापस जाने के लिए फिर रेलवे स्टेशन पहुंच गए। जुबैर ने बताया कि इसी दौरान लगभग छह लोग वहां पहुंचे और उन लोगों से मारपीट शुरू कर दी।

इस पर सत्तू और दिलीप तो भाग निकले जबकि उसे और शानू को आरोपियों ने जमकर मारापीटा। जुबैर के मुताबिक, बचने के लिए वे दोनों सड़क किनारे एक लाज में छिप गए। इस पर हमलावर वहां भी पहुंच गए। इसी दौरान दोनों ने बचने के लिए लाज से दूसरी छत पर छलांग लगा दी। इस कोशिश में शानू नीचे सड़क पर जा गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और मामले की पड़ताल की। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि बीती रात दो पक्षों में स्टेशन में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था और इनसे बचने के लिए दो युवक रूपाली लाज में घुस गए थे। बचने के लिए युवक शानू दूसरे लाज की छत पर कूदने लगा और नीचे गिरकर उसकी मौत हो गई। उधर, हमलावर भी मौके से भाग गए।


लॉज से मिले सीसीटीवी फुटेज। अमृत विचार


फुटेज के सहारे आरोपियों तक पहुंचने की जद्दोजहद।


घटना की जानकारी देता जुबैर। अमृत विचार

### दोनों जगहों के फुटेज के आधार पर लगेगा पता

पुलिस स्टेशन और लाज के सीसीटीवी फुटेज से मिलान कर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अगर युवक बाहर के होगें तो भी इन फुटेज के सहारे कुछ क्लू तो मिल ही सकता है। फिलहाल आरोपियों तक पहुंचना पुलिस के लिए एक चुनौती तो है ही।

### घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा

हालांकि पूरी घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। मृतक के परिजनों के मुंह न खोलने की वजह से कोई खुलकर कुछ बताने को तैयार नहीं हुआ। छेड़खानी की बात से शानू के दोस्त जुबैर ने इंकार किया।

### भारी शरीर होने से सड़क पर गिरा शानू

कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पता चला है कि टिकट लेने के दौरान किसी महिला से शानू का विवाद हो गया था। महिला के साथ के युवकों ने शानू और जुबैर से मारपीट की। बचने के चक्कर में ये लोग रूपाली लाज से दूसरे लाज की छत पर कूदने लगे। जुबैर शरीर से दुबलापतला होने से छलांग लगाने में सफल हो गया और भारी शरीर शानू नीचे सड़क पर जा गिरा और उसकी मौत हो गई।

### पिता का हाथ बंटाता था शानू

शानू अपने पिता इश्तियाक अहमद के साथ गैस चूल्हा रिपेयरिंग में हाथ बंटाता था। उसके दो दो बच्चे हैं। असमय मौत से घर में रोनापीटना मच गया।

### पुलिस को मिले स्टेशन और लॉज के फुटेज

पुलिस की मानें तो अब आरोपियों की शिनाख्त के लिए सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि स्टेशन और लाज के फुटेज मिले हैं, जिसके आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि फिलहाल किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार शाम एक युवक की रेलवे स्टेशन में मौत हो गई। आरोप लगा कि पुलिस की पिटाई से इसकी मौत हुई है। आरपीएफ एसके राठी ने बताया कि ट्रेन में यह युवक शराब पिये था और किसी महिला से छेड़खानी कर रहा था। इस पर उसे यात्रियों ने जरूर थोड़ा बहुत मारापीटा था पर इतना नहीं मारापीटा था कि वह मर जाए। यह बात पूरी तरह से निराधार है कि पुलिस की पिटाई से उसकी मौत हुई है। स्टेशन में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसलिए हर तरह की जांच की जा सकती है। पुलिस युवक की शिनाख्त में जुटी थी।

### वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली के एसआई प्रखर सिंह ने खान एवं खनिज अधिनियम के आरोपी ओमनाथ पुत्र रज्जन निवासी मछरिया को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी नरेंद्र कुमार शामिल रहे।

## मारपीट के बाद संदिग्ध अवस्था में वृद्ध की मौत

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत रगौली गांव में सोमवार को एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वृद्ध का पड़ोसी से विवाद हुआ था। इसमें मारपीट भी हुई थी। इसकी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वृद्ध के मामूली चोटें आई थीं। मौत की वजह के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

रगौली गांव निवासी बड़कू बेलौंहा (75) पुत्र बिहारी की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला कि वृद्ध का अपने पड़ोसी से झगड़ा हुआ था। पड़ोसी के घर के बाहर एक व्यक्ति शराब पीकर बैठा करता था। इस पर वृद्ध ने आपत्ति की थी और कहा था कि वह उसे अपने घर के अंदर बैठाए। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा और हल्की मारपीट हुई थी। कोतवाली प्रभारी के मुताबिक, इस संबंध में रिपोर्ट भी दर्ज की गई थी। प्रथमदृष्टया चिकित्सीय रिपोर्ट में सामने आया कि वृद्ध के ऐसी चोटें नहीं आई थीं, जिससे उसकी मौत हो जाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। बताया कि उसके आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी का कहर, लू लगने से आठ की मौत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● जिला अस्पताल ने तीन लोगों की पुष्टि की

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। पारा कई दिन से 45 डिग्री के आसपास घूम रहा है। ऐसे में हीटवेब से लोगों की जान पर बन आई है। सोमवार को लू और बुखार से आठ लोगों के मरने की जानकारी मिली है। जिला अस्पताल ने तीन लोगों की पुष्टि की है।

सोमवार को हीटवेब ने कई लोगों की जान ले ली। इनमें बच्चा (50) निवासी गोंडा (भरतकूप), तिजोल (75) निवासी तरौंहा, रामलखन (75) निवासी रामजूपुर फतेहगंज और ललिता देवी (76) निवासी रैपुरा हैं। इनके अलावा जिला अस्पताल में हीटवेब और बुखार से छविलाल और दो अज्ञात लोगों की मौत हो गई। छविलाल का पता और अन्य दोनों के नाम-पते नहीं ज्ञात हो सके। सीएमएस ने इन्हीं तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया जाता है कि अन्य लोग जिला अस्पताल में मृत अवस्था में लाए गए थे। उधर मानिकपुर में एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। आर्यनगर निवासी विक्की गुप्ता पुत्र विनोद कुमार ने पुलिस को सूचना दी कि पटेल नगर निवासी प्रेम बाबा (70) इधर उधर से मांगकर पेट पालता था। बस स्टैंड में ओजस्वी मैरिज हाल के पीछे खाली पड़ी जमीन पर लेटा था कि लू लगने से मौत हो गई।

## बकरीद की नमाज में मांगी अमन-चैन की दुआ

संवाददाता, तुलसी धाम राजापुर

● एक-दूसरे के गले मिलकर दी मुबारकबाद

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार पूरे जिले में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिमों ने नमाज अदा कर देश-दुनिया के अमनचैन की दुआ मांगी।

राजापुर संवाददाता के अनुसार, शाही मस्जिद में बकरीद की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच पेश इमाम मो. मोईन ने अदा कराई। सोमवार को निर्धारित समयानुसार साढ़े सात बजे सुबह बकरीद की नमाज अदा की गई। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, तहसीलदार रामसुथार राम, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने लोगों को मुबारकबाद दी। शाही मस्जिद में कस्बा सहित सोतीपुरवा, मलवारा, सरधुआ, बरुआ, छीबों, बन्ना गड़वारा, रायपुर, चांदी, सुरवल आदि गांवों के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद की नमाज परंपरागत ढंग से अदा की और प्रेम, सद्भावना आपसी भाईचारा और अमन चमन की दुआएं मांगी। एसडीएम ने बताया कि प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी देना कानूनी अपराध है। कुर्बानी दिए गए पशु के अवशेष को सुरक्षित गड्ढे में दफनाने के लिए कहा गया। सड़क, सार्वजनिक स्थल व खुले में कुर्बानी नहीं देने के निर्देश जारी किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि किसी भी धर्म की पुस्तकों में आपस में बैर कराने की बात नहीं लिखी गई है। हर समुदाय के लोगों को अपने धर्म के अनुसार त्योहार मनाने का अधिकार संविधान में प्रदत्त है। मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष अतहर नईम ने लोगों को बताया कि आज के दिन अल्लाह पाक ने परीक्षा लेकर बकरे की कुर्बानी स्वीकार की था। अपने-अपने हिसाब से लोग कई प्रकार की कुर्बानियां देते हैं और तीन दिनों तक कुर्बानियों का सिलसिला जारी रहता है। इस मौके पर शाबिर अली, मेराजुल हक, मो. सफीक, मो. शमीम, रईस अहमद, इस्लाम नईम, मो. वसीम, कुरेशी, आबिद अली, साबिद अली, बाबूजी, मदार कुरैशी, मो. अली, मो. रफीक, मो. शकील, मो. हारुन, महबूब अली, लाली खां, इद्दू बख्श, मेराज अहमद आदि मौजूद रहे।


राजापुर में बकरीद की मुबारकबाद देने पहुंचे एसडीएम व अन्य अधिकारी।

## सार-संक्षेप


राहगीरों को शर्बत पिलाते युवा समाजसेवी। अमृत विचार

### राहगीरों को शर्बत पिलाया

**चित्रकूट।** रामनगर में सोमवार को निर्जला एकादशी व्रत पर जगह-जगह लोगों ने शिविर लगाकर राहगीरों को शरबत वितरण किया। भीषण गर्मी में मीठा शरबत पीकर लोगों ने राहत महसूस की और धन्यवाद दिया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की। गरीबों को दान दिया। रामनगर बस स्टैंड में समाजसेवी अखिलेश पांडेय, लवलेश पांडेय ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने शर्बत पिलाने वाले युवकों की सराहना की। इस मौके पर दिलीप कुमार यादव, अतुल मिश्र, गोविंद तिवारी, राहुल नंदन मिश्रा, बृजेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## बदल गया चितरा गोकुलपुर का ट्रांसफार्मर, मिली राहत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

● लोगों ने 'अमृत विचार' की सराहना की

**अमृत विचार।** आखिरकार चितरा गोकुलपुर गांव का फुंका ट्रांसफार्मर सोमवार को बिजली विभाग ने बदल दिया। ट्रांसफार्मर बदलने से लोगों ने राहत की सांस ली। जनसरोकार से जुड़ी खबरों को प्रकाशित करने के लिए 'अमृत विचार' की पत्रकारिता की सराहना भी की।

गौरतलब है कि चितरा गोकुलपुर में कम पावर का ट्रांसफार्मर लगा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बार बार ट्रिप करने, फ्यूज उड़ने की समस्या के साथ लो वोल्टेज भी लोग परेशान हो रहे थे। लोगों ने इस संबंध में कई बार बिजली विभाग के लोगों को जानकारी दी थी पर जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया था। लोगों की मांग थी कि ज्यादा पावर वाला ट्रांसफार्मर लगाया जाए। रविवार को ट्रांसफार्मर में आग लगी और यह फुंक गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। 'अमृत विचार' ने इस संबंध में सोमवार के अंक में, आखिरकार फुंक गया ट्रांसफार्मर, घरेलू उपकरण भी जले शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। रविवार को बिजलीकर्मियों ने ट्रांसफार्मर बदल दिया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। बताया गया कि इस बार पिछले ट्रांसफार्मर से चार गुना ज्यादा पावर वाला ट्रांसफार्मर लगाया गया है। गांव निवासी राकेश, सोनू, विष्णु, विकास, कुशल ने 'अमृत विचार' की पत्रकारिता की सराहना की।


ट्रांसफार्मर बदलते बिजलीकर्मी। अमृत विचार

## एक क्लिक पर पता चलेगा कितना खाद-पानी मिलेगा

**हमीरपुर।** किसान को खेत में कब किस फसल की बुआई करना लाभकारी होगा। किस फसल में कितनी खाद व पानी देना है। इसके लिए एक क्लिक पर किसान को सारी जानकारी उपलब्ध होगी। एग्रीस्टैक के तहत जिले में हर खेत की आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए कृषि विभाग एक जुलाई से 31 जुलाई तक अभियान चलाकर काम करेगा।जिले में करीब 2.88 लाख हेक्टेयर में दो लाख 22 हजार पंजीकृत किसान खेती बारी करते हैं। इन सभी की किसान रजिस्ट्री होगी। जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का पात्र किसानों को लाभ मिलेगा। शासन का पत्र मिलने के बाद कृषि विभाग अभियान चलाकर किसान रजिस्ट्री का काम कराएगा। जिले में दो लाख 88 हजार हेक्टेयर में रबी, खरीफ व जायद फसलों की खेती होती है। दो लाख 22 हजार पंजीकृत किसान खेती बारी करते हैं ।

## डंपर ने साइकिल सवार किशोरी को रौंदा


परिजनों को समझाते पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार


बालिका की मौत पर बिलखते परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● मौत से गुस्साए परिजनों-ग्रामीणों ने लगाया जाम

**अमृत विचार।** राजापुर- बांदा मार्ग में सोमवार शाम साइकिलसवार किशोरी को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ राजापुर-कमासिन मार्ग पर जाम लगा दिया। इनका कहना था कि आसपास के बालू घाटों से आनेजाने में तेज रफ्तार वाहनों से इस तरह की घटनाएं होती हैं और इन पर अंकुश नहीं लग रहा। समाचार भेजे जाने तक दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी थीं और पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे थे।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत रायपुर के मजरा भैयालाल के पुरवा निवासी उमेश सिंह की 15 वर्षीया बेटी अंशिका सोमवार को घर से साइकिल लेकर बरगदी के पुरवा घरेलू सामान खरीदने गई थी। शाम लगभग छह बजे लौटते समय पठान का डेरा बर्फ फैक्टरी के पास राजापुर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने अंशिका की साइकिल में टक्कर मारी और कुचलते हुए निकल गया।

आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बाइकों से डम्फर का पीछा किया तो महुआगांव के पास डंपर छोड़कर चालक भाग गया। लोगों ने थाने में पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने डंपर को कब्जे में ले लिया।

उधर,आक्रोशित ग्रामीणों ने राजापुर-कमासिन मार्ग पर जाम लगा दिया, जो समाचार भेजे जाने तक नहीं जारी था। तहसीलदार रामसुधार राम, प्रभारी निरीक्षक व अन्य अधिकारी ग्रामीणों को समझाने बुझाने में जुटे थे। किशोरी के पिता, मां अनीता, बहन आयुषी, अनामिका और भाई तेजस सिंह व अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

निरीक्षण | एडीएम और अन्य अधिकारियों ने जानीं समस्याएं, अव्यवस्थाएं देख चढ़ा पारा

## बजबजाती नालियां देख ईओ को नोटिस देने के निर्देश

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** एडीएम व अन्य अधिकारियों ने रविवार देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग 731 ए व 731 एजी के ठेकेदार के द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने के लिए औचक मुआयना किया। इस दौरान कस्बे की बजबजाती नालियों को देखकर भड़के अधिकारियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी बीएन कुशवाहा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम व राजेश प्रसाद चौरसिया ने उप जिलाधिकारी प्रमोद झा के साथ कस्बे में नालियों और जलनिकासी व्यवस्था की जांच की। एडीएम कस्बे के अंदर बने सात नालों व यमुना रोड, मानस मंदिर रोड की नालियों की दुर्दशा पर भड़क उठे और ईओ को तीन दिन के अंदर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि कस्बे में कर्वी बाईपास से लेकर गइला मोड़ तक एनएच के ठेकेदार ने नाले का निर्माण कराया है। इस दौरान नाले की समाप्ति बिंदु पर आउटलेट का निर्धारण नहीं किए जाने पर एडीएम उमेश चंद्र निगम ने कहा कि समाप्ति बिंदु का निर्धारण नगर पंचायत द्वारा कराया जाना चाहिए।


कस्बे की सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों का मुआयना करते अधिकारी।

### बारिश से पहले पूरा कराया जाए नाले का निर्माण

एडीएम ने कस्बे के अंदर आधे अधूरे बने नाले को पूरा कराने के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रयागराज एनएच को बरसात के पहले तक का समय दिया। एसडीएम को निर्देश दिए कि समय समय पर निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट दें, जिससे काम के बारे में सरकार को अवगत कराया जा सके।

### बारिश के पहले चलाया जाएगा महाभियान

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि नगर में साफ सफाई कराने के लिए बरसात के पहले एक महाभियान चलाया जाएगा, जिससे जल निकासी में आम आदमी को कोई दिक्कत न हो। बताया कि एनएच के ठेकेदार को कई बार मौखिक व पत्राचार के माध्यम से आधे अधूरे पड़े नालों को पूरा कराने को कहा गया पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। नाले अधूरे हैं और बदबू से संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका है ।

## युवक की हत्या का आरोप लगा परिजनों ने लगाया जाम

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निहालखेड़ा के मजरे मिर्रीकला निवासी भीखालाल का 19 वर्षीय बेटा शिवम बीती 27 मई को क्षेत्र के गांव मदारीखेड़ा निवासी एक युवती से मिलने गया था। जिस पर युवती ने शिवम के मित्र सचिन निवासी मिर्रीकला को फोन कर शिवम की हालत गंभीर होने की बात बताई थी। सूचना पर उसके परिजन मदारीखेड़ा गांव पहुंचे थे। जहां एक घर के बाहर शिवम मरणासन्न हालत में पड़ा मिला था। परिजन शिवम को लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों ने पुरवा-सोहरामऊ मार्ग पर जाम लगा दिया।

## लू लगने से वृद्ध की गई जान

**नरैनी।** रिश्तेदारी में जा रहा एक वृद्ध लू को चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। गिरवा थाना क्षेत्र के नदवारा गांव निवासी श्रीपाल (65) पुत्र बाबूलाल अपनी रिश्तेदारी में ढोलबजा (सढा) गांव जा रहा था तभी तेज धूप होने के कारण दोपहर 2 बजे कालिंजर मार्ग में स्टेट बैंक के पास वह बेहोश हो गया और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। लोगों ने लू की चपेट में आने से मौत होनेकी बात कही है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र और सह प्रमाणपत्र जिसका रोल नं0 1534969 वर्ष 2020 तथा इण्टरमीडिएट का अंक पत्र और सह प्रमाणपत्र जिसका रोल नं0-2226148252 वर्ष 2022 वास्तव में खो गया है। **-शैलेन्द्र कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी-ग्रा0 पो0 लोढवारा, कर्वी (चित्रकूट)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अतरौली माफी विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो/2024-25 | दिनांक 17.06.2024

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत अतरौली माफी में राज्य वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी दिनांक 18/6/2024से 21/6/2024तक

| क्रं0 सं0 | कार्य | लागत | धरोहर धनराशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन में पुट्टी व डिस्टेंपर का कार्य | 254416 | 5050 | 500 |
| 2 | पंचायत भवन में टाइल्स का कार्य | 330148 | 6605 | 500 |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अतरौली माफी
विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत अतरौली माफी
विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

# लापता युवक का मिला कंकाल

संवाददाता, पैलानी

● कपड़े व चप्पल से मां ने बेटे के रूप में की शिनाख्त

**अमृत विचार।** रहस्यमय ढंग से लापता हुए युवक का जंगल में नरकंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। कपड़े व चप्पल देखकर मौके पर पहुंची महिला ने नरकंकाल की शिनाख्त 11 दिनों पहले लापता हुए पुत्र के रूप में की। पुलिस ने नर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उपाधीक्षक (सदर) ने बताया कि नरकंकाल का डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही असलियत पता चलेगी।

पैलानी थाना क्षेत्र के खरेई गांव के मजरा उसर डेरा निवासी वरदानी (18) पुत्र स्व.संतराम निषाद 11 दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। मां मीरा देवी ने आठ जून को स्थानीय पुलिस चौकी तथा थाने में पुत्र के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार को सुबह गांव के संतू और मिलन जड़ी बूटी खोदने के लिए जंगल पहुंचे। जंदल में सुनसान स्थान में उन्होंने नरकंकाल पड़ा देखा। खबर पाकर पुत्र के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराने वाली महिला भी मौके पर पहुंच गई। नरकंकाल के नजदीक पड़ी चप्पल, कपड़ा टी-शर्ट व हाफ लोअर तथा झोला देखकर वह रोने लगी और 11 दिनों पहले लापता हुए पुत्र के रूप में उसकी शिनाख्त की। सूचना पाते ही चैकी इंचार्ज राजेश मिश्रा तथा थाना प्रभारी संदीप पटेल तथा फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड टीम ने मौके पर पहुंच गई। नर कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मीरा के मुताबिक वरदानी बालू खदान पर पानी के पाउच बेचने का काम करता था। 11 दिनों पहले भी वह बालू खदान पानी के पाउच बेचने गया था। देर शाम तक न लौटने पर काफी तलाश की। खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने उसकी तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज की थी।

# अमन की दुआओं के बीच अल्लाह की बारगाह में किया सजदा

कार्यालय संवाददाता,बांदा

● मुल्क की तरक्की व अमन-चैन की मांगी गई दुआ
● ईदगाह समेत सभी मस्जिदों में हुई विशेष नमाज

**अमृत विचार।** जिले भर में ईद-उल-जुहा (बकरीद) का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। शहर की ईदगाह के मैदान में हजारों की तादात में लोगों ने ईदुज्जुहा की विशेष नमाज अदा करके मुल्क में अमन और तरक्की के लिए दुआ की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को ईद-उल-जुहा की मुबारकबाद दी। मस्जिदों में ईद-उल-जुहा की नमाज पढ़ी गई। सुबह से शुरू हुआ कुर्बानी का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

सोमवार को सुबह से ही ईद-उल-जुहा की तैयारियां शुरू हो गईं। सुबह फजर की नमाज के बाद से ही लोगों ने ईद-उल-जुहा की नमाज पढ़ने जाने की तैयारी कर ली। बच्चों और बड़ों ने नमाज से पहले नए कपड़े पहने और महिलाओं ने पकवान बनाए। शहर में ईदगाह के मैदान में हजारों की संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। यहां मौलाना रियाज (हथौरा) ने नमाज पढ़ाई और कुर्बानी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को बुराइयों से बचने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से साफ-सफाई पर ध्यान देने और इत्तेहाद के साथ रहने को कहा। मुसलमान नमाज की पाबंदी करें। हराम से बचें और हलाल की कमाई खाएं। इसके बाद सुबह आठ बजे ईदगाह में ईदुज्जुहा की दो रकात विशेष नमाज अदा कराई। ईद-उल-जुहा की नमाज बाद मौलाना ने दुआ कराई। मुल्क में अमन और तरक्की के साथ मुसलमानों की जायज तमन्ना पूरी करने, कारोबार में तरक्की होने, बीमारों को शिफा देने, बेगुनाहों की रिहाई कराने, हर मुसलमान को नमाज का पाबंद बनाने व भाईचारा बनाए रखने को दुआ की गई। नमाज खत्म होने के बाद लोग गले मिले और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। अन्य मस्जिदों में भी ईदुज्जुहा की नमाज अदा की गई। इसके बाद तीन दिवसीय कुर्बानियों का सिलसिला शुरू हो गया।


ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

### समझौते के बाद दोनों पक्षों ने अदा की नमाज

ओरन कस्बे के नूरी मस्जिद में इमाम को लेकर दो पक्ष अलग-अलग हो गए। एक पक्ष वर्तमान इमाम से नमाज पढ़ने को राजी नहीं हुआ, जिस पर आपस में विवाद होते-होते बचा। मौके पर उपस्थित चैकी प्रभारी संजय मिश्रा ने आला अधिकारियों को सूचना दी, जिस पर मौके पर उपजिला अधिकारी अतर्रा रावेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकार बबेरू राजवीर सिंह, थाना प्रभारी बिसंडा श्याम बाबू शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उप जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत किया। इस पर दोनों पक्षों के नमाजियों ने अलग-अलग ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की।


नमाज को लेकर विवाद को सुलझाते पुलिस व कस्बे के लोग।

### चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

■ ईद-उल-जुहा की नमाज के चलते सोमवार को सुबह के चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद रही। व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल, एडीएम राजेश कुमार समेत नगर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह के साथ कई थानाध्यक्ष और शहर के सभी चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मी कड़ी मशक्कत करते हुए देखे गए। नमाज के मद्देनजर राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर के विभिन्न हिस्सों में रूट डायवर्जन रहा। भारी वाहनों का प्रवेश पहले से ही रोक दिया गया था। प्रयागराज और नरैनी की ओर से आने वाले वाहनों को शहर से कुछ पहले रोक दिया गया। नमाजियों से राष्ट्रीय राजमार्ग खाली होने के बाद वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।


बकरीद की मुबारकबाद देने पहुंचे डीएम व एसपी। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्रों में अदा की गई विशेष नमाज

■ अतर्रा, बबेरू, नरैनी, पैलानी, कमासिन, चिल्ला, कालिंजर समेत ग्रामीण इलाकों में बकरीद पर नमाज अदा कर मुल्क में अमन व तरक्की की दुआ मांगी गई। अतर्रा में बदौसा रोड स्थित जामा मस्जिद में नमाज अदा कर अमन और सलामती की दुआ मांगी। इस दौरान तमाम राजनीतिक दलों के लोगों ने गले लगा कर बकरीद की मुबारकबाद दी। एसडीएम व क्षेत्राधिकारी ने भी लोगों को बकरीद की मुबारकबाद देते हुए भाईचारे व प्रेम के साथ त्योहार मनाने की अपील की। बबेरू में भी ईद-उल-जुहा की नमाज अदा की गई। हरदौली, आलमपुर, बगेहटा, अनौसा, सिमौनी, कोर्रही, तिलौसा, सतन्याव आदि मुस्लिम बाहुल्य गांवों में बकरीद मनाई गई।

### जारी रही बिजली की आंख मिचौली, लोग परेशान

■ ईद-उल-जुहा पर बिजली की आंख मिचैली जारी रही। भूरागढ़, संकट मोचन, बांबेश्वर, पीली कोठी, तुलसी नगर, इंदिरा नगर क्षेत्र में पूरा दिन बिजली के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। इससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईद पर बिजली विभाग की ओर से तमाम तैयारियां की गईं थीं। निर्बाध अपूर्ति की व्यवस्था करने के साथ तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए बिजली घरों में टीमें तैनात की गईं थीं। इसके बाद भी बिजली व्यवस्था बदहाल रही। पूरा दिन और रात तक बिजली के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। हर फीडर में देर तक बिजली आपूर्ति बाधित होती रही। फाल्ट दुरुस्त करने में भी कर्मचारियों को काफी समय लगा। कई इलाके तो आधी रात तक अंधेरे में डूबे रहे।

# फिर लड़खड़ाई विद्युत आपूर्ति, लोगों ने पावर हाउस घेरा

## अंधेरे में डूबे दो दर्जन से अधिक मोहल्ले, विभागीय अफसर रोते रहे ओवरलोड और फाल्ट न मिलने का रोना, लोगों में बढ़ा आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● सदर विधायक प्रतिनिधि ने संभाला मोर्चा, आक्रोशित लोगों को शांत करा चालू कराई आपूर्ति

**अमृत विचार।** दो दिन की बहाली के बाद एक बार फिर से शहर की विद्युत आपूर्ति ध्वस्त हो गई है। भीषण गर्मी के बीच सुचारू बिजली आपूर्ति न मिलने से जहां घरों में लोगों का जीना मुहाल है, वहीं शाम होते ही विभागीय अफसर कान में तेल डालकर सो जाते हैं और जनता को बगैर बिजली के भगवान भरोसे छोड़ देते हैं। आलम यह है कि बीती रात शहर के दो दर्जन से अधिक मोहल्लों में करीब पांच घंटे तक अंधेरे में डूब गए हैं। बिजली न होने से परेशान लोगों ने शहर के पीली कोठी विद्युत सब स्टेशन का रुख किया और सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। हालांकि बाद में सदर विधायक के प्रतिनिधि ने पहुंचकर मोर्चा संभाला है और आक्रोशित भीड़ को शांत कराने के साथ ही अफसरों पर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का दबाव बनाया। बताते हैं करीब तीन बजे किसी तरह से विद्युत आपूर्ति चालू हो सकी।

रविवार की रात शहर की बिजली आपूर्ति का बुरा हाल हो गया और भीषण गर्मी के बीच बिना बिजली के शहरवासियों की नींद में खलल पड़ गया। रात करीब 10 बजे पीली कोठी पावर हाउस में संबद्ध स्टेशन, छोटी बाजार, महेश्वरी देवी, टेलीफोन, मर्दननाका, अलीगंज विद्युत फीडरों की बिजली अचानक गुल हो गई। गर्मी से बेहाल लोगों ने जब विभागीय अफसरों के फोन घनघनाने चालू किए तो उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में लोगों का आक्रोश बढ़ने लगा और कई इलाकों के लोगों ने एकत्र होकर सीधे पावर हाउस में धावा बोल दिया। पीली कोठी पावर हाउस में पहुंचे लोगों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विद्युत विभाग के अधिकारियों को खूब बुरा भला कहा। आक्रोशित भीड़ का गुस्सा देखकर नाइट ड्यूटी में तैनात विद्युत कर्मी पावर हाउस छोड़ कर भाग निकले। जानकारी मिलने पर सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने अपनी पूरी टीम के साथ पीली कोठी पावर हाउस में मोर्चा संभाला और आक्रोशित भीड़ को समझाने का प्रयास शुरू किया। श्री सेठ ने विभागीय अफसरों से बात की तो पता चला कि विद्युत कर्मियों और पेट्रोलिंग टीम फाल्ट ढूंढ पाने में नाकाम साबित हो रही है। उप खंड अधिकारी चंदन यादव ने बताया कि बबेरू रोड में कहीं 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया है, जिसे तलाशने के लिए टीम पेट्रोलिंग कर रही है। वहीं दिन भर बिजली की लुकाछिपी से लोग परेशान हो गए हैं। अब लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। पीली कोठी पावर हाउस में लोगों का आक्रोश शांत न होता देख विधायक प्रतिनिधि ने मुकामी पुलिस को भी पावर हाउस में बुला लिया, पुलिस ने जब लोगों को समझाया तब जाकर भीड़ शांत हुई। हालांकि बाद में विधायक प्रतिनिधि और विभागीय कर्मचारियों के प्रयासों से रात करीब 3 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।


पावर हाउस में लोगों को समझाते सदर विधायक प्रतिनिधि। अमृत विचार

### ध्वस्त विद्युत आपूर्ति के सामने अफसर हुए बेबस

■ शहर की बिजली व्यवस्था को लेकर अफसरों का पहले से तैयारी न करना अब जनता के लिए भारी साबित हो रहा है। दिन भर थक हार कर बिस्तर पर जाते ही बिजली गुल हो जाती है। जिससे लोगों की रात खराब हो जाती है, ऐसे में लोगों का गुस्सा बढ़ना लाजमी है। उधर विद्युत विभाग के अफसर अपनी भूल को छिपाने के लिए झूठ पर झूठ बोलने को मजबूर हैं। जानकारों की मानें तो अगर गर्मी के पहले विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करके खामियों को दुरुस्त कर लिया जाता तो शायद शहर के लोगों को घंटों अंधेरे में नहीं रहना पड़ता। वैसे तो लोगों को हर साल गर्मी के मौसम में बिजली की ध्वस्त आपूर्ति का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस बार तो विद्युत व्यवस्था ने हद ही पार कर दी है।

### विधायक के प्रयासों की हवा निकाल रहे अफसर

■ पूरी तरह से लड़खड़ा चुकी शहर की बिजली आपूर्ति के चलते जहां लोगों के दिन का चैन और रातों की नींद हराम हो गई है है, वहीं विभागीय अफसर कान में तेल डालकर महज तमाशा देख रहे हैं। हालांकि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और उनके प्रतिनिधि रजत सेठ शहर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने को खासे सजग और सतर्क रहते हैं, लेकिन विभागीय अफसरों की मनमानी उनके प्रयासों को भी नाकाम साबित कर देती है। सदर विधायक शहरी क्षेत्र की आपूर्ति दुरुस्त कराने के लिए शासन स्तर पर दो नए विद्युत सब स्टेशन स्थापित कराने को लेकर प्रयासरत हैं। उम्मीद जताई है कि शीघ्र ही शासन से विधायक के प्रस्तावों पर मुहर लग जाएगी और शहर को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी। उधर शहर की विद्युत व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिशाषी अभियंता नगरीय प्रकाश देव पांडेय की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली जाने पर वह किसी का फोन तक नहीं उठाते और लोगों को सटीक जानकारी भी नहीं मिल पाती।

# हरियाली व पशु-पक्षियों को बचाना जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** स्वच्छता अभियान ब्रांड एंबेसडर व समाजसेवी कुलदीप शुक्ला ने भीषण गर्मी में हरियाली के साथ पशु-पक्षियों को बचाने की अपील की है। कहा कि भीषण गर्मी में आम जनमानस के बचाव के साथ प्रकृति को बचाने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। समाजसेवी ने कहा कि सुबह पौधों को पर्याप्त पानी डालें व उनकी सुरक्षा करें तथा घरों में छत, खुले स्थान पर मिट्टी के बर्तनों में दाना पानी भरकर रखें। इससे पशु-पक्षियों का संरक्षण होता रहे। घर के बाहर चरही समेत टंकियों में पानी भरवाकर रखें। जिससे जानवर अपनी प्यास बुझा सकें। भीषण गर्मी में हरियाली केसाथ बेजुबानों के संरक्षण की नैतिक जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने जनप्रनिधियों समेत अन्य लोगों से आगे आने का आह्वान किया। आगाह किया कि अभी नहीं चेते तो आने वाले समय में परिणाम अच्छे नहीं होंगे।


कुलदीप।

# श्रद्धालुओं ने निकाली खाटू श्याम की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** निर्जला एकादशी पर भक्ति में डुबकी लगा रहे श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम की भव्य शोभा यात्रा निकाली। पैदल निशान यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। शोभा और निशान यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जयकारों से शहर गूंज उठा।

बाबा खाटू श्याम सेवा मंडल की अगुवाई में सोमवार को निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ खाटू श्याम की भव्य शोभा यात्रा निकाली। बड़ी संख्या में खाटू श्याम भक्तगण मौजूद रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भव्य शोभा यात्रा और निशान यात्रा का स्वागत किया। खाटू श्याम की आरती उतारी। खाटू श्याम सेवा मंडल अध्यक्ष मोंटू गुप्ता ने बताया कि 16वीं यात्रा निकली गई है। यात्रा निकालकर हिंदू समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया। सेवा मंडल अध्यक्ष ने बताया कि यात्रा के दौरान पिछले पांच वर्षों से खाटू श्याम को निशान चढ़ाने वाली श्रद्धालु आरती टाक की मार्ग दुर्घटना में मौत होने पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बताया कि इस यात्रा को एक साल हो गए हैं और सभी श्याम प्रेमियों का इस कार्यक्रम में काफी स्नेह मिला और अभी भी मिल रहा है। यात्रा में वीरेंद्र गुप्ता, जीतू गुप्ता, अमित गुप्ता, राकेश गुप्ता, रामबहोरी पप्पू, राजेश जैन, पिंटू गुप्ता, नरेंद्र सोनी, केके गुप्ता, आशू सविता, पप्पू गुप्ता, गुड्डू, विष्णु चैरसिया, हरीशंकर, विनोद, मनोज, शिवा, सुधीर तिवारी, डा.केके गुप्ता, मोहित चैरसिया, सोहन कुशवाहा, संतोष यादव, धीरज साहू, अमित सेठ, महिला अध्यक्ष विमला यादव, महामंत्री शैल गुप्ता, रूबी गुप्ता, संगीता शिवहरे, नंदनी यादव रहे।


शोभा यात्रा निकालते खाटू श्याम के भक्त। अमृत विचार

# चुनाले ने आम आदमी पार्टी की छोड़ी सदस्यता

**बांदा।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शुमार रहे पुष्पेंद्र सिंह चुनाले ने आखिरकार आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है। हालांकि अभी तक उन्होंने अभी आगामी रणनीति का खुलासा नहीं किया है। लेकिन निकट भविष्य में उनके समाजवादी पार्टी की साइकिल में सवार होने की चचाएं आम हो गई हैं। हालांकि छात्र राजनीति से शुरुआत करने वाले चुनाले शुरू से ही बेहद संघर्षशील नेता रहे हैं। इसके पहले वह समाजवादी पार्टी में भी काम कर चुके है, लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना हजारे के आंदोलन से जुड़ने के बाद वह अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। वह आम आदमी पार्टी में जिला प्रवक्ता से लेकर बुंदेलखंड प्रभारी, प्रदेश उपाध्यक्ष और कई राज्यों में संगठन का काम कर चुके हैं। शहर के आवास विकास कालोनी में रहने वाले चुनाले जनपद के लोगों को विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद करते रहते हैं।


पुष्पेन्द्र सिंह।

**जागरूकता** आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

# एनसीसी कैडेट्स ने दिया योग का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● शहर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण के बाद कॉलेज परिसर में हुआ समापन
● अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बढ़चढ़कर भागीदारी का किया आह्वान

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को सफल बनाने के उद्देश्य से आदर्श बजरंग इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को योग का संदेश दिया। शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करने के बाद रैली कालेज पहुंचकर खत्म हुई। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को योग की महत्ता बताई। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बढ़चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया।

आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में 60वीं उत्तर प्रदेश एनसीसी बटालियन फतेहपुर कमांडिंग आफीसर बृजेश पठानिया के निर्देश पर सोमवार को एनसीसी कैडेट्स ने विश्व योग दिवस की सफलता के लिए जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने कालेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। एनसीसी आफीसर मंगल प्रसाद की अगुवाई में कैडेट्स ने पीली कोठी, गूलर नाका, बाबूलाल चैराहा समेत कई सड़कों का भ्रमण करते हुए लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी देकर जागरूक किया। विद्यालय पहुंचकर रैली का समापन हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के साथ ही लोगों को योग के प्रति जागरूक करें। योगाभ्यास से तन एवं मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं। इस अवसर पर सीनियर एनसीसी कैडेट राहुल पटेल, आकाश सिंह गौर, पीयूष सिंह, परदेसी बाबू, प्रियांशु सिंह, विष्णु कुमार और योगेंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। जागरूकता रैली में लगभग 98 एनसीसी कैडेट्स ने भागीदारी की।



जागरुकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

# पुलिस ने जुए की फड़ से बरामद कीं दर्जनों बाइकें

**बांदा।** लंबे समय से चल रहे जुए के अड्डे पर देर रात पुलिस ने छापा मारा। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी जुआरी फरार हो गए। फड़ से पुलिस ने जुआरियों की दर्जनों बाइकें व नकदी बरामद कीं।

वैसे तो पूरे जिले में जुआ माफिया सक्रिय हैं। बड़े पैमाने पर घर समेत खेत, जंगल और नदियों किनारे जुए की फड़ें आबाद हैं। इन फड़ों में रोजाना लाखों-करोंड़ों रुपये के वारे-न्यारे कर रहे हैं। इसी क्रम में गिरवां थाना क्षेत्र अंतर्गत खुरहंड पुलिस चौकी क्षेत्र में लंबे समय से चल रही जुए की फड़ में पुलिस ने छापा मारा। भनक लगते ही जुआरी नकदी समेत अपनी बाइकें मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने फड़ के नजदीक से एक दर्जन से ज्यादा बाइकें बरामद कीं।

# हीट वेव से निपटने को पौधरोपण जरूरी

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** एनडीआरएफ की टीम ने अधांव में मंगल भूमि फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित प्रकृति की पाठशाला में प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से निपटने के लिए लोगों को जानकारी दी। टीम कमांडर ने दैवीय आपदा से बचाव के साथ ही गर्मी से बचाव के उपाय बताए। कहा कि गर्मी का प्रकोप कम करने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है।

एनडीआरएफ टीम के कमांडर अजय सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र हमेशा से अकाल के लिए जाना जाता है। यहां का तापमान अधिकतम रहता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ही यह देखा जा सकता है कि हेट वेव किस तरह से चल रही है। हीट वेव से निपटने के लिए हम सबको स्थाई और अस्थाई काम करने होंगे। स्थाई कार्य के तहत अधिक से अधिक पौध रोपण करना होगा, ताकि पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित किया जा सके। अस्थाई उपायो में हमे प्रचंड धूप से बचना होगा। टीम कमांडर ने गांव के तालाबों में छोटे-छोटे बच्चों के डूबने से बचने के तरीके भी बताए। साथ ही आपदा से संबंधित योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान मंगल भूमि फाउंडेशन के मयंक ने कहा कि एनडीआरएफ की टीम जिला प्रशासन के माध्यम से गांव-गांव में लोगों को प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दे रही है जो कि सराहनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर पर भोजन गैस में बनाती है, लेकिन कभी-कभी उस पर आग लग जाती है और बड़ी क्षति होती है। संचालन विपिन ने किया। मनोज दीक्षित ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर संजय यादव, देवनाथ गर्ग, दिलीप घनश्याम, दीनू मनीष, राजाभैया, बीरन प्रजापति आदि मौजूद रहे।


आपदा से निपटने के गुर बताते एनडीआरएफ के अफसर। अमृत विचार


ईदगाह में नमाज अदा करते नमाजी।


नमाज के बाद गले मिलकर एक दूसरे को बधाई देते मुस्लिम लोग। अमृत विचार

# अमन, चैन व मुल्क की तरक्की के लिए की दुआ

## सुबह से ही नमाज अदा करने के लिए ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे लोग, लोगों ने एक-दूसरे के घरों में पहुंच कर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईद-उल अजहा (बकरीद) का त्योहार हर्षोत्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। मुस्लिम भाइयों ने नए नए कुर्ता पैजाम व अन्य कपड़े पहनकर ईदगाह समेत विभिन्न मस्जिदों में पहुचकर पाकीजगी के साथ बकरीद की नमाज अदा की और नमाज के बाद मुल्क की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी।

ईद-उल अजहा की नमाज के दौरान ईदगाह और सभी मस्जिदों में सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों समेत भारी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहे। उमस भरी गर्मी के बीच नमाजियों ने ईदगाह में नमाज अदा की। ईद-उल अजहा नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम तक चलता रहा।

शहर की शाही मस्जिद में ईद-उल अजहा (बकरीद) की नमाज सुबह सात बजे हाफिज हनीफ साहब ने नमाज अदा कराई, ईदगाह में काजी-ए-शहर आफाक हुसैन ने, जामा मस्जिद में साढ़े सात बजे हाफिज अब्दुल खालिक, इसी समय मनिकयापुरा की मस्जिद में हाफिज खुर्शीद ने नमाज पढ़ाई, मगरियापुरा की मस्जिद में 7: 45 कारी सलीम साहब और चौसियापुरा की मस्जिद में सुबह आठ बजे कारी मोईन ने ईद-उल अजहा की नमाज अदा कराई। इसी तरह शहर के मोहल्ला भटीपुरा, समदनगर सहित विभिन्न मस्जिदों में ईद-उल अजहा की नमाज निर्धारित समय के मुताबिक अदा की गई। जहां पर नमाजियों ने पहुंचकर नमाज अदा की और अल्लाह से दुआएं मांगी। नमाज के बाद सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी।

शहर के ईदगाह में अधिकारियों ने पहुंचकर जायजा लिया और धर्म गुरुओं से बातचीत की साथ ही अधिकारियों ने शहर काजी सहित तमाम लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा अन्य अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ शहर की शाही मस्जिद, नूरानी मस्जिद, जामा मस्जिद, सहित विभिन्न मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया साथ ही जिन मस्जिदों में ईद-उल अजहा की नमाज अदा की गई। उधर जैतपुर प्रतिनिधि के अनुसार ईदगाह में साढ़े सात बजे हाफिज अजगर ने बकरीद की नमाज अदा कराई और जमा मस्जिद बेलाताल में हाफिज जब्बार ने नमाज अदा कराई, वहीं पनवाड़ी कस्बे में ईद-उल अजहा की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शान्तिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई।

### कुर्बानी के अवशेषों को डिस्पोज करने का रहा इंतजाम

ईद-उल अजहा त्योहार में जहां शहर में तमाम घरों में कुर्बानी की गई, वहीं मोहल्ला कसोरा में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा बड़े जानवरों (भैंस) में हिस्से लेकर कुर्बानी की गई। कुर्बानी होने के कारण जानवरों के अवशेष यहां वहां न फेंके जाए इसके लिए प्रशासन द्वारा पूर्व में ही पीस कमेटी की बैठक कर निर्देश दिए गए थे। जिसके चलते नगर पालिका द्वारा डंपर, ट्रैक्टरों आदि वाहनों में पॉलीथिन बिछवाकर उनमें जानवरों के अवशेषों को डाला गया और उन्हें निर्धारित जगहों पर डिस्पोज किया गया, जिससे उक्त मोहल्ले से गुजरने वाले लोगों को बदबू और गंदगी का सामना न करना पड़े।

### त्योहार पर सफाई व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम

ईद-उल अजहा त्योहार पर नगर पालिका द्वारा साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए। सफाई कर्मियों की टीमों का गठन कर ईदगाह और मस्जिदों के आसपास झाड़ू लगाई गई साथ ही चोक नालियों को साफ किया गया। सफाई कर्मियों द्वारा सड़क के दोनों तरफ कलई डालकर मस्जिद तक लाइन बनाई गई। अधिकारियों द्वारा कुर्बानी के बाद जानवरों के अवशेष व अन्य कूड़ा करकट सार्वजनिक स्थानों पर डालने की भी अपील की गई साथ ही वाहनों को लगाकर कूड़ा करकट व अन्य गंदगी को उठाने के लिए दिन भर मोहल्लों-मोहल्लों में वाहन आते जाते रहे।

### ईद-उल अजहा की नमाज के बाद कराई गई कुर्बानी

ईद-उल अजहा की नमाज के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों व अन्य स्थानों में कुर्बानियां कराई। नमाज के बाद से कुर्बानी की शुरुआत हुई जो शाम तक चलता रहा। हाफिज मौलानाओं और आलिम कारी ने कुर्बानी की दुआ पढ़ते हुए बकरों व अन्य जानवरों की कुर्बानी कराई। कुर्बानी के बाद लोगों ने एक दूसरे के घरों में कुर्बान किए गए जानवरों का मीट वितरित किया। कुर्बानी के गोस्त के वितरण के दौरान यह विशेष ख्याल रखा गया कि इसे गरीबों को ही दिया जाये।

# गले मिलकर एक-दूसरे को दी बकरीद की बधाई

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज नगर में शांतिपूर्ण तरीके से पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल सम्पन्न कराई गई। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह, नायब तहसीलदार पंकज गौतम सहित भारी पुलिस बल व फायर पुलिस तैनात रही।

ईद-उल अजहा की नमाज ईदगाह में सुबह 7 बजे जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज हसन साहब द्वारा पढ़ाई गई, वहीं जामा मस्जिद में 7:30 बजे हाफिज आरिफ साहब ने अदा कराई। नमाज के दौरान पेश इमाम द्वारा अमन चैन व आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए देश की खुशहाली की दुआ मांगी गई। नायब तहसीलदार पंकज गौतम व प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह ने सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे के साथ खुशी खुशी बकरीद का पर्व मनाने की अपील की। वहीं बार एसोसिएशन महोबा के अध्यक्ष व समाजसेवी फेरन सिंह एडवोकेट ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नगर पंचायत द्वारा ईदगाह में बेहतर साफ सफाई कर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया गया। वहीं छोटे छोटे बच्चे भी खुशियां मनाने से पीछे नहीं रहे, जो एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद देते हुए नजर आ रहे थे। इसी तरह ग्राम सुगिरा की मस्जिद में हाफिज शाहिद चिश्ती साहब द्वारा सुबह 7:30 बजे नमाज अता कराई गई।

खन्ना प्रतिनिधि के अनुसार कस्बे में थाना परिसर में बनी पुरानी ईदगाह में ईद उल अजहा की नमाज हाफिज मिस्बाह उल हक ने सुबह 7:00 बजे अदा कराई। इसके बाद कस्बे के बजरंग चौक के पास बनी जमा मस्जिद में पेश इमाम याकूब ने 7:30 बजे ईद उल अजहा की नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद थी ईद उल अजहा का त्योहार सादगी और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया।


गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद देते बच्चे। अमृत विचार

# भीषण गर्मी व लू से तीन और लोगों ने गंवाई जिंदगी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने से लोगों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। रविवार को जहां लू और गर्मी के चलते 6 लोगों की मौत हुई थी वही सोमवार को भी 3 और लोगों की गर्मी और लू लगने से मौत हो गई। सोमवार को तापमान 45.6 डिग्री के पार पहुंच गया जिससे समूचा जिला बुरी तरह तप उठा।

गौरतलब है कि पिछले एक माह से जिले में भीषण गर्मी और गर्म हवाओं का प्रकोप जारी है। लोग गर्मी से बचाव के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। इसके बाद भी लोगों का गर्मी और लू से मौत होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन अस्पताल में उल्टी दस्त भीषण गर्मी और लू से पीड़ित मरीज पहुंच रहे हैं। जिससे जिला अस्पताल में गर्मी से पीड़ित मरीजों की खासी भीड़ जुट रही है। जिला अस्पताल के अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी सबसे ज्यादा मरीज गर्मी और लू से पीड़ित पहुंच रहे हैं।

रविवार को उल्टी दस्त, गर्मी और लू से पीड़ित आधा दर्जन से ज्यादा मरीज जिला अस्पताल पहुंचे जिन्हें वार्ड में भर्ती कर दिया गया। जिसमें से राजबहादुर 60 पुत्र शिवदयाल निवासी कहरा थाना खन्ना, ग्राम श्रीनगर निवासी कल्लू कुशवाहा 58 पुत्र कन्हैया कुशवाहा और कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुरा कला निवासी खज्जू 65 पुत्र लल्लू की अस्पताल में ही मौत हो गई। दिन में निकल रही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

**हल्की बारिश से बढ़ी उमस लोग परेशानः** जिले में गर्मी के कहर से लोगों को जान बचाने के लाले पड़े हैं। लोग गर्म हवाओं और गर्मी से बुरी तरह आजीज आ चुके हैं। गर्मी के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सोमवार को सुबह से ही गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वहीं दिन में तीन बजे के बाद 10 मिनट के लिये हुई बारिश ने उमस बढ़ा दी है, जिससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे।

### 20 जून तक जारी रहेगा गर्मी का प्रकोप

**महोबा।** मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 18 जून से 20 जून तक मौसम गर्म रहेगा, जिसे देखते हुए जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने एडवाइजरी जारी करते हुए जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी की साथ ही लू और तेज धूप से बचने की सलाह दी है। उन्होंने मौसम संबंधी पूर्वानुमान को देखते हुये जनसाधारण को जागरूकता एवं बचाव के तरीके बताए हैं। उन्होंने कहा कि लू के प्रकोप एवं गर्म हवा से जन - हानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतें - कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 :00 बजे से 3 :00 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पीयें, प्यास न लगे तो भी पानी पीयें। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें, यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी सें लागातार पोंछे। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें।

### क्या करें और क्या न करें

धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की एवं दरवाजे खुलें रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वनुमान को सुनते रहें।

# नलकूप योजना का लाभ लेने को कराएं पंजीकरण

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

- 31 मार्च 2023 तक कोई बकाया न होने वाले उपभोक्ता ले सकते हैं इस योजना का लाभ

**अमृत विचार।** उपखंड अधिकारी विद्युत ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी उपभोक्ता निजी नलकूप योजना का लाभ लेने के लिए अपना पंजीकरण अवश्य करा लें।

उपखंड अधिकारी कुलपहाड़ आशुतोष वर्मा ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी नलकूप उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार ने सरचार्ज माफ करने की योजना की सुविधा दी है। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली बिल बकाया है, उन्हें पंजीकरण कराने के लिए दिनांक 31 मार्च 2023 तक के मूल बकाए का 30 प्रतिशत धनराशि पंजीकरण के लिए जमा करनी होगी, शेष बकाया राशि का एक मुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करना होगा। ऐसे नलकूप उपभोक्ता जिनका 31 मार्च 2023 तक कोई बकाया नहीं है, वे बिना कोई धनराशि जमा किए ही पंजीकरण करा सकते हैं, उन्हें पंजीकरण कराना आवश्यक है। पंजीकरण के समय उपभोक्ताओं को शर्तों एवं प्रतिबन्धों का पालन करने के लिए सहमति सूचना देनी होगी।

# योगाभ्यास कराकर बताया योग का महत्व

अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के तहत कीरत सागर तट पर योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता द्वारा योगाभ्यासियों को योगाभ्यास कराया गया। और अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉक्टर रामकिशोर ने बताया कि महोबा जनपद में अन्य जगह भी योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जैसे योग प्रशिक्षक नीरेंद्र कुमार द्वारा जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा, योग प्रशिक्षक विकरण द्वारा गोवर्धन पार्क, चरखारी में योगाभ्यास कराया जा रहा है। योग दिवस के माध्यम से जन सामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना ही मुख्य उद्देश्य है। जिसके फलस्वरूप लोगों द्वारा बड़ी संख्या में योगाभ्यास में प्रतिभाग किया जा रहा है। कीरत सागर तट पर योगाभ्यास कार्यक्रम में डॉ. विकास कुमार, डॉ. अर्पित कुमार, डॉ. ममता वर्मा, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, पी एल प्रजापति, किरन गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


कीरत सागर तट पर योगाभ्यास कराते प्रशिक्षक। अमृत विचार

# लक्ष्मण -परशुराम संवाद सुन रोमांचित हुए दर्शक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अजनर के मरई माता धाम पर चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ में रविवार की देर शाम कथा वाचक साक्षी देवी द्वारा रामचरित मानस कथा में शिव पार्वती महिमा, सती की कथा का उपस्थित श्रद्धालुओं को रसपान कराया गया।

शक्ति महायज्ञ के मौके पर अजनर के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों के ग्रामीण धार्मिक आयोजन में शामिल हो रहे है, जिससे वहां का वातारण भक्तिमय नजर आ रहा है। रविवार की रात्रि नौ बजे से रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें रामलीला कलाकारों ने धनुष यज्ञ सीता स्वयंवर परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया। इस मौके पर दर्शकों ने रामलीला कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए देर रात तक रामलीला देखते रहे। कथा सुनाते हुए कथा वाचक ने कहा कि जिस पर गौरी शंकर की कृपा नहीं होती, उस पर नंदलाल भी कृपा नहीं करते। सती रूपी आत्मा के माता पिता शिव पार्वती हैं, जो इनकी सेवा करता है, उस स्त्री रूपी आत्मा को नारायण पति रूप में प्राप्त होते हैं। वृन्दावन में शक्तिपीठ कात्यायनी देवी की पूजा गोपियों ने नारायण को पाने के लिए की। जीवात्म का सच्चा सम्बंध सगे सम्बंधियों से नहीं बल्कि प्रभु से होना चाहिए। वह जीवन निरर्थक है जो मनुष्य जन्म में भी प्रभु की भक्ति न करे। कथा वाचक ने शिव पार्वती महिमा की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।



रामलीला का मंचन करते कलाकार व उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

- रामलीला कलाकारों ने सीता स्वयंवर और लक्ष्मण -परशुराम संवाद का किया मंचन

हाय महंगाई — प्याज ने एक बार फिर लागों को रुलाया, अन्य सब्जियों ने भी दिखाये तेवर

# प्याज की बढ़ती कीमतों से गड़बड़ाया रसोई का बजट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** इस साल बढ़ती महंगाई के चलते प्याज ने लोगों को एक बार फिर रुलाना शुरू कर दिया है। हालत यह है कि बाजार में प्याज 40 रुपये किलो बिक रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के किचेन का बजट गड़बड़ा गया है। गरीबों के किचन से प्याज गायब हो गई है। अधिकांश लोग बिना प्याज के सब्जी तैयार कर रहे हैं, जिससे सब्जी का स्वाद बिगड़ रहा है। दुकानदारों द्वारा प्याज डंप कर दिए जाने से बाजार में भी अब प्याज की आवक घट गई है, जिससे प्याज की कीमत में दिन प्रतिदिन बढ़ रही है।

गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह से जिले में प्याज की बढ़ती कीमतों ने गरीबों के साथ साथ मध्यमवर्ग के लोगों को रुलाना शुरू कर दिया है। बाजार में प्याज की खपत अधिक होने और माल कम आने से दुकानदारों ने प्याज की कीमतें बढ़ा दी हैं। पंद्रह दिन पहले 20 रुपये किलो बिकने वाला प्याज अचानक 40 रुपये किलो पहुंच गया है। लोकसभा चुनाव नजदीक आने के बाद लोगों को प्याज की बढ़ती कीमतें रास नहीं आ रही है और चारों तरफ प्याज की बढ़ती कीमतों की चर्चाएं चल रही हैं।

गौरतलब है कि प्याज के साथ-साथ अन्य सब्जियों पर महंगाई का ग्रहण लग गया है अब प्याज की कीमतों ने भी लोगों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। दो किलो प्याज लेने वाले लोग अब एक किलो प्याज खरीद कर काम चला रहे हैं। इतना ही नहीं प्याज के अलावा अदरक भी 200 रुपये किलो बिक रहा है।


कीमत बढ़ने से प्याज की दुकान पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### महंगाई के चलते सलाद से गायब हो गया प्याज

प्याज की बढ़ती कीमतों के चलते होटल ढाबों में भोजन के साथ मिलने वाली सलाद से प्याज गायब हो गई है। इतना ही नहीं शादी विवाह में सलाद में प्याज ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। नींबू, चुकंदर, खीरा, टमाटर तो सलाद में नजर आ रहा है, लेकिन प्याज अब नहीं दिखाई दे रही है। प्याज की कीमतें बढ़ने से शादी विवाह में प्याज खरीदने से लोगों के आंसू निकल रहे हैं। बुंदेलखंड के किसानों ने घरों में रखी प्याज सस्ती बेंचने के बाद अब बाहर की प्याज महंगी बिकने से किसान भी पछता रहा है।

### कीमत बढ़ने से लहसुन भी इतराया

प्याज के अलावा 120 रुपये किलो बिकने वाला लहसुन भी 180 रुपये से लेकर 200 रुपये किलो बिक रहा है। प्याज और लहसुन की बढ़ती कीमतों के चलते सब्जी का स्वाद गड़बड़ाने लगा है। लोग मानक के अनुरूप प्याज और लहसुन का इस्तेमाल कर रहे हैं। छह माह पहले लहसुन भी सस्ती कीमत पर बिक रहा था, लेकिन धीरे धीरे अब लहसुन भी कीमत बढ़ने से इतराने लगा है। गरीब वर्ग के लोग टुकड़ों में बिखरा लहसुन को कम कीमत में मिलने के कारण उससे काम चला रहे हैं।

# श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनकर झूमे भक्त

संवाददाता पनवाड़ी, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के स्वामी निर्गुणानंद महाराज की पावन नगरी भरवारा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन प्रवचन करते हुए कथा वाचिका पंडित आराध्या द्विवेदी ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार और अधर्म बढ़ता है प्रभु का अवतरण होता है उन्होंने कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने अपनी बहन देवकी का विवाह वासुदेव के साथ कर खुशियां मनाई जब वह अपनी बहन को विदा कर रहा था उसी समय आकाशवाणी सुनकर कि देवकी का आठवां पुत्र तेरा काल होगा से परेशान हो गया। वह देवकी को मारने के लिए तैयार हो गया लेकिन वासुदेव के समझाने पर उसने वासुदेव व देवकी को कारागार में डाल दिया। जहां श्रीहरि विष्णु ने देवकी के गर्भ से कृष्ण के रूप में जन्म लिया कंस के डर से वासुदेव ने कृष्ण को गोकुल में नंद के घर पहुंचा दिया।

कथा वाचिका ने कृष्ण जन्म पर नंदोत्सव की कथा सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया पंडित पुरुषोत्तम चतुर्वेदी शास्त्री जी महाराज द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करवा कर प्रसाद वितरित करवाया। इस मौके पर मुख्य यजमान रागनी पत्नी संदीप कुमार राजपूत प्रशांत शिवम नायक जीवन योगेंद्र कुमार चरण सुजान जयसिंह मनीष देवेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।


कथा सुनने के लिए जुटे श्रद्धालु। अमृत विचार

- नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा कथा पंडाल

# गर्मी का जानलेवा कहर, 15 लोगों की गई जान

## मौदहा के अस्पताल में आठ मरे, वहीं नाले में एक युवक मृत मिला, मौदहा क्षेत्र में 6 लोगों ने तोड़ दिया दम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बढ़ते तापमान और भीषण लू के चलते रविवार और सोमवार को सरकारी अस्पताल पहुंचे आठ लोगों की मौत हुई है। जबकि सिसोलर क्षेत्र में एक नाले में युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। मरने वालों में वृद्धों संख्या अधिक है। क्षेत्र से ऐसी और कई सूचनाएं मिली हैं जो अस्पताल तो नहीं जा सके, लेकिन उनकी मौत गर्मी और लू के चलते हुई। कुछ लोग तो खेतों नालों सड़कों में पड़े मिले। एक की तो अभी तक शिनाख्त तक नहीं हुई। वहीं मुस्करा क्षेत्र में 6 लोगों की मौत हो गई। सभी की लू लगने से मौत होने की संभावना जताई गई है।

सरकारी व निजी अस्पतालों में जहां गर्मी और लू की चपेट में आने वाले लूज मोशन के मरीजों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। समय पर इलाज न कराने और लापरवाही बरतने से मौतें बढ़ रही हैं। सिसोलर थाना क्षेत्र में केन नदी के निकट चैली नाला में बांदा जनपद के अलौना गांव निवासी अरुण (40) पुत्र विजय करण अपनी बुआ से मिलने भुलसी गांव आ रहा था। तभी इसकी रास्ते में ही नाले के निकट मौत हो गई।

● गर्मी से बचाव की गाइडलाइन का पालन न होने से बढ़ता जा रहा मौत का सिलसिला




चरवाहों ने इसकी सूचना गांव में दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अनुमान है कि गर्मी व लू लगने से इसकी मौत हुई। उधर बिवांर थाना क्षेत्र के लदार गांव निवासी रामदास (75) पुत्र भिल्ला बकरी चराने गया था। वह भीषण गर्मी में वहीं चकरा कर गिर गया। सूचना पर परिजन उसे अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिवांर थाना क्षेत्र के ही कुनेहटा गांव निवासी हल्के प्रजापति (35) पुत्र कालिया भैंस चराने खेत गया था। तभी गर्मी और लू की चपेट में आ गया। उसे अस्पताल ले गए लेकिन चिकित्सकों ने उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया, इसकी रास्ते में उसकी मौत हो गई। रविवार शाम गहबरा के निकट 75 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की सड़क पर गिरकर मौत हो गई। एंबुलेंस उसे अस्पताल लाई, लेकिन चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। रात करीब 9:30 बजे रीवन गांव निवासी आशीष (36) पुत्र संतोष साइकिल से जा रहा था। तभी वह सड़क पर गिर गया। अचेत अवस्था में उसे अस्पताल लाया गया। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं बिहरका गांव निवासी शंकर (60) पुत्र मिडवा घर में ही हालत खराब हुई। उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि भवानी गांव निवासी भोला प्रसाद (75) पुत्र फैलू की गर्मी के चलते हालत खराब होने पर अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। आज ही मकरांव गांव निवासी अंबिका सिंह (60) की हालत खराब होने पर अस्पताल लाते रास्ते में मौत हो गई। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौदहा के अभिनंदन तिवारी (57) के सीने में दर्द होने पर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। अभी लगातार भीषण गर्मी और और हीट वेव की चेतावनी के साथ जो बचाव की जो गाइडलाइंस जारी की गई है उसका पालन न होने से ही मौत का सिलसिला बढ़ रहा है।

### पीआरडी जवान की मौत, परिजन बोले लू लगी

राठ, हमीरपुर। जरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटैलिया बाजा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते पीआरडी के जवान की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि लू लगने से पीआरडी जवान की मौत हुई है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इटैलिया बाजा गांव का निवासी प्रदीप कुमार (40) चिकासी थाना में पीआरडी जवान के रूप में ड्यूटी करता था। जिसकी घर में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि चिकासी थाने में ड्यूटी करने के दौरान लू लगने से प्रदीप कुमार की हालत बिगड़ गई थी। जिसके बाद सोमवार की सुबह घर पर उसकी मौत हो गई। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# लू व तेज बुखार से 24 घंटे में 6 लोगों की मौत

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पिछले 24 घंटे में लू और तेज बुखार के चलते कस्बा सहित क्षेत्र में 6 लोगों की जान चली गई। वहीं सीएससी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बृजेंद्र राजपूत ने मौसम की बेरुखी देखते हुए लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी।

सीएससी ड्यूटी में तैनात डॉक्टर हेमंत दसारिया ने बताया कि उनकी ड्यूटी के दौरान सीएससी में तेज बुखार और लू के लक्षणों वाले एक दर्जन से अधिक मरीज भर्ती हुए। जिनमें से रविवार शाम मनोज अहिरवार (35) निवासी बिहुंनी खुर्द को सीएचसी लाया गया। बताया कि सीएससी लाने से पहले ही मरीज ने दम तोड़ दिया था। दूसरा मरीज कल्लू प्रसाद (70) को उसका पुत्र पुष्पेंद्र सीएससी लाया। जिसे डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुष्पेंद्र ने बताया कि पिता को लू लगने से तेज बुखार आ रहा था। उधर कंधौली से मोहनलाल (72) को उसका पुत्र घनश्याम शाम को सीएससी में भर्ती कराने लाया। जिसकी इलाज के दौरान ही मौत हो गई। डॉक्टर ने तेज बुखार होने और लू लगने की बात कही। वहीं आज कस्बा के चार थोक निवासी दिनेश सोनी ने बताया कि उसका चाचा मुकुंदी सोनी (68) की गर्मी के चलते हालात बिगड़ गई थी। जिनकी अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई।

वहीं कस्बा के डाकखाना तिराहा निवासी प्रदीप सिंह ने बताया कि उनकी मां को रात में अचानक तेज बुखार हो गया और घर पर ही उनकी मौत हो गई। वह 80 वर्ष की थी। बताया कि लू लगने से उनको बुखार हुआ था। रविवार दोपहर 3:00 बजे पहाड़ी भिटारी निवासी आसाराम पुत्र टुट्टियां खेत में बकरियां चराने गया था। जहां खेत की तारबाड़ी में गिरकर हीट स्ट्रोक से उसकी मौत हो गई थी। लगातार पड़ रही गर्मी और लू को देखते हुए डॉक्टर ने लोगों से जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी और लू से बचाव के उपाय बताएं हैं।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जलालपुर थाना क्षेत्र में जलालपुर धौहल मार्ग पर तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने सामने से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। जिसमें दो की घटनास्थल पर मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने तीनों को एंबुलेंस से कस्बे की सीएचसी लाई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राठ भेजा है।

बिवांर थाना क्षेत्र के बांधुर गांव निवासी सुनीता ने बताया अमित (21) पुत्र सूरज यादव उसका इकलौता बेटा था। बताया कि अमित अपने साथी राजेश उर्फ भिक्खू (19) पुत्र छोटेलाल निषाद व अनिल यादव (25) पुत्र रामबाबू निवासी छोटी बांधुर बाइक से जलालपुर की तरफ जा रहे थे। तभी जलालपुर धौहल मार्ग पर करीब तीन बजे बंद पड़ी मंडी के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने तीनों को रौंद दिया। बताया कि उसके बेटे अमित व राजेश उर्फ भिक्खू की मौके पर मौत हो गई। अनिल यादव गंभीर रूप से घायल है। उसे सीएचसी छानी में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। थानाध्यक्ष जलालपुर बृजमोहन ने बताया कि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। कोई तहरीर नहीं आई है।

# नाला खोद कर बिना बनाए छोड़ा ग्रामीण परेशान

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत चंदौखी में एक पखवाड़े पूर्व खोदे गए नाले को बगैर निर्माण कराए छोड़ देने से लोगों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। चंदौखी निवासी भाजपा नेता देवेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत में विधायक निधि से नाला निर्माण कराया जाना है। भाजपा नेता का आरोप है कि एक पखवारे पहले ग्राम प्रधान ने निर्माण के लिए नाला की खुदाई कराई थी। लेकिन निर्माण नहीं कराया जा रहा है। इससे आवागमन ठप हो गया है। उन्होंने बताया कि नाले के ठीक उस पार उनका फाटक है। जिसके अंदर उनका ट्रैक्टर खड़ा है। इस समय में खेती किसानी का कार्य करना है, लेकिन वह ट्रैक्टर बाहर नहीं ला पा रहे हैं। उन्होंने एसडीएम से शिकायत करने की बात कही है। ग्राम प्रधान विमल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि निर्माण क्यों नहीं शुरू कराया जा रहा है यह मालूम नहीं है।

# लाइनमैन के आदेश पर चल रहा पावर हाउस!

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** विद्युत अफसरों का वरदहस्त प्राप्त लाइनमैन शासन के नियमों को तहत नहीं बल्कि अपने खुद के नियमों से पावर हाउस का संचालन कर उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत पैदा कर रहा है। शिकायत के बाद अधिकारी लाइनमैन के बजाय शिकायतकर्ता को ही निशाना बनाने लगते हैं।

सुमेरपुर ब्लाक के बिदोखर गांव के विद्युत सब स्टेशन से आधा दर्जन गांवों को आपूर्ति दी जाती है। इसके लिए सभी गांवों के अलग-अलग फीडर बना रखे गए हैं। विदोखर की आपूर्ति के लिए टाउन फीडर बनाया गया है। लेकिन यहां तैनात लाइनमैन टाउन फीडर से ही विदोखर के अलावा बंडा, मवईजार, नदेहरा को जोड़ रखा है। रविवार की रात 10 बजे मवईजार में केबिल फुंक जाने के कारण रात 10 से 12 तक विदोखर सहित बंडा, नदेहरा की आपूर्ति भी ठप रही।

यहां तैनात कर्मियों का कहना है कि लाइनमैन ने जानबूझकर ऐसा कर रखा है। जबकि सभी के लिए अलग-अलग फीडर बने हुए हैं। विदोखर के उपभोक्ताओं ने बताया कि लाइनमैन की अगर शिकायत की जाती है तो वह शिकायतकर्ता को ही निशाने पर लेकर उत्पीड़न शुरू करा देता है। अवर अभियंता से लेकर सभी अधिकारी सजातीय होने के कारण लाइनमैन का एक तरफ पक्ष लेते हैं। इससे यहां के उपभोक्ता परेशान है और शिकायत करने से डरता है। सब स्टेशन के अवर अभियंता महेश कुमार तिवारी ने बताया कि निजी नलकूपों की अलग-अलग लाइन बनाई गई है। इस वजह से टाउन फीडर से सभी गांव को आपूर्ति दी जा रही है। इससे कुछ समस्या हो रही हैं। लाइनमैन मनमानी नहीं कर रहा है।

# हीट वेव से युवक ने रास्ते तथा वृद्ध ने घर में दम तोड़ा

**सुमेरपुर।** सोमवार को भी लू का कहर जारी रहने से क्षेत्र में एक युवक सहित एक वृद्ध की मौत हो गई। सुरौली बुजुर्ग के मजरा चुनकी डेरा निवासी शकुंतला निषाद ने बताया कि उसका पति रामचंद्र निषाद (42) सोमवार को दोपहर गांव के अंदर गिर गया। ग्रामीणों में इसको उठाकर पानी पिलाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

बता दें कि पिछले वर्ष 10 मई को इसके पुत्र लव कुश (18) का शव यमुना नदी के किनारे जंगल में लटका मिला था। एक वर्ष के अंदर पिता पुत्र की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। दूसरी घटना पचखुरा बुजुर्ग में हुई। यहां के निवासी राजेंद्र सिंह (75) गर्मी बर्दाश्त नहीं कर सके और उन्होंने घर पर ही दम तोड़ दिया।

# गुमटियों में लगी आग, लाखों का सामान राख

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पुराने अस्पताल के पास फुटपाथ पर रखी गुमटियों में शार्टसर्किट की वजह से आग लग गयी। जिसमें तीन दुकानें जलकर खाक हो गयी है। इस आगजनी में दुकानदारों का लाखों का नुकसान हुआ है। तीन दमकल गाड़ियों के पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका। दुकानदारों का आरोप है कि विद्युत विभाग के जेई द्वारा फोन न उठाने से आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

पुराने सरकारी अस्पताल किनारे एक दर्जन से अधिक दुकानदार फुटपाथ पर गुमटी लगाते हैं। सोमवार को तड़के तीन बजे इन दुकानों में अचानक आग धधकने लगी। देखते ही देखते आग ने बृजमोहन, गोपाल व कमल किशोर की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानों के बाहर सो रहे दुकानदार आग का विकराल रूप देख शोर मचाकर कर लोगों को इकट्ठा कर लिया। चौकी प्रभारी दिनेश प्रसाद मौर्य भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और दमकल को सूचना देने के बाद सभी आग पर काबू पाने में जुट गये।



आग से धू धू कर जलती दुकानें।



आग बुझाने के लिए एकत्र लोग। अमृत विचार

● सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

दुकानदारों का आरोप है कि बिजली का शटडाउन करने के लिए विभाग के जेई को कई बार फोन किया। लेकिन फोन नहीं उठा। बाद में पावर स्टेशन पहुंचकर लोगों ने लाइट बंद करायी। बिजली का शटडाउन न होने से आग पर काबू पाने में भारी परेशानी उठानी पड़ी। सूचना पर पहुंची जरिया, बिवांर और राठ की दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार कमल किशोर उर्फ कल्लू ने बताया कि वह लोहे की गुमटी में पान मसाला, कोल्ड ड्रिंक की दुकान किये है। आगजनी में उसका लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है। बृजमोहन उर्फ सेठ ने बताया कि वह लोहे की गुमटी में मिठाई की दुकान किए है। दुकान के बाहर पड़ा फर्नीचर, फ्रिज बैंक की पासबुक सहित अन्य कागजात जलकर खाक हो गये हैं। उसका लगभग एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। गोपाल तिवारी ने बताया कि इस आग में उसकी गुमटी में रखा फ्रिज, कूलर, काउंटर व बीस हजार की नकदी जलकर खाक हो गयी है। उसका लगभग तीन लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। दुकानदारों ने बताया कि बिजली के शॉटसर्किट की वजह से आग लगी है।

## बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए 12 खिलाड़ी रवाना



**हमीरपुर।** बरेली में 22वीं यूथ उप्र राज्य स्तरीय बास्केटबाल चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन 18 से 24 जून तक होगा। जिला क्रीड़ाधिकारी ब्रजेश कुमार सोनी ने बताया कि चैम्पियनशिप में जनपद की यूथ बास्केटबॉल टीम प्रतिभाग करेगी। सोमवार को टीम बरेली भेजी गई। टीम में हर्ष कुमार, मेहर दीप, अनमोल, प्रेम सोनी, अंश सिंह, प्रशांत कुमार, सुरेंद्र, आदित्य, उवेश, इदेश दीक्षित, उत्कर्ष दीक्षित, बंसीधर हैं। टीम मैनेजर दुर्गा प्रसाद गुप्ता, कोच शैलेन्द्र कुमार वर्मा को भेजा गया है। ● अमृत विचार

# गुम हुए 5 वर्षीय बच्चे को कुछ घंटों में ही ढूंढ लिया

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में अपनी मां के साथ आया 5 वर्षीय बालक के गुम होने पर पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के अंतर्गत मासूम को कुछ ही घंटों में खोज कर परिजनों को सुपुर्द किया।

कस्बे के एक गेस्ट हाउस में रविवार को शादी समारोह चल रहा था। शादी समारोह में शामिल होने आए जनपद जालौन के थाना अंतर्गत आटा के ग्राम सरसई डेरा निवासी पिंकी पत्नी अनिल कुमार अपने जेठ रामकुमार पुत्र शंकर के साथ 5 वर्षीय बेटे कुणाल को लेकर अपने भाई रामबाबू की बिटिया की शादी में शामिल होने आई थी। जहां बच्चा खेलते खेलते रास्ता भटक गया। जिसकी परिजनों ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सोशल मीडिया सीसीटीवी फुटेज एवं स्थानीय लोगों की मदद से ढूंढने का प्रयास करने लगे। थाना पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के अंतर्गत 5 वर्षीय बालक को प्रमोद त्रिवेदी पुत्र ललित प्रसाद निवासी ग्राम झलोखर की मदद से कुछ घंटे में ढूढ़ निकाला। खोए बच्चे के मिलते ही परिजनों के चेहरे में खुशी की लहर दिखी।



थाना परिसर में बच्चे को सौंपती पुलिस। अमृत विचार

● सोशल मीडिया, सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया

# गल्ला तिलहन व्यापार संघ ने बांटा शर्बत

**सुमेरपुर।** भीषण गर्मी में किसानों को राहत देने के उद्देश्य से गल्ला तिलहन व्यापार संघ ने नगर पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में ठंडे शर्बत का वितरण कराया। नवीन गल्ला मंडी में किसानों, पल्लेदारों, कमीशन एजेंटों एवं आढ़तियों को ठंडा शर्बत बांटा। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, कृष्ण कुमार गुप्ता रामू, श्याम बाबू उर्फ भूरा पांडे, कल्लू पांडे, राघवेंद्र पांडे, विजय कुमार पांडे, कुंज बिहारी पांडे आदि रहे।

साहब! ध्यान दीजिए | गांव का एक किसान अपने टैंकर से ग्रामीणों की बुझा रहा प्यास

# सिर्फ कागजों पर पहाड़ी भिटारी पेयजल योजना

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पहाड़ी भिटारी पेयजल समूह योजना सफेद हाथी साबित हो रही है। तीन दशक से संचालित इस योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। ग्रामवासियों में पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा है। ग्रामवासी हैंडपंपों का खारा पानी पीने के लिए विवश है। या फिर पानी के टैंकर के जरिए प्यास बुझा रहे हैं।

पिछले 30 वर्ष पूर्व तत्कालीन मौदहा विधायक बादशाह सिंह ने जिला योजना की बैठक में पहाड़ी भिटारी ग्रामीण पेयजल योजना को स्वीकृत कराया था। तब जिला प्रशासन ने इस योजना को तीन किलोमीटर दूर अलरा गौरा गांव में स्थापित कराया था। योजना से तीन गांवों अलरा गौरा, गहरौली एवं पहाड़ी भिटारी में पाइप लाइन बिछाई थीं। योजना के शुरुआती दौर में कुछ समय तक ग्रामीणों को पर्याप्त पीने का पानी मिला। इसके बाद पाइप लाइन फटने और चोक रहने का क्रम शुरू हुआ। पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न होने का रोना बताकर जल संस्थान ग्राम वासियों को आगे से नियमित पेयजल आपूर्ति कराए जाने का भरोसा दिलाता रहा। पहाड़ी भिटारी की यह पुरानी योजना ग्रामीणों को एक सप्ताह पेयजल मुहैया नहीं करा पा रही है। पहाड़ी भिटारी निवासी रविंद्र कुशवाहा, विमल कुशवाहा, राम दयाल राजपूत, राजेश सविता आदि ने बताया कि हफ्तों गुजर जाते हैं तब कहीं नलों में पानी देखने को मिलता है। गांव के अवधेश राजपूत अपने टैंकर से हर मोहल्ले पानी पहुंचा रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य करन सिंह राजपूत ने कहा कि जल संस्थान कर्मी कभी भी सुबह-शाम पानी नहीं छोड़ते हैं। जब भी आपूर्ति की गई तो मध्य रात्रि के समय, जिसका ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल सका है। पहाडी भिटारी गांव के ग्रामीणों का कहना है कि इस इकाई से केवल अलरा गौरा के बाशिंदों को भरपूर लाभ मिला है। जबकि यह योजना उनके पहाड़ी भिटारी गांव के नाम से संचालित है। वहीं लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है कि अलरा गौरा गांव से पहाड़ी भिटारी की दूरी तीन किमी है। ऐसे में अक्सर पाइप लाइनों के फटने, चोक होने एवं लीकेज की समस्या रहती हैं। पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न मिलने से पानी की टंकी नहीं भर पाती।



टैंकर से पानी भरते पहाड़ी भिटारी के लोग। अमृत विचार



सम्मानित किए गए शिक्षक।

# हमीरपुर के तीन शिक्षक सम्मानित

**हमीरपुर।** महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में बेसिक शिक्षा विभाग एवं मिशन शिक्षण संवाद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला 14 व 15 जून को उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों से चयनित शिक्षकों 300 शिक्षक आए। बीएसए की उपस्थिति में जनपद के तीन शिक्षक नीलम साहू प्राथमिक विद्यालय मेरापुर, वीरेंद्र परनामी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुरारा और गरिमा सिंह, उप्रा विद्यालय सिकरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# जनपद में पंचायत सहायकों के 42 पद खाली, जनसेवा केंद्र ठप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जनपद के 42 ग्राम सचिवालयों में जनसेवा केंद्र ठप पड़े हैं। 42 पंचायत सहायकों के पद रिक्त होने से ग्रामीणों को सरकारी सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को तहसील के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। जिले में अब तक कुल 12 हजार सेवाओं का लाभ दिया गया है।

शासन ने दो साल पूर्व ग्राम सचिवालयों में जनसेवा केंद्र चालू करने के आदेश दिए थे। ताकि ग्रामीणों को गांव में ही जन कल्याणकारी योजनाओं की सुविधा मिल सके। जनपद में कुल 330 ग्राम पंचायतें हैं। सभी में जनसेवा केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों को संचालित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई थी। इन पंचायत सहायकों को छह हजार रुपये के मानदेय पर रखा गया था। जिनके द्वारा अभी तक कुल 12 हजार सेवाएं दी गई हैं। मानदेय कम होने के चलते 42 पंचायत सहायकों ने अपना इस्तीफा दे दिया। जिससे 42 ग्राम सचिवालयों में संचालित जनसेवा केंद्र ठप हो गए। नवंबर 2023 में जहां 28 पंचायत सहायकों के पद रिक्त थे। वहीं 14 और पंचायत सहायकों ने अपना इस्तीफा दे दिया है। जनपद में सबसे अधिक गोहांड ब्लॉक में अमगांव, चंदवारी डांडा, चिकासी, नहदौरा, पतखुरी, रिहुंटा, सैना व उमरिया में आठ पद रिक्त हैं। वहीं सरीला के मगरौल में पंचायत सहायक नहीं है। राठ के बरेल व गिरवर में दो पद रिक्त, कुरारा के झलोखर व शेखूपुर में दो पद रिक्त हैं। मौदहा के भमौरा, खैरी, मसगांव, सायर, टोलामाफ में पंचायत सहायक नहीं हैं। मुस्करा के ऐंझी, बिवांर, गौरा, मिहुना व सुमेरपुर क्षेत्र के बरुआ, बिरखेरा, कलौलीजार, चंदपुरवा बुजुर्ग, कल्ला, मवईजार में पंचायत सहायकों के पद खाली पड़े हैं। इनमें बड़ागांव में नियुक्ति के बाद मामला हाईकोर्ट में लंबित है।

● ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा केंद्रों से कुल 12 हजार सेवाओं का दिया गया लाभ

"जिले के 42 ग्राम सचिवालयों में पंचायत सहायक के पद रिक्त हैं। जिससे जनसेवा केंद्र के कार्य नहीं हो पा रहे हैं। कहा कि इन्हें भरने के लिए प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार शुरू की जाएगी।
जीतेंद्र मिश्रा, डीपीआरओ

# गंगा के महादेवी घाट पर गूंजा 'समृद्धि' का शंखनाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हमारी सांस्कृतिक विरासत को फिर से समृद्ध करने के लिए पुण्य सलिला भागीरथी के महादेवी घाट पर गंगा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मोक्षदायिनी की दिव्य आरती के बाद 'समृद्धि' का शंखनाद किया गया। वहीं, मां गंगा के भजनों की भक्ति रसधार बही तो उसमें हजारों श्रद्धालु सराबोर हो गए। महोत्सव में पर्यावरण और गंगा के संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।

गंगा दशहरा पर महादेवी घाट पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की तरफ से रविवार शाम दिव्य गंगा महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण व जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दीप प्रज्जवलन कर महोत्सव का श्री गणेश किया। इसके बाद काशी से आए आचार्यों ने दिव्य आरती की, जिसकी छटा देखते ही बन रही थी। गंगा के कलकल बहते पानी में जब आरती का प्रतिबिंब दिखाई दिया तो श्रद्धा और भक्ति जीवंत हो उठी। गंगा भक्तों ने हर-हर गंगे के जयकारे लगाए तो घंटा-घड़ियाल और शंखनाद से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। फर्रुखाबाद से आईं प्रख्यात लोक गायिका आस्तिकी मिश्रा ने अपनी मंडली के साथ उत्कृष्ट भजन प्रस्तुत कर मनमोह लिया। काफी देर तक भक्त भजनों के अथाह सागर में गोते लगाते रहे। जिलाधिकारी ने राज्यमंत्री को अंगवस्त्र व तुलसी का पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी डॉ. मोहम्मद मकबूल, उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया रहे।



महादेवी घाट पर मां गंगा की आरती करते काशी से आए आचार्यगण। अमृत विचार



लोक गायिका आस्तिकी मिश्रा।

- जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की तरफ से मनाया गया दिव्य गंगा महोत्सव
- काशी से आए आचार्यों ने की गंगा आरती, बही मधुर भजनों की रसधार

### भारतीय संस्कृति की पोषक हैं मां गंगे : मंत्री

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि मां गंगे हमारी भारतीय संस्कृति की पोषक हैं। इसके जल को शुद्ध, निर्मल और अविरल बनाने की जिम्मेदारी सभी की है। केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से गंगा को निर्मल बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसमें जन भागीदारी आवश्यक है। धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए गंगा का संरक्षण आवश्यक है।

## अधेड़ ने मालगाड़ी के नीचे आकर की खुदकुशी

**कंचौसी, औरैया।** सोमवार करीब 7 बजे एक अधेड़ ने मालगाड़ी से कटकर आत्महत्या कर ली। शव की शिनाख्त कंचौसी के रहने वाले कमलेश त्रिपाठी पुत्र रमाशंकर त्रिपाठी के रूप में हुई, जो कि कंचौसी नहर पुल से कुछ दूरी पर ही मेडिकल स्टोर चलाते थे। पिछले कई महीनों से वो बोर्न कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। कई जगह दिखाने के बावजूद कोई ज्यादा आराम नहीं मिल रहा था। हालांकि दिल्ली एम्स में कैंसर विशेषज्ञ को दिखाने के बाद डॉक्टर ने ठीक हो जाने की बात कही। जिससे परिवारीजनों को कुछ देर की तसल्ली तो मिल गयी, परंतु बीमारी ठीक होने, दवा आदि में आने वाले खर्च से परिवार व कमलेश त्रिपाठी चिन्तित हो उठे। इधर बीमारी भी दिन पर दिन भंयकर रूप ले रही थी।



पुलिस लाइन में समर कैंप के दौरान कैरम बोर्ड खेलते बच्चे। अमृत विचार

## समर कैंप में बच्चों को सिखाया गया नृत्य

संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** वामा सारथी संस्था की अध्यक्ष व एसपी की पत्नी कामिनी कौशल के सौजन्य से सोमवार को पुलिस लाइन कन्नौज में संचालित 15 दिवसीय समर कैंप में बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान प्रशिक्षकों ने 12वीं कक्षा तक के छात्रों को विभिन्न खेलों जैसे टेबल टेनिस, लॉन टेनिस ताइक्वांडो तथा शूटिंग, डांसिंग व म्यूजिक का प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के इस पहल को कन्नौज पुलिस ने बच्चों को शैक्षिक और मनोरंजक अवसर प्रदान करने सहित हर क्षमता में जनपदवासियों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध किया है।

समर कैंप का आयोजन न केवल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा बल्कि कानून प्रवर्तन और समुदाय के बीच के बंधन को भी मजबूती प्रदान करेगा।

# दिन में होती है बिजली की भारी कटौती, रात में रुला रहे फाल्ट

## मकरंदनगर विद्युत उपकेंद्र का फुंका केबल बक्सा, गुल हुई आधे शहर की बिजली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दिन में बिजली की भारी कटौती, रात में फाल्टों से बिजली गुल होती रहती है। भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। विभाग मशीने बचाने में जुटा रहता है। इस के बाद भी सोमवार की शाम मकरंदनगर विद्युत उपकेंद्र का केबल बक्सा फुंक गया। इसे आधे शहर की बिजली दो घंटे गुल रही।

बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ता भुगत रहे हैं। शासन का निर्देश है कि बिजली कटौती किसी भी दशा में न की जाये।

इस के बाद भी दिन के समय भारी कटौती की जाती है।रात में फाल्ट होने से बिजली गुल होती रहती है। लाइनमैन उपलब्ध हुआ तो फाल्ट ठीक होकर बिजली मिलेगी। यदि लाइनमैन ने फाल्ट की ओर ध्यान नहीं दिया तो पूरी रात बिजली गुल रहेगी। यह क्रम नियमित है। गर्मी में मांग अधिक होने से विभाग उपभोक्ताओं का बिजली नहीं दे पा रहा है। इसका मुख्य कारण विभाग विद्युत उपकेंद्र ओवरलोड होना बता रहा है। मशीनें व ट्रांसफार्मर हीट होने पर बिजली दो-दो घंटे के लिये काट दी जाती है। शहर हो या गांव सभी का यही हाल है। शहर में बिजली विभाग अधिक से अधिक बिजली देने का प्रयास करता है तो बड़ा फाल्ट हो जाता है। इसे ठीक करने में दो से तीन घंटे तक लग जाते हैं। सोमवार को शाम के समय विद्युत उपकेंद्र मकरंदनगर में ओवरलोडिंग के चलते केबिल बाक्स जल गया। इससे दो घंटे बिजली गुल हो गई। दूसरे स्थान से बिजली जोड़ कर आधे शहर व मकरंदनगर को बिजली दी गई। इससे बुरा हाल क्षेत्र के उपकेंद्रों का है। यहां दिन के समय बिजली की आपूर्ति का कोई समय ही निर्धारित नहीं रहा है। बिजली कब आयेगी और कब जायेगी कोई नहीं जानता। जानकारी लेने पर बताया जाता है कि उपकेंद्र ओवरलोड होने से बिजली काटी गई है। ट्रांसफार्मर पर पानी डाल कर उसे ठंडा किया जा रहा है। जैसे ही ट्रांसफार्मपर ठंडा होगा बैसे ही बिजली की आपूर्ति कर दी जायेगी। यह कोई एक दिन की कहानी नहीं है। भीषण गर्मी में यह रोज का हाल है। बिजली न आने के संबंध में जब अधिशाषी अभियंता मगन सिंह से बात की जाती है तो वह ओवरलोडिंग की समस्या बता कर कुछ देर में बिजली देने की बात करते हैं पर बिजली मिलती नहीं है। शहर हो या गांव में तीन समय पानी की आपूर्ति करने के निर्देश हैं। यदि पानी देने के समय बिजली नहीं आई तो पीने का पानी भी समय पर नहीं मिलता है।




- भीषण गर्मी से लोग बेहाल पीने के पानी की किल्लत

### सीयूजी फोन नंबर रिसीव करने से कतराते हैं जेई

**कन्नौज।** शासन का आदेश है कि बिजली की कटौती न की जाये। अधिकारी सीयूजी फोन उठा कर संबंधित की समस्या का समाधान करें। इस आदेश का पालन बिजली विभाग नहीं कर रहा है। शाम के समय आधे शहर व मकरंदनगर की बिजली केबिल बक्सा फुक जाने से बंद हो गई। जेई समीर के सीयूजी नंबर पर फोन लगा कर बिजली न आने के संबंध में जानकारी चाही गई तो उन्होंने कॉल ही नहीं रिसीव की। इससे जानकारी नहीं मिली। बाद में एसडीओ नगर से बात की तो जानकारी हुई कि मकरंदनगर उपकेंद्र का केबिल बक्सा फुक गया। दो घंटे का समय लगेगा। छह बजे गुल हुई बिजली 7 :45 बजे मिली। इसके बाद भी बीच-बीच में कटती रही।



## स्मार्ट मीटर लगाने के लिए बिजली विभाग का सर्वे

**तिर्वा, कन्नौज।** बिजली उपभोक्ताओ को बिल के झंझट से छुटकारा देने के लिए लगने वाले स्मार्ट मीटर को लेकर विभाग ने सर्वे शुरू करा दिया। सर्वे रिपोर्ट के बाद घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। प्रदेश में कई शहरों में बिजली आपूर्ति के लिए यह व्यवस्था है उपभोक्ताओं के घरो में लगे स्मार्ट मीटर में जितना रिचार्ज होगा उतनी बिजली खपत कर पाएंगे। अब कन्नौज में भी स्मार्ट मीटर लगवाने के लिए विभाग ने सर्वे शुरू करा दिया है। एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं के घरों में जल्द ही यह काम शुरू हो जाएगा। सर्वे में देखा जा रहा कि कितने ट्रासफार्मर हैं व कितनी डीपी लगी और कितना तार लगेगा। सर्वे होने के बाद उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा।

## धर्म की रक्षा को धरती पर अवतार लेते प्रभु

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम तेरारब्बू में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथावाचक पंडित मिथलेश द्विवेदी ने श्रोताओं को सूर्यवंश, गंगा अवतरण, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा आदि प्रसंग का श्रवण कराया। बताया कि जब-जब धरती पर आसुरी शक्ति हावी होती है, तब-तब धर्म की रक्षा के लिए परमात्मा अवतार लेते हैं। मथुरा में राजा कंस के अत्याचारों से व्यथित धरती की करुण पुकार सुनकर नारायण ने कृष्ण के रूप में जन्म लिया और धर्म-प्रजा की रक्षा की।

रविवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आनन्द और धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण की झाकियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रसंग के दौरान श्रद्धालु नंदलाला प्रकट भये आज, बिरज में लड्डुआ बंटे, नन्द के घर आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की, आना आना रे आना नंदलाल आज हमारे आंगन में जैसे भजनों पर झूमते रहे। नन्द और यशोदा के लाला की जय के उद्घोष कथा पंडाल में गूंजते रहे। जन्मोत्सव के उपरांत मिठाई का वितरण किया गया। इसी प्रकार त्रेता युग में लंकापति रावण के अत्याचारों से धरा डोलने पर राम के रूप में अवतार लेने का प्रसंग भी सुनाया। कथावाचक ने कहा कि आजकल की युवा पीढ़ी अपने धर्म को नहीं मानती है। धर्म को जानना चाहते हो तो पहले गीता, भागवत, रामायण पढ़ो। इससे आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जाएगी। इस दौरान महेश चतुर्वेदी, प्रवीन चतुर्वेदी, अभिषेक, राज गुप्ता, संजीव चौहान, राजन, विशाल, रमाकांत, छोटू, राजू, राजीव, किरन आदि रहे।



कथा का श्रवण करते श्रोता व इनसेट में पंडित मिथलेश द्विवेदी। अमृत विचार

### गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं को शर्बत वितरित किया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गंगा दशहरा पर समाजसेवियों ने पंडाल लगाकर सैकड़ों श्रद्धालुओं को शरबत वितरित किया। गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं को अहिरूआ राजारामपुर सपा मीडिया प्रभारी अंकुर यादव ने साथियों के साथ मिलकर शरबत पिलाकर पुण्य कमाया। इस मौके पर सनोज, नवी गुलाम, अमर अली, मुरली शाह, आजाद चौकीदार, संजू, उदयवीर, पूर्व प्रधान गोविन्द,शानू, उमर अली, खुर्शीद आलम, जुबैद अरशद अली मौजूद रहे।



गंगा दशहरा पर शर्बत बांटते श्रद्धालु।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव, प्रेम प्रसंग की चर्चा

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के हरपालपुर में युवक का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटका मिला। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। हरपालपुर निवासी जगराम निषाद वन विभाग में कार्यरत है। उनका पुत्र रिंकू निषाद (19) सूरत (गुजरात) में पेंटिंग का काम करता था। वह एक महीने पहले घर आया था। रविवार रात वह 10 बजे खाना खाने के बाद घर से निकल गया। सुबह पांच बजे जब गांव के लोग खेतों की तरफ निकले तो एक बाग में पेड़ पर रिंकू को लटका देखा तो उसके घर वालों को सूचना दी। परिजनों की सूचना पर कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाया। युवक की मौत के संबंध में परिजन कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। वहीं गांव के लोग मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ बता रहे हैं। युवक के कानों में इयर फोन लगा हुआ था। कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय पारिवारिक योजना के आवेदकों को खातों में 'लक्ष्मी' का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कमाऊ व्यक्ति की मौत के बाद राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत आश्रित को 30 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिलती है। करीब तीन महीने से समाज कल्याण विभाग को बजट न मिलने की वजह से आवेदकों को लाभ नहीं मिला है। समाज कल्याण विभाग में 282 आवेदन जमा हैं। कहा जा रहा है कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की आदर्श आचार संहिता को लेकर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। पहली अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के बाद से कुछ दिनों बाद तीन महीने पूरे होने जा रहे हैं। हालांकि छह जून तक चुनाव की आचार संहिता का साया रहा। इस वजह से कई योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिल सका। इसके पीछे कहा जा रहा है कि नए वित्तीय वर्ष 2024-25 की शुरुआत से पहले ही 16 मार्च से आचार संहिता लागू हो गई थी। योजनाओं का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन होते रहे। उसके बाद कार्यालयों में हार्डकॉपी भी जमा हो गईं। पीड़ितों को अब लाभ देने की कवायद शुरू हो रही है। बताया गया है कि जुलाई तक आवेदकों के खातों में 30-30 हजार भेज दिया जाएगा।

### ये कागज हैं जरूरी

आवेदक का आधार कार्ड, पहचान पत्र, निवास प्रमाणपत्र, मुखिया की मृत्यु व उम्र का प्रमाणपत्र,आय प्रमाण पत्र, बैंक या डाकघर में खुले खाता की पासबुक, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो

### यह है नियम

मृत्यु के एक साल के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना जरूरी है। मृत्यु की तारीख तक उम्र 18 से 59 वर्ष तक होनी चाहिए। शहरी क्षेत्र में 56,450 व ग्रामीण इलाके के लिए 46,080 रुपये से कम सालाना आय होनी चाहिए।

> शासन से अभी बजट नहीं आया है। आचार संहिता लागू होने की वजह से पात्रों को लाभ नहीं मिल सका। कार्यालय में फाइल तैयार हो रही है, बजट आते ही आवेदकों को 30-30 हजार रुपये भेज दिया जाएगा।
>
> **सुनील सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)**

मनाया त्योहार | आधा दर्जन स्थानों पर सामूहिक कुर्बानी का सिलसिला जारी

# अदा की गई बकरीद की नमाज़, मुल्क में अमन-चैन की दुआ

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** इस्लामी हिजरी के आखिरी महीने की दसवीं तारीख को मनाया जाने वाला कुर्बानी का त्योहार ईद अल अज़हा कस्बे सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। कस्बे की ईदगाह सहित 23 मस्जिदों में नमाज़ अदा की गई और नमाज़ के बाद कुर्बानियों का सिलसिला शुरू हुआ जो आगामी बुधवार तक चलेगा। पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही। डीएम व एसपी ने कस्बे का भ्रमण कर मॉनिटरिंग की।

इस्लामी साल के आखिरी महीने की दसवीं तारीख को मनाया जाने वाला बकरीद का त्योहार कस्बे सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। बलिदान के इस त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा नमाज़ अदा करने के बाद कुर्बानी देने की परंपरा है, जो आगामी बुधवार तक चलेगी। इस दौरान कस्बे की ईदगाह सहित 23 मस्जिदों में बकरीद की नमाज़ अदा की गई। कस्बे की ईदगाह में शहर इमाम करामात उल्लाह ने नमाज़ पढ़ाई और नमाज़ में अल्लाह के दरबार में हाथ उठाकर मुल्क के अमन चैन के साथ ही इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से निजात के लिए दुआएं मांगी। जबकि कस्बे के उपरौस स्थित निजामिया जामा मस्जिद में कारी जमील, रहमानिया मस्जिद में कारी सना उल्लाह, मस्जिद चौधराना में कारी अताउर्रहमान कादरी, मस्जिद खानकाह में हाजी इफ्तिखार निजामी, मस्जिद कमराहा में मेराजुद्दीन, फाजिल मियां की बड़ी मस्जिद में हाजी वहीद, मस्जिद हक्की बाबा में हाफिज निहाल ने बकरीद की नमाज़ पढाई।



मौदहा में लोगों से मिलते डीएम व एसपी। अमृत विचार

### नमाजियों से भरी ईदगाह, नमाज के बाद शुरू हुई कुर्बानी

**राठ (हमीरपुर)।** ईदल जुअहा का त्योहार मुसलमान भाईयों ने आपसी सौहार्द के साथ मनाया। मुस्लिमों ने बडी तादाद में ईदगाह सहित कस्बे की मस्जिदों में नमाज अदा कर देश की खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। एक दूसरे के गले मिल बकरीद की मुबारकबाद दी। सोमवार की सुबह सात बजे से कुर्रा रोड स्थित ईदगाह में नमाजियों का ईदगाह पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। साढ़े सात बजे शहर पेश इमाम मौलाना शाकिर अली ने हजारों की तादाद में नमाजियों से खचाखच भरी ईदगाह में बकरीद की नमाज अदा कराई। इस मौके पर मुसलमानों ने नमाज अदा करते हुए देश की अमन चैन और अपने परिवार की खुशहाली की दुआ मांगी। भीषण गर्मी होने के बाद भी नमाजियों ने नमाज अदा की। वहीं कस्बे की सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। घरों में भी महिलाओं ने नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिल ईद की बधाई दी। नमाज के बाद कस्बे के करीब एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर बकरों की कुर्बानियां दी गई।



कुरारा में लोगों को ईद उल अजहा की मुबारकबाद देतीं माया बाल्मीकि। अमृत विचार

## नमाज अदा करने के बाद दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मुख्यालय सहित पूरे जनपद में ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे उस्ताह व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। मुख्यालय की ईदगाह में मुस्लिम भाइयों ने बकरीद की नमाज अदा कर देश व दुनिया में अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की बधाई दी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए शहर में जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा। एसडीएम व सीओ सदर ने ईदगाह में मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने लोगों को बकरीद की बधाई दी। इसके बाद कुर्बानियों का सिलसिला जारी हुआ। जो देर शाम तक चलता रहा। कुरारा संवाददाता के अनुसार कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल अजहा की नमाज अदा कर मुस्लिम भाइयों ने मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। कस्बे के ईदगाह में सोमवार को सुबह साढ़े 7 बजे मुस्लिम भाइयों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की और मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। कस्बे में पेश इमाम हसीब चिश्ती ने सभी को बकरीद की नमाज अदा कराई। सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। ग्रामीण क्षेत्र के बेरी, लहरा, शिवनी, कुतुबपुर, खरौंज गांव में इमाम पेशों ने मस्जिद में बकरीद की नमाज अदा कराई।

## आखिर कब तक दर्द देते रहेंगे सड़क के गड्ढे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- फूलमती देवी मंदिर से आधा किलोमीटर मार्ग बदहाल

**अमृत विचार।** समय-समय पर प्रदेश सरकार द्वारा गड्ढामुक्त सड़कों का फरमान जारी किया जाता है। इसके बाद गड्ढे भरने की कवायद भी होती है। बावजूद इसके सड़कों की दुर्दशा कम होने का नाम नहीं लेती है। इसकी बानगी है नगर के फूलमती देवी मंदिर से लाखन तिराहा को जाने वाली सड़क जिस पर बेशुमार गड्ढे लोगों को लंबे समय से दर्द दे रहे हैं। हालांकि पालिकाध्यक्ष की तरफ से इसके समेत पांच सड़कों के टेंडर की बात कही जा रही है लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हो सका है।

मोहल्ला अजय पाल स्थित बड़ा बाजार शहर की मुख्य बाजार है। यहां मोहल्ला पठकाना, ग्वालमैदान, मकरंदनगर समेत तमाम मोहल्लों के लोग खरीदारी करने आते हैं। मकरंदनगर तिराहे से लाखन तिराहे तक सीधी सड़क गई है। काफी समय पहले यह सीसी सड़क बनाई गई थी। यह फूलमती देवी मंदिर तक तो रास्ता फिर भी ठीक है। इसके आगे जाना हो तो किसी भी वाहन सवार को सोचना पड़ जाता है। लगभग आधा किमी. का रास्ता इतना गड्ढेदार है कि दोपहिया वाहन सवारों को तो भगवान याद आ जाते हैं। जो भी इस सड़क से निकलता है पालिका प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों को कोसता नजर आता है। हालांकि बड़ी-बड़ी गाड़ियों से निकलने वाले वीआईपी और आलाधिकारियों को इन गड्ढों का दर्द महसूस नहीं होता है। सड़क की यह हालत अभी से नहीं कई साल से है। सोमवार को बकरीद का त्योहार था तो आवागमन अन्य दिनों के सापेक्ष कम ही था लेकिन फिर भी जो लोग यहां से गुजर रहे थे वे कराह रहे थे। दोपहिया वाहन से चलने वालों के लिए तो यह गड्ढे रीढ़ संबंधी समस्याएं खड़ी कर रहे हैं। इस संबंध में पालिकाध्यक्ष कौसरजहां अंसारी के प्रतिनिधि हाजी मोहम्मद रईस का कहना है कि इस सड़क समेत पांच मार्गों के निर्माण के टेंडर हो चुके हैं। चूंकि आम चुनाव की आचार संहिता लगी थी इसलिए काम शुरू नहीं हो सके। अब शीघ्र ही काम शुरू कराते हुए सड़कों का स्वरूप संवारा जाएगा। अब ज्यादा दिन तक समस्या नहीं रहेगी। हालांकि वह यह नहीं बता सके कि कब तक काम शुरू होगा।


बकरीद की नमाज अदा करते नमाजी। अमृत विचार


गले मिलते नन्हे-मुन्ने बच्चे।


ईदगाह का निरीक्षण करतीं डीएम सी इंदुमती व एसपी उदय शंकर सिंह। अमृत विचार


नमाज के बाद शहर काजी को बुके भेंट करते सांसद नरेश उत्तम पटेल। अमृत विचार

# नमाज अदाकर मुल्क की सलामती को उठे हजारों हाथ

## पूरे उत्साह के साथ जिले में मनाया गया ईद-उल-अजहा पर्व, सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर रहीं पुलिस जवानों की पैनी निगाहें

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शांतिपूर्ण माहौल में सोमवार को पूरे जिले में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व मनाया गया। ईदगाह में नमाज अदा करते हुए शहर व मुल्क में अमन भाईचारे की सलामती के लिए दुआ को हजारों हाथ एक साथ उठे। लोगों ने एक दूसरे को गले लगकर बकरीद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद घरों में कुर्बानियों का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। ईदगाह में आलाधिकारियों समेत नगर पालिका प्रशासन ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

बकरीद की नमाज और कुर्बानी करने को लेकर सुबह से ही घरों में रौनक दिखाई दी। बच्चों के साथ लोग कुर्ता पायजाम आदि पहनकर ईदगाह पहुंचे और वहां पर लोगों ने नमाज अदा की। यहां के अलावा शहर व ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में भी बकरीद की नमाज अदा की गई। ईदगाह में शहरकाजी सईदुल इस्लाम अब्दुल्ला ने नमाज अदा कराई। वहीं लगे मेले में बच्चों ने खिलौनों के लिए बड़ों से रीझते हुए अपने मनपसंद खिलौने व अन्य चीजें खरीदी। पर्व को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसी तरह से खागा, हथगाम, बिंदकी, हसवां, शाह, गाजीपुर, बहुआ, मलवां, हुसेनगंज, सुल्तानपुर घोष आदि क्षेत्रों में भी शांतिपूर्वक पर्व सम्पन्न हुआ। बकरीद की नमाज पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। सांसद नरेश उत्तम पटेल, सदर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी, पालिकाध्यक्ष राजकुमार मौर्य, डीएम सी इंदुमती, एसपी उदय शंकर सिंह, एडीएम, एएसपी समेत अन्य अधिकारियों ने ईदगाह पहुंचे। नमाज बाद अफसरों ने लोगों को बकरीद की मुबारकबाद दी। सभी ने मिलजुल कर पर्व की खुशियों को साझा किया।

### पूरे समय जायजा लेते रहे डीएम और एसपी

कानून एवं शांति व्यवस्था के तहत डीएम सी इंदुमती व एसपी उदय शंकर ने संयुक्त रूप से भ्रमणशील रहकर ईदगाह रेडइया आबूनगर, तुराबली का पुरवा, काली मस्जिद पुलिस चौकी के बगल आबूनगर, जामा मस्जिद जीटी रोड आबूनगर, चुंगी के पास, टीले वाली मस्जिद इमामगंज, नूरी मस्जिद मुराइन टोला, मुचियाना मस्जिद पनी, लल्लू मिया कोठी अमरजाई, चांद शाह तकिया पनी, नूरी मस्जिद कबाड़ी मार्केट, जामा मस्जिद कोतवाली के पास आदि मस्जिदों का जायजा लिया।

### शान्ति पूर्वक पढ़ी गई नमाज

औंग। सोमवार को थाना क्षेत्र के औंग, गोधरौली, खदरा, सादीपुर, छिवली आदि जगहों में शांतिपूर्वक बकरीद मनाई गई। थानाध्यक्ष कांति सिंह के अनुसार सभी जगहों पर सुरक्षा की दृष्टि से नमाज के समय पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई थी।

### मेले में खूब बिके खिलौने

ईदगाह में बकरीद की नमाज पढ़कर नमाजी निकले तो बच्चों ने जमकर खेल खिलौनों की खरीददारी की। बच्चों ने खानपान की सामग्री भी खरीदी और पर्व की खुशियां मनाई।

### बिंदकी में पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में अदा हुई नमाज

**बिंदकी।** पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बकरीद के त्योहार की नमाज अदा की गई शहर काजी ने नमाज अदा कराई जिसमें मुल्क के सलामत की दुआ मांगी इस मौके पर उप जिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी इंस्पेक्टर मौजूद रहे। इसके अलावा राजनीतिक लोग भी मौजूद रहे। नगर व क्षेत्र में बकरीद का त्योहार बड़े हर्ष तथा उल्लास व परंपरागत ढंग से मनाया गया। नगर के मुगल रोड स्थित विद्युत पावर हाउस के सामने ईद का मैदान में सुबह करीब सात बजे से बकरीद की नमाज अदा कराई गई। शहर काजी रजा कादरी ने नमाज अदा कराई नमाज अदा करने के दौरान मुल्क के सलामत की दुआ मांगी और आपसी भाईचारा प्रेम बनाने पर बल दिया गया। बकरीद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की बधाइयां भी दी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अभिनित कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार दुबे, कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। वहीं नगर पालिका पर परिषद द्वारा ठंडा पानी तथा मीठा शरबत का इंतजाम किया गया था। इस मौके पर सपा नेता गणेश वर्मा, अनीश डायमंड, अकरम, गुड्डू, संदीप गुप्ता, रफातत, मोहम्मद ताज, मोहम्मद इम्तियाज़ खान, शोएब खान, यूनुस खान, सुनीता गुप्ता, महगू निषाद, पप्पू अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नमाज के बाद चला सेवइयों का दौर

लोग पर्व पर एक दूसरे से मिलने के लिए घर पहुंचे, जहां लजीज सेवइयों के साथ अन्य पकवान परोस कर लोगों ने मेहमान नवाजी की। बिरयानी से लेकर कोरमा, कबाब आदि बनाए गए। लोगों ने घरों पर पहुंचकर पकवानों का लुत्फ उठाया। वहीं एक दूसरे के घरों में आने-जाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

### अमन-चैन की मांगी दुआएं

**धाता।** पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मुस्लिम धर्म के लोगों ने बकरीद की नमाज अदा की गई। नगर काजी हाफिज युनुस रज़ा कादरी ने नमाज अदा कराई। जिसमें मुल्क मे अमन चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर थाना अध्यक्ष वृंदावन राय मय फोर्स के साथ मौजूद रहे। नगर व क्षेत्र में बकरीद का त्योहार बड़े हर्ष तथा उल्लास व परंपरागत ढंग से मनाया गया नगर के भाटा बाईपास धाता खागा बाईपास स्थित ईदगाह में सुबह साढ़े सात बजे बकरीद की नमाज अदा कराई गई। शहर काजी युनुस रजा कादरी ने नमाज अदा करने के बाद मुल्क के सलामत की दुआ मांगी और आपसी भाईचारा प्रेम बनाने पर बल दिया गया। बकरीद की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इस मौके पर हाफिज असीरुद्दीन, इरशाद, नन्हे, पप्पू बिलाल, अशफाक अहमद, आदिल, ताहा आदि लोग मौजूद रहे।


नमाज के बाद खिलौनों की खरीदारी करते बच्चे। अमृत विचार

## एक नजर

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सोमवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** ललौली पुलिस ने ब्राह्मनपुर निवासी सोनू उर्फ संठा पुत्र नत्थू के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### 30 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सोमवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 30 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 14 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# जिला अस्पताल में भी जेनरिक दवाओं का टोटा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शासन ने सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला संयुक्त अस्पताल में दो जन औषधि केंद्र खोले थे। कंपनी की ब्रांडेड दवाओं की अपेक्षा सस्ते दामों में मिलने वाली जेनरिक दवाओं का टोटा है।

जिला पुरुष अस्पताल व जिला महिला अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों के मेडिकल स्टोर पहले जैसे अब नहीं रहे। तमाम मौसमी बीमारी या रोजाना प्रयोग होने वाली दवाओं की भी उपलब्धता नहीं है।

बता दें कि मौजूदा समय में केन्द्रों में करीब 11 सौ प्रकार की दवाओं की उपलब्धता है लेकिन करीब सौ प्रकार की दवाएं ऐसी हैं जो केन्द्रों में नहीं मिल पा रही है। दवाओं की पर्याप्त सप्लाई न होने के पीछे का कारण है दूसरे देशों से कच्चे माल का न मिल पाना। केन्द्रों में दवा न मिलने पर मजबूरी में बाहर से दवा लेनी पड़ रही है। टेबलेट, कैप्सूल, ट्यूब, सिरप के माध्यम से जनता तक पहुंचाने वाली दवाओं की उपलब्धता न होने से मरीज परेशान हो रहे है। यह हालात आज के नहीं बल्कि चार महीने से हैं।

> दूसरे देशों से कच्चे माल की सप्लाई न होने से दवाओं की कमी चल रही है। डिपो से भी दवाओं को भेजने में लापरवाही की जा रही है। बड़ी संख्या में दवाएं हैं लेकिन कई जरूरी दवाओं की कमी पिछले चार महीने से चली आ रही है।
>
> -डॉ. पीके सिंह

# सीएचसी और पीएचसी को भी मुख्यालय से मिलेगी ऑक्सीजन

- दो महीने बाद प्लांट शुरू होने का किया जा रहा दावा
- 60 लाख रुपये की लागत से तैयार हो रहा है प्लांट

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** कोरोना काल के दौरान ऑक्सीजन की कमी से तमाम लोगों ने अपनी जान गंवाई लेकिन अब ऐसा न हो, इसलिए जिले में पहला लिक्विड आक्सीजन प्लांट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। यह लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट जिला अस्पताल परिसर में लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग करीब 60 लाख रुपये की लागत से जिला अस्पताल परिसर में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने का काम शुरू कर दिया गया है। दावा है कि दो महीने में काम पूरा किया जाएगा। इस लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट पर 10 हजार लीटर का एक टैंक लगाया गया है। टैंक में ऑक्सीजन खत्म होने पर अस्पताल प्रबंधन इंडस्ट्रीज कंपनियों से टैंकर मंगवाकर टैंक में स्टोर करवाएगा।


मुख्यालय में स्थापित हो रहा है ऑक्सीजन प्लांट। अमृत विचार

### कोरोना काल में खूब हुई थी भागदौड़

कोरोना की दूसरी लहर में जिला अस्पताल में मौजूद ऑक्सीजन सिलेंडर खाली होने पर मलवां तक की दौड़ लगानी पड़ी। सीएचसी पीएचसी से लेकर प्राइवेट अस्पतालों ने भी मलवां स्थित प्लांट में जाकर ऑक्सीजन भरवाई लेकिन अब परेशानी नहीं होगी।

**सिलेंडर भी हो सकेंगे रीफिल:** इस प्लांट से सिलेंडर भी रीफिल किए जा सकेंगे। इस प्लांट के शुरू होने के बाद जिले भर में ऑक्सीजन का संकट दूर हो जाएगा। वहीं सबसे बड़ी राहत सिलेंडर रीफिल के लिए मिलेगी। जिला अस्पताल के साथ ही जिले की सीएचसी व पीएचसी को भी सिलेंडर रीफिल करवाने के लिए अब दूसरे जिलों में नहीं जाना पड़ेगा। जिला मुख्यालय पर ही सिलेंडर रिफिल हो सकेंगे।

### प्लांट में बिजली की नहीं होगी जरूरत

प्लांट की सबसे बड़ी खास बात यह है कि इस प्लांट में बिजली की जरूरत नहीं पड़ेगी। बिना बिजली के प्लांट से बेड तक ऑक्सीजन पहुंचाई जाएगी। ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट में बिजली की जरूरत रहती है, लेकिन इस प्लांट में बिजली की जरूरत नहीं रहेगी। प्लांट के पास एक वेपोराइजर मशीन लगाई जाएगी। जो टैंक से ऑक्सीजन को बिना बिजली बेड तक पहुंचाएगी। इससे बिजली कटौती के दौरान ऑक्सीजन सप्लाई बाधित होने वाली समस्या से छुटकारा मिलेगा।

### 99 फीसदी होगी ऑक्सीजन की शुद्धता

लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट से एयर सेपरेशन की मदद से प्लांट से हवा को ऑक्सीजन से अलग किया जाता है। ऑक्सीजन बनाने के लिए हवा को कंप्रेश किया जाता है। इसके बाद फिल्टर कर अन्य गैस और अशुद्धियों को अलग किया जाता है। ऑक्सीजन के लिक्विड फार्म में बदलने पर उसे स्टोर कर लिया जाता है। सेपरेशन के बाद स्टोर होने वाली ऑक्सीजन की शुद्धता 99 फीसदी तक हो जाती है।

> पहला लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन को जिम्मा मिला है। शासन की ओर से बजट स्वीकृत होने के बाद दो महीने में प्लांट को शुरू करा दिया जाएगा।
>
> -डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

# परेशानी: सामुदायिक शौचालय में लटका रहता है ताला

संवाददाता अमौली फतेहपुर

**अमृत विचार।** अमौली विकास खण्ड के चांदपुर गांव में बने सामुदायिक शौचालय केंद्र को लेकर गांव के ग्रामीणों ने तैनात कर्मचारियों एवं जिम्मेदार लापरवाह अफसरों के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया है की हमारे गांव में जब से सामुदायिक शौचालय बना है तब से लेकर आज तक समय से न खुलता है और न ही तैनात कर्मचारी वहां ड्यूटी देते है।

राहगीरों को अचानक शौचक्रिया को जाना पड़ता है तो ताला लगा होने के कारण मजबूरन बाहर का सहारा लेते हैं। शौचालय की सुविधाएं न मिलने से ग्रामीण हमेशा परेशान रहते हैं। जब कि सामुदायिक शौचालय में एक केयर टेकर की नियुक्ति भी की गयी है। जिसकी जिम्मेदारी साफ सफाई से लेकर समय से खोलने की रहती है जो ग्राम प्रधान और सचिव के कारखास बने होने के कारण घर बैठे वेतन उठा रहे है।

सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत आने वाली इन सुविधाओं का लाभ अभी भी गांव वासियों को नही मिल पा रहा है। इसकी मुख्य वजह विकास खण्ड में तैनात ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों सहित सचिव की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को किसी भी सुविधा का लाभ नही मिल पा रहा है सचिव ब्लॉक में ही बैठकर कागजी घोड़ा दौड़ाकर कागजो में सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है। जब की ग्रामीणों ने सामुदायिक शौचालय समय से न खुलने व देख रेख की इसकी शिकायत ब्लॉक स्तर तक की है। इसके बावजूद भी जिम्मेदारों ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया है।



सामुदायिक शौचालय में लटकते ताले।

# भाकियू टिकैत गुट के प्रदेश महासचिव बने रामदत्त मिश्रा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** आरपीआई किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामदत्त मिश्रा ने आरपीआई से इस्तीफा देकर भारतीय किसान यूनियन का दामन थामा है। इस दौरान राष्ट्रीय चिंतन शिविर हरिद्वार में देश भर के किसान एकत्रित हुए। 17 जून को राष्ट्रीय चिंतन शिविर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा से वार्ता करके जनपद के वरिष्ठ किसान नेता रामदत्त मिश्रा को घर वापसी करा कर प्रदेश महासचिव की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी।

वहीं राष्ट्रीय मंच से उनके नाम की घोषणा किया। इस दौरान मौजूद तमाम किसान नेताओं ने प्रदेश महासचिव राम दत्त मिश्रा का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## सार-संक्षेप

### युवक से मारपीट पर पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के सैरपुर निवासी रामराज की पत्नी फूलमती ने तहरीर में बताया कि पुत्र संजय को गांव के रामस्वरूप ने अपने दरवाजे बुलाया। धान काटने की मजदूरी का पुत्र पर दबाव बनाने लगा। उसने मजदूरी से मना कर दिया। इसी खुन्नस में रामस्वरूप ने अपने पुत्र अनुपम सिंह संग संजय को डंडे से पीटा। शोर सुनकर बहू चुनकी देवी व रामदुलारी पहुंची। बीच-बचाव में दोनों को लात घूंसो से पीटा। इसके बाद पुत्र के खिलाफ 20 सितंबर को चोरी के आरोप मुकदमा दर्ज कराया। जबकि 17 सितंबर को ही पुलिस ने संजय का मेडिकल परीक्षण कराया था। जहां उसके पैर का ऑपरेशन हुआ। पुलिस ने आरोपी पक्ष की मिलीभगत होने की वजह से कोई सुनवाई नहीं की। पीड़ित ने मामले की सीएम, डीजीपी, एससी-एसटी आयोग से शिकायत की थी। पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई।

**हाय गर्मी** 34 डिग्री रहा न्यूनतम तापमान, नौ बजे से ही चलने लगी हीटवेव, जरूरी काम वाले लोग ही घरों से निकले

# 46 डिग्री तापमान से धधका शहर, बिलबिला उठे लोग

- घरों में दुबके रहे लोग सड़कों और बाजारों में छा गया सन्नाटा
- रात में भी लोगों को नहीं मिली राहत

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** इस बार की गर्मी में मई की 28 तारीख सबसे गर्म दिन रहा था, ठीक उसी तरह एक बार फिर से सोमवार का तापमान पिछले दो दिन की अपेक्षा दो डिग्री बढ़कर 46 डिग्री तक पहुंच गया, जिससे दोआबा एक बार फिर से तप उठा। इस बार की गर्मी ने कई सालों के रिकार्ड तोड़ डाले। मई के आखिरी दिनों में तापमान 48 डिग्री तक दर्ज किया जा चुका है। यही नहीं न्यूनतम तापमान 34 डिग्री से अधिक होने से रात भी सुलग उठी। जिससे दिन रात लोगों के बेचैनी में कटे। वहीं छह घंटे शहर का पारा 44 डिग्री से ऊपर रहा।

गुजरे कई वर्षों पर गौर करें तो 17 जून सबसे गर्म रहा। सोमवार को अधिकतम पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि रात का पारा 34 डिग्री होने की वजह से लोग परेशान रहे। बीते साल 16 जून को अधिकतम ताप 42 डिग्री दर्ज किया गया था। जो गुजरे नौ सालों में सबसे अधिक रहा था। सोमवार को सुबह 5.24 बजे सूर्योदय हुआ। उस वक्त अधिकतम ताप 32 डिग्री था।

फिर घंटे-दर-घंटे सूरज की तपिश बढ़ती गई। 10.30 बजते ही हीट वेव कहर ढाने लगी। लिहाजा, जरूरी काम से बचाव के साथ लोग निकले। 12.30 बजते ही अधिकतम पारा 44 डिग्री पर पहुंच गया। जो शाम ढाई बजे बढ़कर 46 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। साढ़े चार बजे तक गर्मी एक ही स्थिति में रहीं। हालांकि बादल मामूली झपके लेकिन, गर्माहट की लहर ने तंग गलियों से लेकर पॉश कॉलोनियों की सड़कों, बाजारों, प्रमुख स्थानों, सार्वजनिक जगहों पर सन्नाटा खिंचा रहा।

शाम 7.07 बजे सूर्यास्त हुआ। लेकिन, गर्माहट पूरे चरम पर रही। देर रात तक गर्म हवाओं की लहर महसूस की गईं। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में हीट वेव असरदार रहेगी। जिससे अधिक गर्मी महसूस होगी। इन दिनों में रात का तापमान भी बढ़ने की संभावना है।


मुंह ढककर जातीं स्कूटी सवार युवतियां। अमृत विचार

### रात भर ट्रिपिंग करती रही बिजली

एक तरफ रविवार-सोमवार की रात का तापमान 34 डिग्री से ऊपर था तो दूसरी तरफ बत्ती ने भी खूब झटके दिए। आवास विकास, हरिहरगंज, नउवाबाग, पत्थरकटा, शादीपुर और आबूनगर सहित अन्य इलाकों की बत्ती रात भर आती-जाती रही। जिससे रात भर लोग बेचैन रहे। वहीं सोमवार को दिन में लोगों के मकान व घर भट्ठी की तरह भभक उठे।

### कभी नहीं पड़ी इतनी गर्मी

गुजरे, आठ सालों में गौर करें तो 16 जून को कभी भी इतनी गर्मी नहीं पड़ी। साल 2023 में पारा 42 तो 2020 में पारा 41 डिग्री पहुंचा था। जबकि 2017 व 18 में इस तारीख को ताप 40 डिग्री ही दर्ज किया गया था। इसके पहले इस तारीख को पारे का पैमाने 37 से 39 डिग्री ही रहा।

### इन बातों का सभी लोग रखें विशेष ख्याल

शरीर में पानी और नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह वालों को लू लगने की आशंका अधिक रहती है। इस समय डाययूरेटिक, एंटीस्टिमिनिक, मानसिक रोग की कुछ औषधियां अवश्य साथ रखें। चिकित्सकों ने हीट स्ट्रोक के लक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि गर्म लाल शुष्क त्वचा होना, पसीना न आना, तेज पल्स, उथले श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन भ्रम की स्थिति, सिरदर्द मितली थकान और कमजोरी होना चक्कर, मूत्र न होना इसके लक्षण हैं। इससे बचाव को प्रचार माध्यमों की चेतावनी पर ध्यान दें। अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो तब भी पानी पीते रहें। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के कपड़े पहनें, धूप के चश्मे छाता टोपी व चप्पल का प्रयोग करें, अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर चेहरा हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें।

# हाईवे के अधिकारियों ने कुआं निर्माण का दिया आश्वासन

**औंग फतेहपुर।** सोमवार को तपती दोपहरी में नेशनल हाईवे के अधिकारी ग्रामीणों की शिकायत पर डेढ़ सौ साल पुराने पक्का कुआं की जांच करने पहुंचे। इस भीषण गर्मी सिर्फ फोन करके एक शिकायतकर्ता रोहित द्विवेदी को अधिकारियों ने बुलाया और मात्र पांच मिनट में जांच की और कहा कि जल्द ही इस कुएं का कायाकल्प किया जाएगा। तहसील बिन्दकी के नेशनल हाईवे स्थित प्रयागराज से कानपुर की ओर बाईं दिशा चौराहे का डेढ़ सौ वर्ष से भी अधिक पुराना पक्का कुआं को हाईवे की अनदेखी तथा चारों तरफ हुए अतिक्रमण ने बर्बाद करके रख दिया है। इस कुआं को बर्बाद करने में प्रथम दृष्टया नेशनल हाईवे तथा इसकी कार्यदाई संस्था पीएनसी है। साथ ही हाईवे का लैंडिंग मैनेजमेंट व राजस्व विभाग तहसील बिन्दकी की भी भूमिका कुछ कम नहीं रही है। जैसे ही रोहित द्विवेदी ने साकिर हुसैन, जियालाल बाबा, आदि को बुलाना चाहा तब तक जल्दी कुआं बनाने की बात कहकर खिसक गए।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# नमाज अदा कर दी कुर्बानी, मांगी अमन और चैन की दुआ


## गले मिलकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद, मस्जिद और ईदगाह पर रही कड़ी सुरक्षा, डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जिले भर में सोमवार को ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया गया। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने कुर्बानी देकर देश में अमन, चैन की दुआ मांगी। इधर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम और एसपी ने मौके पर जाकर व्यवस्थाएं परखीं। प्रशासन के निर्देश के बाद सड़कों पर किसी भी जगह नमाज नहीं पढ़ी गई। त्योहार को देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। जबकि ईदगाह पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक ईरज रजा की देखरेख में मोहम्मद मियां ने 8 बजे नमाज अदा कराई। नमाज अता होने के बाद ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब अंसारी ने डीएम व एसपी को गुलदस्ता भेंट कर बकरीद की मुबारकबाद दी। पुलिस प्रशासन ने नमाज को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए। वहीं बच्चों के साथ बड़ों ने एक दूसरे को गले लगकर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। रमजान के करीब 68 दिन बाद बकरीद का यह त्योहार मनाया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोग इसे फर्ज-ए-कुर्बानी का दिन मानते हैं। ईद-उल-अजहा पर नमाज अदा करने के बाद जानवरों की कुर्बानी दी जाती है। जालौन के अलग-अलग क्षेत्रों में लगभग 110 जगह पर नमाज पढ़ी गई। इसके बाद कुर्बानी का दौर चला। जिले के संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए। शहर काजी शकील बेग रहमानी का कहना है कि यह कुर्बानी का त्योहार है जो कि तीन दिनों तक चलता रहेगा। वहीं जिला प्रशासन ने सभी लोगों से इस त्योहार को शांतिपूर्वक मनाए जाने की अपील की है। बता दें कि बकरीद को लेकर पूरे जालौन में धारा 144 लागू की गई है साथ ही अलर्ट घोषित है। डीएम ने लोगों से अपील की कि कुर्बानी के दौरान अपशिष्ट को यहां-वहां न फेंके, इसके लिए नगर पालिका द्वारा अलग-अलग जगह इंतजाम किए गए। इसी क्रम में बजरिया रोड जामा मस्जिद में मौलाना लईक ने 7 बजकर 30 मिनट पर नमाज अदा कराई। पीरों वाली मस्जिद में मौलाना बिलाल मुईन ने नमाज अदा करवाई।


डीएम, एसपी को गुलदस्ता भेंट करते ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब अंसारी।


सांसद को गुलदस्ता भेंट करते ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष व अन्य।


नमाज अदा कराते मौलाना।

### अधिकारियों ने परखीं व्यवस्थाएं

**कालपी।** सोमवार को बकरीद के पर्व को लेकर पुलिस विभाग तथा प्रशासन अलर्ट रहा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज रजा ने कालपी नगर में शाही ईदगाह तथा मस्जिदों का भ्रमण किया। इस दौरान डीएम, एसपी ने नागरिकों को ईद की मुबारकबाद दी। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, एसएसआई राजेश कुमार सिंह के अलावा पुलिस प्रशासन के अधिकारी व जवान तथा खूफिया विभाग के श्रवण कुमार पटेल, जितेंद्र सिंह आदि चप्पे-चप्पे में तैनात रहे।

### सांसद ने ईदगाह पहुंचकर दी मुबारकबाद

◆ **जालौन।** सोमवार को बकरीद के त्योहार पर नवनिर्वाचित सांसद नारायणदास अहिरवार ने सपा नेताओं के साथ रामनगर ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को को ईद -उल-अजहा की मुबारकबाद दी और गले मिलकर बधाई दी। ईद-उल-अजहा के पर्व पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर के निर्देशानुसार जिले की सभी ईदगाहों व मस्जिदों में समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने पंडाल लगाकर नमाजियों को शरबत पिलाया और गले मिलकर मुबारकबाद दी। वहीं जिला मुख्यालय उरई में राम नगर स्थित ईदगाह पर जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, सांसद नारायण दास अहिरवार, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया, अतर सिंह राठौर, वीरेंद्र सिंह यादव, महेश सर द्विवेदी, नत्थू सिंह कुशवाहा, महेशचंद्र विश्वकर्मा, वेद प्रकाश यादव, महेशचंद्र शिरोमणि, संजीव रेड्डी, महेंद्र कठेरिया, सुरेंद्र यादव, शैलेंद्र श्रीवास, देवेंद्र चौधरी, अनिल यादव आदि समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों के गले मिलकर मुबारकबाद दी।

● जिले भर में सोमवार को ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया गया

### शाही ईदगाह सहित आधा दर्जन मस्जिदों में अदा हुई नमाज

◆ **कालपी।** कुर्बानी, सौहार्द का प्रतीक ईद-उल- जुहा का पर्व कालपी में परंपरागत रूप से मनाया गया। नगर की शाही ईदगाह सहित आधा दर्जन मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। लोग नए-नए परिधान पहनकर शाही ईदगाह व मस्जिदों में गए और नमाज अदा की। मुड़िया गुंबद मस्जिद में इमाम हाफिज रजा ने पौने 7 बजे, खजूर मस्जिद दमदमा में कारी अब्दुल समी ने सुबह 7 बजे, खानकाह शरीफ में मौलाना अशरफ अहमद बरकाती ने सुबह 8 बजे बकरीद की नमाज अदा करवाई। खानकाह शरीफ मस्जिद में लगभग 5 हजार नमाजियों ने नमाज अदा की। शाही ईदगाह में मौलाना नजमुल हुदा ने सवा 8 बजे नमाज अदा कराई। मौलाना नजमुल हुदा तथा निवर्तमान इमाम कारी शमशुद्दीन रहमानी ने तकरीर पेश की।

### कुर्बानी के अवशेषों को एमआरएफ सेंटर में कराया निस्तारित

**कालपी (जालौन)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर सोमवार को कुर्बानी के जानवरों के अवशेषों को अलग-अलग स्थानों से पालिका की 11 गाड़ियों से भरकर एमआरएफ सेंटर पहुंचा गया। जहां पालिका कर्मियों ने अवशेषों को जमीन में डालकर निस्तारित किया। विदित हो कि बकरीद के पर्व में अलग-अलग स्थानों में छोटे-बड़े जानवरों की कुर्बानी की गई। अवशेषों को कोई खुले स्थान में न फेंके इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के निर्देशन पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह, सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह, पप्पी यादव के नेतृत्व में 5-5 सफाई कर्मचारियों को अलग-अलग स्थानों में सफाई नायकों के साथ तैनात किया गया। राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह ने बताया कि कुर्बानी के जानवरों के अवशेषों को उठाने के लिए 11 गाड़ियों को अलग-अलग कर्मचारियों के द्वारा अलग-अलग स्थानों में दमदमा, कागजीपुरा, रावगंज, रामगंज, अदल सराय, काली हवेली, हरीगंज, मिर्जामंडी आदि स्थानों से पालिका गाड़ियों से अवशेषों को एकत्रित करके नगर के मोहल्ला राजघाट स्थित एमआरएफ सेंटर में खोदे गए गड्ढे में दफनाया गया।



वाहन लगाकर कुर्बानी के अवशेष एकत्र करते पालिका के कर्मचारी। अमृत विचार

### नमाजियों व राहगीरों को पिलाया शर्बत

**उरई (जालौन)।** मुस्लिम समाज के बकरीद पर्व पर भीषण गर्मी और तपन को देखते हुए भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर औरैया-जालौन रोड पर स्थित कुठौंद में सड़क के किनारे स्टाल लगाकर नमाजियों एवं राहगीरों को शीतल शर्बत पिलाया। शर्बत वितरण शाम तक निरंतर चलता रहा। इस मौके पर चमार महासभा के विपिन कुमार, खेमर सिंह, अनुज कुमार, जितेन्द्र कुमार, मोनू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


राहगीरों को शर्बत पिलाते चमार महासभा के लोग।

# हेड कांस्टेबल की मौत पर परिजनों ने दर्ज कराई हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/ जालौन

**अमृत विचार।** जालौन जनपद के कैलिया थाना की बैरक के अंदर हेड कांस्टेबल का शव मिलने के मामले में परिजनों ने फालोअर व दो हेड सिपाहियों पर पति की हत्या करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद हत्या का मामला दर्ज किया गया।

कन्नौज जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव पदारथपुर के मूल निवासी व हाल निवासी 127/340 जुही बारादेवी कानपुर नगर निवासी हेड सिपाही बीरेंद्र सिंह पाल का शव जालौन जनपद के कैलिया थाने की बैरक में मिला था। एसपी जालौन ने मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण आत्महत्या बताया था। सोमवार को मृतक की पत्नी बबलेश पाल ने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए एसपी कन्नौज अमित कुमार आनन्द को शिकायती पत्र दिया। कहा कि मालखाने के चार्ज को लेकर उसके पति ने दीवान मोसिन खान, दीवान अरविंद कुमार व फालोअर व अन्य लोगों से विवाद की बात 15 जून की रात पुत्र अभिषेक सिंह से फोन पर कही थी। कह रहे थे कि उक्त लोग उसकी हत्या कर सकते हैं। पुत्र ने पिता से कहा कि कुछ नहीं होगा सो जाओ। फोन खुला रखने की भी बात पुत्र ने कही थी। 16 जून की सुबह 4:30 बजे जब फोन लगाया तो बंद था। इस पर अभिषेक ने थाना प्रभारी के सीयूजी नंबर पर फोन कर पिता के वारे में पूछताछ की और अनहोनी की आशंका जाहिर कर उनके आवास पर जाने की बात कही। पुत्र अभिषेक कर कैलिया के लिये निकला। 10 बजे जब वह उरई पहुंचा तो सीओ उरई ने फोन कर पिता की हालत खराब होने की जानकारी दी। जबकि मौके पर मौत हो चुकी थी। अंतिम संस्कार के बाद बसपा के पूर्व राज्य मंत्री सतीश पाल के अलावा मृतक की पत्नी बबलेश पाल, पुत्री नेहा सिंह, पुत्र अभिषेक सिंह व कृष्णा सिंह कन्नौज एसपी से मिले और तहरीर दी। इसके बाद कन्नौज एसपी ने तहरीर जालौन के एसपी को भेजी, जिस पर जालौन जनपद के थाना कैलिया में हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।


कन्नौज एसपी आवास के बाहर खड़े मृतक के परिजन। अमृत विचार

### तहरीर से हटाया गया कैलिया थानाध्यक्ष का नाम

◆ जालौन के कैलिया थाने में दीवान की मौत के मामले में हत्या का आरोप लगाते हुए मृतक सिपाही की पत्नी बबलेश पाल ने दीवान मोसिन खान, दीवान अरविंद कुमार व फालोअर और थानाध्यक्ष राजीव कुमार बैश्य का नाम दिया था। बाद में तहरीर बदलवा कर थानाध्यक्ष का नाम हटवा दिया गया। इसके बाद दूसरी तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## मां-बेटे को पीटा रिपोर्ट दर्ज

**कालपी जालौन।** स्थानीय नगर के मोहल्ला रामचबूतरा में मां-बेटे के साथ मारपीट का कोतवाली कालपी में मामला दर्ज कराया गया है। पीड़िता रिजवाना पत्नी मुकीम निवासी मोहल्ला राम चबूतरा, कस्बा कालपी ने कोतवाली में बताया कि 16 जून शाम को करीब 6 बजे दुकान में पुत्र बैठा था। उसी समय आरोपी सरताज तथा तौसीफ पुत्र रईस निवासी मोहल्ला रामचबूतरा कालपी ने गालियां देकर उसके पुत्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर वह मौके पर पहुंची और बेटे को बचाने लगी तो आरोपियों ने उसे भी पीटा।

## सार-संक्षेप

### संदिग्ध हालात में मिले तीन शव, गर्मी से मौत की आशंका

**जालौन।** होटल में काम करने वाले युवक का शव बंगरा मार्ग पर सुढ़ार पुलिया के पास पड़ा मिला। संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव की पुलिस जांच कर रही है। सोमवार को दोपहर करीब दो बजे बंगरा मार्ग पर सुढ़ार पुलिया के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। आसपास निकल रहे लोगों ने जब पुलिया के पास शव को पड़ा हुआ देखा तो इसकी सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब शव की शिनाख्त कराई तो शव की शिनाख्त कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी परशुराम वर्मा (45) पुत्र श्रीपाल के रूप में हुई। सूचना मिलने पर सीओ रामसिंह भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। अनुमान है कि परशुराम की मौत अधिक शराब पीने या गर्मी के कारण हुई है। इसी तरह कदौरा कस्बे में बीते कई सालो से होटलों इत्यादि में खाना खा कर व रात्रि में किसी दुकान के बाहर सो कर जिंदगी गुजार रहे 50 वर्षीय अर्ध विक्षिप्त व्यक्ति का शव मिला है। होटल संचालक हरिश्चंद्र ने बताया कि कुछ दिन से गर्मी से मृतक बेहाल रहता था जिसका शव दुकान के बाहर पड़ा मिला। इसी तरह से उरई के राम लीला मैदान में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला है, मृतक की शिनाख्त का पुलिस प्रयास कर रही है।

### होटल व गुमटी में लगी आग

**उरई (जालौन)।** कोतवाली उरई क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले नेशनल हाईवे-27 पर एक होटल के पास पंचर बनाने की गुमटी में बीती रात अज्ञात कारणों के चलते अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग बढ़ गई तो होटल में मौजूद लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल को दी। बताया जाता है कि जब तक दमकल के जवान आग को बुझाते तब तक होटल के आगे का हिस्सा भी आग की चपेट में आने से काफी नुकसान हो गया। मौके पर पहुंचे दमकल के जवानों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से गुमटी जल गई।

### कराया जाएगा योगाभ्यास

**कालपी।** नगर के बिहारीजी मंदिर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में घुमंतू-हसंतू क्लब, महिला पतंजलि योग समिति, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, नगर पालिका परिषद के बैनर तले योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा। महिला पतंजलि महामंत्री कालपी योगासन स्पोर्ट जिला जालौन सचिव योग शिक्षिका शारदा मिश्रा (सीमा) एवं उनकी टीम योग योगाभ्यास करवाएगी। इसके अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 10 से 18 साल के बच्चों की योगासन प्रतियोगिता करवाई जाएगी। प्रतिभागी बालक एवं बालिकाएं प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंदिर प्रांगण में 21 जून सुबह 6 बजे तक रजिस्ट्रेशन करवा सकता है।

### सड़क हादसे में चालक व खलासी घायल

**जालौन।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर ओवरटेक करने के चक्कर में पीछे चल रहे डंपर ने आगे चल रहे डंपर को टक्कर मार दी। हादसे में डंपर चालक व परिचालक घायल हो गया है। दोनों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। सोमवार की सुबह बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 218 के पास एक डंपर आगे जा रहा था। उसके पीछे चल रहे डंपर के चालक ने आगे जा रहे डंपर को ओवरटेक करना चाहा। ओवरटेक करते समय चालक डंपर से नियंत्रण खो बैठा और पीछे चल रहे डंपर ने आगे जा रहे डंपर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से डंपर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। डंपर क्षतिग्रस्त होने से डंपर का चालक सुभाष कुमार व परिचालक अमित कुमार निवासीगण फतेहपुर सीकरी घायल हो गए। घायल चालक व परिचालक को बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस वे की एंबुलेंस सेवा से सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# 750 प्रशिक्षार्थियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र कालपी में इस वर्ष विभिन्न ट्रेडों तथा योजनाओं के तहत युवक-युवतियों को ट्रेनिंग देने के लिए सत्र बार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। ताकि प्रशिक्षार्थी अपना-अपना उद्योग स्थापित करके स्वालम्बी बन सकें। यह बात प्रशिक्षण केंद्र प्राचार्य शिशुपाल सिंह गोयल ने कही।

उन्होंने बताया कि लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का प्रशिक्षण कराने के लिए इस वर्ष तैयारियां की जा रही हैं। कहा की माटी कला प्रशिक्षण 15 दिवस तक अलग-अलग सत्रों में चलेगा। अलग-अलग 30 सत्रों में 750 प्रशिक्षार्थियों को ओडीओपी योजना का प्रशिक्षण कराया जाएगा। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत परंपरागत कारीगरों को 10 से 25 लोगों को शामिल किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि कौशल सुधार योजना में परंपरागत कारीगरों को शामिल करके ट्रेनिंग दी जाएगी। इसी प्रकार व्यवहारिक प्रशिक्षण में युवक-युवतियों को अपना व्यवसाय या उद्योग स्थापित करने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

## 6 जुआरी पकड़े 23 हजार बरामद

**जालौन।** छहपुला के आगे हार जीत की बाजी लगा रहे आधा दर्जन व्यक्तियों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 23 हजार रुपये, पांच मोबाइल व ताश की गड्डी बरामद की है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल को सूचना मिली कि बंबी वाले रास्ते पर कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। एसआई गोविंद सक्सेना को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा। वहां जुआ खेल रहे पंकज निवासी बाबई, सुभान निवासी सहावनाका, प्रतीप पुरानी नझाई, इस्तियाक भदरेखी, मुरसलीन खानपुर व अजय निवासी औरैया को पकड़ लिया। जबकि कुछ आरोपी से मौके से भाग निकले।

# 13 ओवरलोड ट्रकों का किया चालान

संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** प्रशासन द्वारा ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को जालौन में टीम ने 13 ओवरलोड ट्रकों का चालान कर उन्हें थाने में खड़ा करवाया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में राठ रोड उरई में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। मौरंग में पानी डालने में लिप्त 3 ट्यूबवेल के कनेक्शन काटे गए। 4 पम्पिंगसेट मशीनों को प्रशासन द्वारा अपने कब्जे में लिया गया। इस दौरान 13 वाहनों के विरुद्ध चालान करते हुए उन्हें थाना डकोर में खड़ा कराया गया। सुरेश कुमार उपजिलाधिकारी, सदर के नेतृत्व में राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, जेके दत्ता, जिला खनिज अधिकारी, आनन्द कुमार, खनिज इंस्पेक्टर, पीडब्ल्यूडी से सतेन्द्र कुमार गंगवार जेई ने कार्रवाई की।


ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करती प्रशासन की टीम। अमृत विचार

कामयाबी | जिले में 4 .25 लाख कार्ड बने, 40,803 मरीजों ने कराया इलाज

# आयुष्मान का लाभ देने में बुंदेलखंड में जालौन अव्वल

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** गरीबों को आयुष्मान कार्ड बनाकर निशुल्क इलाज देने में जालौन बुंदेलखंड में अव्वल है। बुंदेलखंड के छह जिलों झांसी, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, महोबा, चित्रकूट को पीछे छोड़ते हुए जालौन में अबतक 4.25 लाख कार्ड बनाए गए हैं, जिसमें 40,803 मरीजों ने इलाज कराकर इसका लाभ उठाया है। मरीजों ने कार्ड के जरिए डायलिसिस, कैंसर, आर्थो, किडनी, कार्डियो, गायनी, जनरल सर्जरी एवं जनरल मेडिसिन सहित कई गंभीर बीमारियों का निशुल्क इलाज किया जा चुका है। जिले के 1.46 लाख लाभार्थी परिवारों के 6.38 लाख लाभार्थियों में से सवा 4 लाख लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। कार्डधारक न केवल जनपद के पंजीकृत राजकीय और निजी चिकित्सालय में इलाज की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं बल्कि प्रदेश के झांसी, कानपुर, लखनऊ, आगरा, वाराणसी, बरेली जैसे जनपदों में भी जाकर आयुष्मान कार्ड से इलाज करा रहे हैं। इसके साथ ही ग्वालियर और भोपाल के साथ-साथ दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई जैसे बड़े शहरों में भी जालौन के गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीज कार्ड की सहायता से अपना इलाज करवा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना जिला क्रियान्वयन इकाई के सदस्य डॉ आशीष कुमार झा ने बताया कि जिले में अब तक कुल 40,803 मरीजों का इलाज प्रदेश एवं देश के पंजीकृत राजकीय और निजी चिकित्सालय में कराया गया है।


मेडिकल कॉलेज उरई में उपचाररत मरीज। अमृत विचार

### मरीजों को मिला लाभ

| जिला | मरीजों की संख्या |
|---|---|
| जालौन | 40,803 |
| झांसी | 34,856 |
| बांदा | 21,633 |
| हमीरपुर | 17,055 |
| ललितपुर | 16,107 |
| महोबा | 14,935 |
| चित्रकूट | 11,860 |


● डायलिसिस, कैंसर, आर्थो किडनी के ज्यादा आए मरीज

### 5 प्रमुख अस्पताल जहां अधिकांश मरीजों का हुआ इलाज

- कान्हा हॉस्पिटल उरई 6177
- नेत्र ज्योति हॉस्पिटल उरई 3932
- राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई 2282
- कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट 2244
- सीएचसी कदौरा 1297

### सबसे ज्यादा कार्ड बने और इलाज हुआ

मुख्य चिकित्साधिकारी जालौन डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि जिले में 39 चिकित्सालय आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं। जिसमें 32 राजकीय और 7 प्राइवेट हॉस्पिटल है। इनमें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। बुंदेलखंड के सात जिलों में सर्वाधिक मरीजों का आयुष्मान योजना के तहत इलाज किया गया है और सबसे ज्यादा कार्ड भी इसी जिले में बने हैं। 10



# 45 गौशालाओं में शुरू होगा वर्मी कंपोस्ट का काम

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** विकास खंड डकोर के ग्राम पंचायत डकोर में स्थापित गो संरक्षण केंद्र के प्रांगण में निर्मित आरआरसी के कैम्पस में वैज्ञानिक तरीके से वर्मी कम्पोस्टिंग के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला समन्वयक विकास, शशिकांत, विकास खंड डकोर के साथ साथ अन्य विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी, खंड प्रेरक, कंसल्टिंग इंजीनियर भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में वर्मी कम्पोस्टिंग से संबंधित थ्योरी और प्रैक्टिकल विषयों पर द्विपक्षीय वार्ता की गई। गौशाला में पांच वर्मी कम्पोस्टिंग पिट तैयार हैं, जिसमें गोबर और केंचुआ का मिश्रण इसी सप्ताह में डाला जाएगा। इस माह के अंत तक विभिन्न विकास खण्डों की 45 गौशालाओं में वैज्ञानिक तरीके से वर्मीकंपोस्ट का कार्य आरंभ हो जायेगा, इसी के साथ गौशाला पशुओं की छाया हेतु टीन शेड निर्माण हेतु पैमाईश भी की गई जिसका डायमेंशन 100 बाय 40 है। यह कार्य अगले सप्ताह से प्रारंभ हो जायेगा। गौशाला के विद्युतीकरण के लिए विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को ग्राम पंचायत द्वारा प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया है।


कार्यशाला के दौरान वार्ता करते कर्मचारी। अमृत विचार

● कार्यशाला कर थ्योरी और प्रैक्टिकल पर की वार्ता

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयम: ।
अहिंसा गुरुसेवा च नि:श्रेयसकरं परम् ॥

विद्याभ्यास, तपस्या, ज्ञान और इंद्रियों के संयम के माध्यम से विद्या प्राप्त की जा सकती है। अहिंसा और गुरु की सेवा ही सर्वोत्तम कार्य है।

## संपादकीय

# रेलवे सुरक्षा का मुद्दा

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी जिले में सोमवार को न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन के समीप हुई ट्रेन दुर्घटना के बाद भारतीय रेलवे सुरक्षा का मुद्दा जांच के दायरे में आ गया है। इस दुर्घटना ने भारतीय रेलवे प्रणाली के भीतर सुरक्षा उपायों में खामियों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। रेल हादसे में एक मालगाड़ी ने कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के कारण एक्सप्रेस ट्रेन के पिछले के चार डिब्बे और कंटेनर ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गए। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए और घायल हुए। शुरुआती संकेत से पता चलता है कि यह सिग्नल की अनदेखी का मामला है। मानवीय त्रुटियों के परिणामस्वरूप गलत सिग्नलिंग, दोषपूर्ण संचार, अत्यधिक गति अथवा दोषों या खतरों को अनदेखा करने की स्थिति बन सकती है। रेलवे कर्मचारियों में पर्याप्त प्रशिक्षण और संचार कौशल का भी अभाव पाया जाता है, जो उनके प्रदर्शन और समन्वय क्षमता को प्रभावित करता है। मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए रेलवे कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकों, उपकरणों, प्रणालियों, सुरक्षा नियमों और प्रक्रियाओं के संबंध में नियमित एवं व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। इस घटना ने यह सुनिश्चित करने के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया है कि भारतीय रेलवे उन सभी के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद हो जो इसका उपयोग करते हैं। ट्रेन को आपस में टकराने से बचाने के लिए भारत ने स्वदेशी कवच सिस्टम बनाया है। कवच भारतीय उद्योग के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है।

यह कार्यात्मक कवच प्रणालियों से लैस दो इंजनों के बीच टकराव को रोकता है। एक बार सिस्टम सक्रिय हो जाने के बाद पांच किलोमीटर की सीमा के भीतर सभी ट्रेनें आसन्न पटरियों पर ट्रेनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए रुकेंगी। कवच प्रणाली से रेल पटरियों पर ट्रेनों की टक्कर जैसी दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। योजना के अनुसार कवच प्रणाली को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। भारतीय रेलवे विश्व के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क में से एक है, जहां लाखों लोग प्रति दिन परिवहन के लिए इस पर निर्भर करते हैं। हादसे में यात्रियों व रेलकर्मी की मौत ने ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा तंत्रों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। भारतीय रेलवे में सभी स्तरों पर सुरक्षा के महत्व पर जोर देकर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही रेलवे संचालन के हर पहलू में सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी की भावना पैदा करें।

# अनियमितताओं की वेदी पर युवाओं का भविष्य



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में, मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी।

युवा राष्ट्र के मेरुदंड हैं। बीते वर्ष यही युवा वर्ग उत्तराखंड में पेपर लीक प्रकरणों के विरुद्ध मुखर हुआ था, कुछ माह पूर्व यही युवा वर्ग लखनऊ में उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर परीक्षा धांधली के विरोध में अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहा था। ज्यादा समय नहीं बीता है जब यही युवा बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लीक प्रश्नपत्र के लिए भी मुखरित हुआ था। व्यापम घोटाले के सामने आने पर भी यही युवा मुखरित हुआ था और आज फिर से भारत में प्रतिवर्ष सबसे ज्यादा उम्मीदवार जिस परीक्षा में बैठते है उस नीट (यूजी) के संदर्भ में भी यही परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, लेकिन इन सबके बीच एक सकारात्मक बात यह है कि वर्तमान भारत के युवाओं ने प्रतिरोध के रास्तों को बखूबी समझा है और आज का युवा सड़कों में हल्लाबोल और विरोध प्रदर्शन से अधिक अदालती कार्यवाही के माध्यम से न्याय की तरफ आगे बढ़ता दिख रहा है।

देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए। इस परीक्षा का परिणाम वैसे तो 14 जून को प्रस्तावित था लेकिन जब पूरा देश चुनावों के रुझानों को देखने में व्यस्त था उसी समय इस परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणामों में अनियमितताएं देखी गई। विभिन्न उच्च न्यायालयों में अनेक रिट इस संदर्भ में दायर ही चुकी हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित अनियमितताएं देखी जा रही हैं।

नीट के प्रश्न पत्र में 180 प्रश्न होते हैं, जिसमें एक प्रश्न के लिए प्रत्येक सही उत्तर का भार 4 अंक होता है, इसलिए कुल अंक 720 होते हैं। गलत उत्तरों के लिए 4 अंक काट लिए जाते हैं। नीट परीक्षा के परिणाम आने के बाद यह देखने को मिला कि कुछ बच्चों को 720 में से 718 और 719 नंबर मिले हैं जो कि किसी भी तरह संभव नहीं है और इन्हीं पर सवाल उठने के बाद एनटीए ने ग्रेस मार्क्स देने की बात मानी थी। बिना किसी

> देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा एनईईटी-यूजी परीक्षा आयोजित की जाती है। इस वर्ष लगभग 4750 सेंटर्स में 23 लाख बच्चे मेडिकल क्षेत्र में जाने के लिए इस परीक्षा में उपस्थित हुए।

पूर्व सूचना के ग्रेस मार्क्स देने की यह परंपरा अपने आप में ऐतिहासिक थी। अभी तक प्राप्त सूचना अनुसार नीट परीक्षा में बैठने वाले 1563 छात्रों को इस बार ग्रेस मार्क्स मिले हैं। एनटीए पर जब सवाल उठे तो उसने यह माना कि इस बार उसने छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए हैं क्योंकि कई जगह एग्जाम देरी से शुरू हुआ था। जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो एनटीए ने यह मान लिया कि ग्रेस मार्क्स देना गलत था। पहले यह विवाद केवल ग्रेस मार्क्स प्रदान करने तक सीमित था लेकिन बिहार और गुजरात पुलिस ने एक ऐसे घोटाले का खुलासा किया जिसके कारण आज पेपर लीक की संभावनाओं को भी बल मिला है।

तीसरा महत्वपूर्ण बिंदु सेंटर हाईजैकिंग का है। इस वर्ष कुल 67 बच्चों के 720 में से 720 अंक आए हैं। आज तक के मेडिकल परीक्षा के इतिहास में यह पहला ऐसा क्षण है। हरियाणा के बहादुरगढ़ में स्थित हरदयाल पब्लिक स्कूल में 6 बच्चों को 720 में से 720 अंक प्राप्त हुए हैं। ये ऐसे बच्चे हैं जिनको परीक्षा व्यवस्थाओं में कमी के चलते ग्रेस मार्क्स दिए गए। एक ही सेंटर और उसमें भी एक ही कक्षा से इस तरह का परिणाम अप्रत्याशित है वहीं गुजरात के गोधरा के जलाराम स्कूल में नीट का एग्जामिनेशन सेंटर में 30 छात्रों को गलत तरीके से एग्जाम दिलवाने के आरोप सिद्ध होते जा रहे हैं। खास बात यह है कि इस सेंटर में गुजरात के लोकल स्टूडेंट्स के अलावा महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों से भी स्टूडेंट्स आए थे। अपने प्रदेश को छोड़कर गुजरात के गोधरा के इस सेंटर में जाकर परीक्षा देने की बात भी संदेह पैदा करने वाली है। ऐसा नहीं है कि भारत में इस तरह की घटनाएं पहली बार सामने आ रही हैं। अक्टूबर 2014 में, पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट (एचएससी) परीक्षा का भौतिकी का पेपर रद करना पड़ा। बोर्ड ने परीक्षा को बाद की तारीख के लिए पुनर्निर्धारित किया। अप्रैल 2016 में, कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड (केएसईईबी) ने पेपर लीक की रिपोर्ट सामने आने के बाद विज्ञान का पेपर रद कर दिया।

मार्च 2017 में, बड़े पैमाने पर नकल और पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड ने कला, विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम के लिए इंटरमीडिएट परीक्षा रद कर दी। वर्ष 2018 में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की अर्थशास्त्र परीक्षा के दौरान एक पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिससे देश भर में 15 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हुए थे। वर्ष 2019 में, सोशल मीडिया पर प्रश्न पत्र लीक होने के कारण नागालैंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (एनबीएसई) को अंग्रेजी और वैकल्पिक अंग्रेजी के लिए कक्षा 12 की परीक्षा बीच में ही रद करनी पड़ी थी।

प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पूरे देश में रिकार्ड अनियमितताएं देखने को मिलती हैं। वर्ष 2013 में एसएससी पेपर लीक प्रकरण के कारण परीक्षा को ही निरस्त कर दिया गया था। वर्ष 2014 में, मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक की सूचना मिली थी। वर्ष 2015 में, दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड परीक्षा के दौरान पेपर लीक की सूचना मिली थी, जिसके कारण परीक्षा रद कर दी गई और परीक्षा को पुनर्निर्धारित किया गया। वर्ष 2015 में, असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) पेपर लीक प्रकरण सामने आया था। वर्ष 2016 में, नागालैंड सिविल सेवा परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर पेपर लीक हुआ, जिसके कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ और दोबारा परीक्षा की मांग की गई। फरवरी 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों से हिल गया था, विवाद के कारण अंततः परीक्षा रद कर दी गई और पुनर्निर्धारित की गई। सितंबर 2018 में, पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद तेलंगाना राज्य स्तरीय पुलिस भर्ती बोर्ड ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी।

दिसंबर 2018 में ही पेपर लीक की रिपोर्ट के बाद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा रद कर दी। मार्च 2018 में, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने पेपर लीक और ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्ट के बाद संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) की टियर-1 परीक्षा रद कर दी थी।

उत्तराखंड में तो एक पूरी श्रृंखला पेपर लीक प्रकरणों से संबंधित हमारे सामने आई। ऐसे अनेक उद्धरण शोध करने पर हमको अभी और मिल सकते हैं जिन्होंने युवाओं की मानसिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर कुठराघात किया है।

ऐसा नहीं है कि अतीत की प्रश्नपत्र लीक होने वाली घटनाओं से सीख नहीं ली गई है। फिर भी आज वह समय आ गया है कि इस विषय पर जन पटल पर परिचर्चा हो कि परीक्षा केंद्रों को किन आधारों पर संबद्ध किया जाता है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षाकेंद्र संबद्ध हो जाते हैं जहां अलग कमरे में बैठा के पेपर लीक कराया जाता है? किन आधारों पर एक राज्य में प्रतिबंधित एजेंसी को दूसरे राज्य में परीक्षा आयोजित करने की अनुमति मिल जाती है? किन आधारों पर ऐसे परीक्षा केंद्रों को संबद्ध किया जाता है जहां बाहर से परीक्षा देने आए छात्रों के बैग रखने और चिलचिलाती गर्मी में पंखे तक की व्यवस्था नहीं होती?

किन आधारों पर ऐसे केंद्रों को परीक्षा केंद्र बनाया जाता है जहां स्नातक डिग्री के आधार पर परीक्षा दे रहा छात्र कक्षा 5 में पढ़ने वाले बच्चे के टेबल-कुर्सी में बैठकर परीक्षा देता है? 2 घंटे की परीक्षा में जहां दशमलव का भी महत्व होता है वहां इन भौतिक कमियों को आज के समय में तो हम दरकिनार कर ही नहीं सकते। इन प्रश्नों के उत्तर खोजने के क्रम में उत्तरदायी लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो और सीबीआई जांच द्वारा ऐसे कृत्यों के सच को सामने लाया जाए।

## प्रसंगवश

# लड़ाई या परस्पर व्यक्तियों का द्वंद्व

आजकल बड़ी चर्चा है कि आरएसएस भाजपा से नाराज है। हालांकि इस नाराजगी का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण करना होगा कि यह एक संगठन के भीतर आनुषंगिक संगठनों की लड़ाई है या यह व्यक्तियों का परस्पर का द्वंद्व है। दरअसल, नवउदारवादी शक्तियां बड़ी ही होशियार होती हैं। वे आपस में ही प्रतिपक्ष बन जाती हैं और खूब शोरगुल मचाती हैं और इस प्रक्रिया में वास्तविक प्रतिपक्ष को, उसके सवालों को नेपथ्य में धकेल देती हैं। लोगबाग समझते हैं कि देखो, मोदी के अहंकार को कोस रहे हैं। फलां जी, भाजपा को सुधरने की नसीहत दे रहे हैं, अजित पवार जैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों और शिंदे जैसे अवसरवादियों से पींगे बढ़ाने पर भी सर जी बेहद नाराज हैं। और हां, भाजपा के वाशिंग मशीन बनने पर भी नाराजगी जताई है उन्होंने। लो जी, जो सवाल दूसरे लोग उठाते वे घर में ही उठने लगे तो जनता का ध्यान घर के आपसी विवाद पर ही अधिक जाने लगा। परिचर्चा करने वाले पत्रकार बंधुओं को भी मसालों की नई छौंक मिली। यह सवाल अपनी जगह रह गया कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को खुद में शामिल कर उन्हें एजेंसियों से राहत दिलवा देना, बहुधा क्लीन चिट दिलवा देना इस देश की न्याय व्यवस्था और जनता से कितना क्रूर मजाक है। पक्ष और प्रतिपक्ष में क्या तलाशना, घर में ही नायक, प्रतिनायक, खलनायक आदि की पहचान कर लो और माफ कर दो उस घर को।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

कौन नहीं जानता कि आरएसएस, जो कभी सांस्कृतिक सवालों को लेकर आगे बढ़ा था, समय के साथ कॉरपोरेट नेशनलिज्म का पहरुआ बन गया?

जेपी नड्डा ने चुनाव के पहले जो कहा वह भी इसी मनोविज्ञान से प्रेरित है जिसका स्पष्ट लब्बोलुबाब यही था कि मोदी शाह की जोड़ी सक्षम है, हर चुनौती को झेलने के लिए। तब किसी की बोली नहीं फूटी। जब चुनौतियों के सामने यह जोड़ी कुछ निस्तेज नजर आने लगी तो एकबारगी कई स्वर फूटने लगे। राजनीति बड़ी ही उलझी हुई चीज है। वह भी तब, जब यह कारपोरेट शक्तियों की दासी बन जाए और उन शक्तियों के भी आपसी हित भीतर ही भीतर टकराने लग जाएं।

# सरकार के सामने मुख्य चुनौतियां

जनसंख्या विस्फोट से देश के सामने विभिन्न क्षेत्रों में मूलभूत समस्याओं से मुक्ति पाना वर्तमान की सरकारों के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। जनसंख्या विस्फोट के कारण देश में मानवीय गतिविधियों के बढ़ने से पर्यावरण प्रदूषण, जल प्रदूषण, तापमान वृद्धि, बेरोजगारी, मंहगाई आदि समस्यायें प्रतिदिन- प्रतिवर्ष बढ़ते जा रही हैं। जनसंख्या के परिणाम स्वरूप प्राकृतिक संसाधनों के अभाव के साथ कृत्रिम संसाधनों की ओर बढ़ने से देश में विभिन्न समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लगातार प्राकृतिक/खनिज/ भूमि संपदाओं के दोहन से, कृषि योग्य भूमि के कटान से, सीमेंट-डामर आदि के प्रयोग से भौतिक सुविधाओं के निमित्त पेड़-पौधों के कर्तन से लगातार तापमान वृद्धि हो रही है, सशक्त कानून न होने से घर-कार्यालय-गाड़ियों में एयरकंडीशन के बढ़ते प्रयोग से तथा वनों में लगने वाली आग के कारण 50 डिग्री से ऊपर तापमान पहुंच चुका है, सैकड़ों लोग गर्मी की चपेट में आने से अकाल मृत्यु को प्राप्त कर चुके हैं जो चिंताजनक विषय बन चुका है।

तापमान वृद्धि को रोकने के लिए, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण पर सशक्त कानून बनाना, सड़क मार्ग बनाने में कटने वाले पेड़ों के स्थान पर उतने ही पेड़ों का सड़क किनारे पालन पोषण करने के लिए टेंडर जारी करते वक्त ही ठेकेदार या संबंधित विभाग की जिम्मेदारी निश्चित करने के लिए सरकार की गारंटी के अधीन लाना ही होगा।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में अटल आयुष्मान योजना का उचित क्रियान्वयन न होने से निर्धन-



डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

> आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है।

असहाय व्यक्ति अपमानित और शोषित होने की खबरें मिलती रहती हैं जिसके लिए भी संबंधित विभाग को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा एवं समस्या है जिसको हर युवा वर्ग अनुभव करते आया है इसको देखते हुए एवं समान वितरण को बढ़ाने के लिए नव गठित सरकार को विशेष उपाय करने होंगे। आज देश में बढ़ रही आर्थिक असमानता भी भविष्य के लिए एक समस्या के रूप में सामने है।

आज भी देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को यदि प्रति माह राशन देना पड़ रहा है तो यह देश की आत्मनिर्भरता एवं कुशलता का द्योतक नहीं है। निःशुल्क राशन से वह आत्मनिर्भर के स्थान पर पूर्णतः सरकार पर निर्भर हो गया और जिस कारण बंजर पड़ गए खेतों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में बहुत बड़ा नुक़सान होना और व्यापक राजस्व घाटा होना सर्वविदित है। गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के निमित्त कुछ प्रतिमाह धनराशि देना उचित माना जा सकता है।

बिगड़ती हुई अर्थव्यवस्था में राजनेताओं एवं देश के उच्च पदों में पदासीन जनों के विभिन्न भोग विलासितापूर्ण खर्चों को सीमित करना भी सरकार की एक सकारात्मक पहल के साथ अभिनव पहल होनी चाहिए।


किसानों की उत्पादित वस्तुओं के उचित मूल्य प्राप्ति के लिए मजबूत कानून बनाना। सब्जी, फल, अनाज आदि का एमएसपी निर्धारित करना भी नवगठित सरकार की सर्वोच्च भूमिका में होना चाहिए। राजनेताओं को एवं उनके पारिवारिक सदस्यों को मिलने वाली सुविधायें और जितनी बार विधायक-सांसद बने उतनी बार की पेंशन योजना भी इस देश के लिए अभिशाप है इसमें भी मोदी सरकार को कानून बनाना चाहिए और सरकारी कर्मचारियों के बुढ़ापे को देखते हुए पुरानी पेंशन के विषय में भी विचार करना चाहिए।

सरकारी कामों में तथा सांसद-विधायक निधियों के अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए कड़े कानूनों की आवश्यकता है केवल पांच वर्ष में ही एक जनप्रतिनिधि की आय-संपत्ति पचास- सौ गुना बढ़ जाना इस भ्रष्ट तंत्र का परिचायक है। संबंधित जनप्रतिनिधि की अगले पांच वर्षों में सकल आय का परीक्षण होने का कानून भी बनना ही चाहिए। देश में समान शिक्षा विषय स्वतंत्रता के पश्चात् ही चलते आया लेकिन आजतक किसी भी सरकार ने इस सम्बन्ध में प्रयास नहीं किए। 2020 की नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से कुछ आशा की किरणें जग रही थी लेकिन अभी तक केन्द्र/ राज्य सरकारों ने इस विषय में जागरूकता कम ही दिखाई है। देश की जनता को एकमत होकर इन मुद्दों पर जागरूक होना चाहिए।

## सोशल फोरम

# देश का राजनीतिक परिदृश्य

इस समय देश का राजनीतिक परिदृश्य जनता के लिए और जनतंत्र के लिए जितना मुफ़ीद है, मेरे होश संभालने के बाद से उतना कभी नहीं रहा। सभी की ढोल में पोल उजागर हो गई। सभी को सभी के दांव अयां हो गए। बेपेंदी के लोटे, बदनीयत मुद्दे, बेबुनियाद आरोप भूलुंठित हो गए। सभी का फूला हुआ आत्मविश्वास पिचक गया। सभी को लग गया, न बड़बोलापन काम आएगा, न कुल ख़ानदान, न आज़ादी की लड़ाई का श्रेय, न धर्म और जाति का ध्रुवीकरण। अब हर क़दम फूंक-फूंक कर रखना पड़ेगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

लोगों को विरोधियों की ताक़त पर इतना भरोसा और अपनी ताक़त पर इतना संदेह कभी नहीं रहा। अपना-अपना दूषित लक्ष्य पूरा होने का भरोसा किसी को नहीं रहा। भारतीय जनता इतनी होशियार और अबूझ हो सकती है, इसका अंदाज़ा किसी को नहीं रहा। थोड़ा सच और ढेर सारा झूठ मिलाकर, गंभीर से गंभीर आरोप गढ़ने की क़ाबिलियत चारों खाने चित हो गई। सब्र और ज़िम्मेदारी-पूर्ण आलोचना के, जो भारतीय जनतंत्र की शब्दावली से उड़नछू हो गई थी, लौटकर आने की उम्मीद इतनी प्रबल कभी नहीं रही। शीशे की तरह साफ़ हो गया कि विपक्ष के लिए एकजुट होने या ख़त्म हो जाने के बीच कोई तीसरा विकल्प नहीं रह गया।

महान प्राचीन भारत का भव्य और दिव्य और झलमल करता गौरव हमेशा के लिए कांतिविहीन हो गया। सदियों के अन्याय के प्रतिकार का पवित्र सोमरस गड्ढे का पानी साबित हुआ। प्रशासनिक असफलताओं को घोलकर अदृश्य कर देने वाली राजनीतिक पूंजी और गुप्त चुनाव बांड से अर्जित आर्थिक पूंजी की वही दुर्गति हुई जो नोटबंदी के बाद पुराने नोटों की हुई थी।


सबसे बड़ी बात, लोगों को विकल्प का आभास हो गया। विकल्प के अभाव में आदमी कुछ भी कर सकता है। विकल्पहीनता मनुष्य को ही नहीं, जनतंत्र को भी आत्महत्या के कगार तक पहुंचा देती है। आशा, बल्कि विश्वास है कि विकल्पहीनता की इस शवयात्रा के बाद अब नए अंकुर उगेंगे, नए फूल खिलेंगे।

-फेसबुक वॉल से

# हाई-एल्टिट्यूड पर मौत से बचें

तजुर्बाविहीन और नौसिखिये लोग जो एक्सप्लोरर, टूरिस्ट्स और दंभ करने वाले युवा में से कोई भी होते हैं जब हाई एल्टिट्यूड पर बिना तैयारी और मेडिकल एडवाइस के जाते हैं तो ज्यादातर मुसीबत में ही पड़ते देखे गए हैं। तीन से पांच हज़ार मीटर की ऊंचाई पर कोई ख़ास दिक्कत नहीं होती लेकिन जैसे ही 5 हज़ार मीटर से ऊंची जगह पर जाते हैं तब सर दर्द, उल्टी और आधा-शीर्ष में दर्द और दिमाग में धमाके शुरू हो जाते हैं। सबसे बेहतर तो होता है नीचे के एल्टिट्यूड पर व्यक्ति को ले आना। हाई एल्टिट्यूड पर ऑक्सीजन की कमी से हाय्पोपॉक्सिया और एक्यूट माउंटेन सिकनेस होती है। हाइपरटेंशन, डायबिटिक, हृद-वाहिकीय रोग से पीड़ित व्यक्तियों को हाई एल्टिट्यूड पर कभी नहीं जाना चाहिए। हाई एल्टिट्यूड पर जर्नी कैसे की जानी चाहिए, यह समझना महत्वपूर्ण है।

एक ट्रेंड व्यक्ति के लिए ख़ास मुश्किल नहीं होती, लेकिन जब मैदान से उठकर हवाई जहाज या हेलीकाप्टर से सीधा ही चंद घंटे में हाई एल्टिट्यूड पर आते हैं और तुरत बाहर निकलकर घूमना शुरू करते हैं और चढ़ायी भी करते हैं, पैदल ही हैं और बहुत तेज़ी से 15, 20 और 30 किलोमीटर तक 1000-2000 फुट ऊंचाई पर जाने के लिए चढ़ते रहते हैं, जोश में हिम्मत दिखाने के चक्कर में पड़ते हैं तो वास्तव में ही ऐसे शेखीखोर लोग अपनी जान गवां बैठते हैं। नीचे के एल्टिट्यूड पर तो इबुप्रोफेन की 10 एमजी की टेबलेट ही डॉक्टर रेकमेंड करते हैं, लेकिन 4500



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है।

मीटर से अधिक की ऊंचाई पर अनुकूलन की प्रक्रिया (एक्लाइमेटाईजेशन) से गुज़रे बिना ही अगर कोई पैदल घूमना या चढ़ाई करना शुरू कर दे तो भी जान को बहुत ख़तरा होता है। अगर जिद करके कोई चढ़ाई करना चाहे तो अधिसंख्या में ऐसे लोगों की मौत हो सकती है जो अनुकूलन की प्रक्रिया का उल्लंघन करते हैं। दिल्ली या चंडीगढ़ से फ्लाइट लेकर अगर कोई लेह उतरे तो उसे 72 घंटा के लिए रेस्ट पर डाल दिया जाता है ताकि एक्लाईमेटाईजेशन की प्रक्रिया पूरी हो जाए। इसका फिजियोलॉजिकल मैकेनिज्म बहुत पेचीदा है जो कि ऑक्सीजन सप्लाई और हार्ट की कार्य प्रणाली से सीधा जुड़ा हुआ है। इसमें हार्ट-लंग और आर्टेरियल रिसेप्टर्स की महत्वपूर्ण भूमिका है और दवा आदि से इनकी निष्क्रियता को चालू करने या बेढंगी चाल पर नियंत्रण में करने पर बहुत खोजबीन हुई है। 50 वर्ष में हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी विषय पर भारत में ही बहुत शोधकार्य हुआ है। इस शोध क्षेत्र में अधिकांश कार्य का श्रेय प्रोफेसर औतार सिंह पेंटल और इनकी सहयोगी डॉ. असीमा आनंद की जोड़ी को है। इनके शोधकार्य की लिस्ट दिल्ली स्थित डिफेंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजियोलॉजी एंड अलाइड साइंसेज के पिछले बीस साल के काम से भी अधिक है। उक्त शोधकार्य के आधार पर डीआरडीओ ने ऊंचे हिमालय में भारती डिफेन्स फोर्सेज के जवानों और अफसरों के अलावा एन्टार्क्टिक क्षेत्र में स्थापित रिसर्च स्टेशन 'इंदिरा पॉइंट' पर रहने वाले साइंसदानों और तकनीशियन्स के लिए जिस तरह के निवास, वस्त्र, खाद्य सामग्री और अन्य सहायक टेक्नोलॉजीज का विकास और निर्माण किया है वह विश्व स्तर की हैं। यह सब कोल्ड रीजन रिसर्च कहलाता है। इस बाबत रिसर्च के जरिए से प्रोफेसर पेंटल ने ही फेफड़ों में जक्स्टापोज़्ड रिसेप्टर्स (जे-रिसेप्टर्स) को सर्वप्रथम खोज कर इनकी भूमिका को तय किया था। भारत के विख्यात न्यूरो-फिजियोलॉजिस्ट प्रो. औतार सिंह पेंटल ने मुझे सन 1991 के आसपास बताया था कि इस मामले में मैदान के लोगों में जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने बताया था कि हाई एल्टिट्यूड ब्रेन को हार्ट और लंग से खतरे के सिग्नल्स मंद पड़ने की वजह क्या हैं। एट्रीयल-बी और वेंट्रीक्युलर प्रेशर रिसेप्टर्स की भूमिका को डॉ. पेंटल ने ही तय किया और यह पता लगाया कि हाई-एल्टिट्यूड पर मैदान से जाने वाले लोगों को ऐसा क्यों होता है।

आज पूरे हिमालयी क्षेत्र में जहां भी पीजीआईएमएस या एम्स के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज मौजूद हैं उनके डॉक्टर्स को फिजियोलॉजी की पढ़ाई के दौरान हाई एल्टिट्यूड फिजियोलॉजी में डॉ.पेंटल के खोज कार्य से वाकिफियत कराई जाती है। यह सिलेबस का अब हिस्सा है। डॉ. पेंटल ने व्यक्तिगत तौर से इस बाबत बताया था कि गर्दन के दोनों और कैरोटिड आर्टरी की कांस्ट्रिकशन होने से संदेश मस्तिष्क तक नहीं पहुंचता और व्यक्ति की 'सडन डेथ' या कार्डियक अरेस्ट हो जाता है। इसलिए हाई-एल्टिट्यूड पर जाने से पहले जोखिम न लें और तीर्थयात्रा के अधिक चक्कर में न पड़ें। खुद को स्वस्थ समझने वाले व्यक्ति भी सरकारी अस्पताल से फिजियोलॉजी डिपार्टमेंट से अपने शरीर की विभिन्न क्रियाओं की जांच करवाकर, सर्टिफिकेट लेकर ही हाई-एल्टिट्यूड की यात्रा करें। डॉ. पेंटल के मुताबिक पैदल चढ़ाई बिलकुल ही धीमी गति से जैसे कि 3 घंटा में एक किलोमीटर ही करें और बीच में रेस्ट करते हुए चढ़ें। खुद चिकित्सा न करें क्योंकि एक ख़ास ऊंचाई के बाद सर दर्द या आधा सर में दर्द से छुटकारा पाने के लिए बिना डॉक्टरी सलाह के ली गई इबुप्रोफेन या दर्दनिवारक दवा भी घातक हो सकती है। निफेडीपिन तो कभी बिना डॉक्टरी सलाह के लेनी ही नहीं होती क्योंकि एक तो यह शेड्यूल्ड ड्रग है और दूसरा, इसे कार्डियोवैस्कुलर ट्रीटमेंट के लिए सुयोग्य डॉक्टर या सर्जन ही प्रेस्क्रायिब करते हैं।

# बूंद-बूंद को तरसेंगी भावी पीढ़ियां

हमारे देश में असंख्य लोग पेयजल संकट से जूझते हैं। वर्तमान में उत्तर भारत में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और बिहार तथा दक्षिण भारत में तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पानी की किल्लत है। पूर्वी भारत में झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हाल ही में आई एक अध्ययन रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में जल संकट का गंभीर ख़तरा है। वर्ष 2050 तक देश के 50 प्रतिशत से जिलों में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि लोग बूंद-बूंद पानी को तरसेंगे। उस समय तक देश में पानी की मांग में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई है। दशकों से इस समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए गए हैं। अनेक सरकारी और गैरसरकारी प्रयास भी किए गए हैं, किन्तु कोई भी स्थायी व टिकाऊ समाधान नही हो सका है।

जल जीवन मिशन में जमीनी स्तर आने आने वाली पीढ़ी को जलसंकट से बचाने के लिए एक व्यापक जनांदोलन चलाए जाने की आवश्यकता है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूरी क्षमताओं के साथ कोशिश करनी होगी। एक दूसरे पर दोषारोपण किए बिना जन-जन को इन प्रयासों में जुटना होगा। घरेलू स्तर पर पानी के उचित व संयमित उपयोग एवं उद्योगों में पानी का चक्रीय उपयोग जल संरक्षण में सहायक सहायक हो सकता है। इस्तेमाल किए गए पानी को शौचालयों में, बगीचों में अथवा फर्श आदि धोने में उपयोग किया जाए। जल संग्रहण करने के लिए जलाशयों आदि को संरक्षित किया जाए। यदि समय रहते जल संरक्षण के समुचित प्रयास न किए गए तो हम तो जैसे-तैसे अपना काम चला लेंगे लेकिन हमारी भावी पीढ़ियों का क्या होगा? यह कल्पना करना भी भयावह है। वास्तव में हमारी भावी पीढियां बूंद-बूंद पानी को तरसेंगी।

## एक नजर

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**रूरा।** क्षेत्र के एक गांव कीमहिला ने अपनी नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म व गर्भपात की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के आधार पर पुलिस ने पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई थी। सोमवार को इंस्पेक्टर क्राइम सुरजीत सिंह ने मुखबिर की सूचना पर आरोप ईशु को तिगाईं पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

### अनियंत्रित बाइक खंती में गिरी, तीन घायलों में दो रेफर

**सफीपुर।** आसीवन थानाक्षेत्र के उदशाह गांव निवासी गंगा प्रसाद (62) पुत्र धना, राजकुमार (24) पुत्र गुड्डू व आशिफ पुत्र शाकिरअली किसी काम से कस्बा सफीपुर आए थे। यहां से घर जाते समय मियागंज मार्ग पर गौरी गांव के पास हनुमान मंदिर के सामने उनकी बाइक अनियंत्रित होकर खंती में गिर गई। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने गंभीर देख आशिफ व गंगा प्रसाद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दिन में बरसी आग, रात में भी तपन कम नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे पेय पदार्थ पीते लोग। अमृत विचार



गर्मी से राहत देने के लिए शर्बत वितरित करते सेवादार। अमृत विचार

- 46 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा अधिकतम तापमान
- इंसान ही नहीं, भीषण गर्मी से पशु-पक्षी भी रहे बेहाल

**अमृत विचार।** जून माह के मध्य में गर्मी अपने चरम पर है और तापमान लगातार चढ़ता जा रहा है। सुबह से ही आसमान से आग बरसने लगती है। सोमवार को अधिकतम तापमान करीब 46 डिग्री के करीब पहुंच गया, जिससे दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

जिले में भीषण गर्मी से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। पिछले कई दिनों से तापमान 45 डिग्री पार होने की वजह से इंसान ही नहीं, पशु-पक्षी भी बेहाल नजर आने लगे हैं। गर्मी और लू का कहर इस कदर है कि लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं। बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग बाहर निकल रहे हैं। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह रविवार की अपेक्षा 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

हालत यह है कि दिन चढ़ते ही बाजार वीरान हो जा रहे हैं। शाम के बाद ही बाजारों में रौनक लौट रही है। दिन ढलने तक मुख्य सड़कों से लेकर हाईवे पर सन्नाटा रहता है। सोमवार की सुबह नौ बजे से ही गर्म हवा चलने लगी और दोपहर 12 बजे प्रचंड लू ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। यूं कहा जाए तो सुबह से दिन ढलने तक सूर्यदेव आग बरसा रहे हैं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है।

### एसी और कूलर फेल

गर्मी से बचने के लिए लोग एसी, कूलर और पंखे का सहारा ले रहे हैं। लो-वोल्टेज के कारण इन उपकरणों से भी राहत नहीं मिल पा रही है। दोपहर में जरूरी काम से निकले लोग शरीर ढके नजर आते हैं। लोग गमछा, छाता, टोपी का सहारा ले रहे हैं।

### सेवादारों ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**सिकंदरा।** कस्बा के मालवीय नगर में सोमवार को एकादशी पर भीषण गर्मी के चलते सेवादारों ने सुबह से शाम तक ठंडा शर्बत वितरित किया। सैकड़ों की तादात में लोगों ने मीठे और ठंड शर्बत को पीकर राहत की सांस ली। दीपक कुशवाहा ने बताया कि परमार्थ कार्य के लिए गरीब व राहगीरों के लिए ठंडे शर्बत का स्टॉल लगाकर वितरित किया गया है। इस मौके सेवादार सुधींद्र तिवारी, अनिल कुशवाहा, अरविंद पाल, अमित वर्मा, ऐंठन गुप्ता, जितेंद्र, अवनीश तिवारी, रामचंद्र राजपूत, राजकिशोर राठौर, रज्जन पाल ने शर्बत वितरण में सहयोग किया।

# परिषदीय स्कूलों में बनेंगे कब और बुलबुल दल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यालयों में होगी एक-एक यूनिट स्काउड-गाइड

**अमृत विचार।** अब कक्षा एक से पांच तक के विद्यालयों में कब और बुलबुल नाम से दल बनाए जाएंगे। जिसमें 24-24 बच्चे शामिल होंगे। कक्षा छह से आठवीं तक के विद्यालयों में एक-एक यूनिट स्काउड-गाइड होगी। इसमें 32-32 बच्चे शामिल होंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग ने नए शैक्षिक सत्र में इसे बनाने की कवायद शुरू कर दी है। जिले में 1925 परिषदीय व कंपोजिट विद्यालय हैं, इनमें करीब 1.45 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इन छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास करने के साथ नैतिकता, अनुशासन, राष्ट्रीय एकता की भावना सहित चरित्र निर्माण के लिए स्काउटिंग के तहत गुणों का विकास कराया जाता है। अब शासन ने परिषदीय और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्काउटिंग व गाइडिंग को प्रभावी ढंग से चालू करने के निर्देश दिए हैं। कक्षा एक से पांच तक के विद्यालयों में एक-एक यूनिट बनाए जाएंगे। यह दल कब और बुलबुल नाम से होंगे।

इन दोनों दल में 24-24 बच्चे शामिल किए जाएंगे। कक्षा छह से आठवीं के विद्यालयों में एक-एक यूनिट स्काउड व गाइड रहेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि शासन के निर्देश पर विद्यालयों में स्काउट व गाइड को प्रभावी ढंग से चालू कराया जाएगा। कक्षा एक आठवीं तक दल बनाए जाएंगे। इसके लिए सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गए हैं। स्कूल खुलने पर इसकी प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# खेतों की बनेगी आईडी, एक क्लिक पर खाद-पानी की मिलेगी जानकारी

त्रिपुरेश अवस्थी, कानपुर देहात



संदलपुर क्षेत्र में खाली पड़ा खेत। अमृत विचार

- एग्री स्टैक के तहत जिले में हर खेत की आईडी बनेगी और किसान रजिस्ट्री

**अमृत विचार।** किसानों को खेत में किस फसल की बुआई करनी है और किसी फसल में कितना खाद-पानी देना है, इसके लिए एक क्लिक पर ही सारी जानकारी मुहैया होगी। एग्री स्टैक के तहत जिले में हर खेत की आईडी बनेगी और किसान रजिस्ट्री होगी, जिससे केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का पात्र किसानों को लाभ मिल सकेगा।

शासन का पत्र आने के बाद कृषि विभाग जल्द ही अभियान चलाकर किसान रजिस्ट्री का काम कराएगा। जिले में हजारों हेक्टेयर में रबी, खरीफ व जायद फसलों की खेती होती है। करीब सवा तीन लाख पंजीकृत किसान खेतीबाड़ी करते हैं, लेकिन अभिलेखों में तकनीकी दिक्कतों के साथ अन्य कमियों के कारण बड़ी संख्या में किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है।

अब इसके लिए सरकार एग्री स्टैक के तहत किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए विकसित मोबाइल पर सभी गाटों को आधार से लिंक कराया जाएगा। इसमें किसान का नाम, पिता का नाम, सह खातेदार का नाम, गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, ई-केवाईसी सभी रजिस्ट्री में दर्ज होगा। इससे किसानों को आपदा एवं सूखा का आकलन में फायदा मिलेगा। प्रदेश सरकार ने इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया है।

> सरकार ने इसे पायलट प्रोजेक्ट के तहत फर्रुखाबाद में शुरू किया है। किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए जल्द ही जिले में भी अभियान चलाया जाएगा। इसमें कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, राजस्व विभाग के लेखपाल, पंचायत समेत अन्य विभागों के कर्मचारी गांव-गांव जाएंगे।
>
> -डॉ. उमेश कुमार गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी

### योजना से यह होगा लाभ

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि राजस्व विभाग जिस प्रकार स्वामित्व योजना में किसानों को उनके घर, मकान आदि की डिजिटल घरौनी दी जा रही है, उसी तरह अब हर किसान के खेतों का ब्योरा भी डिजिटल फॉर्मेट में दर्ज होगा। इसमें सभी किसानों के हर खेत की एक आईडी बनेगी। इस आईडी के माध्यम से किसानों के खेत का रकबा, मिट्टी का प्रकार और सिंचाई सहित अन्य जरूरी जानकारियां दर्ज होंगी।

# गश खाकर गिरे बुजुर्ग की मौत

**रनियां।** कस्बे के चीटिकपुर चौराहे के समीप 60 वर्षीय बुजुर्ग गर्मी के चलते गश खाकर हाईवे पर गिर पड़ा। पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

रनियां निवासी शशिकांत त्रिवेदी उर्फ बेटन (60) जरूरी काम से चीटिकपुर चौराहे आए थे। घर लौटते समय तेज धूप में गश खाकर हाईवे पर गिर पड़े। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पाकर पहुंचे पुत्र शिवम ने अपने पिता के रूप में उनकी शिनाख्त की।

उधर, मंगलपुर क्षेत्र के सुरासी निवासी विशंभर पांडेय सोमवार की शाम करीब 5 बजे साइकिल से अपने घर जा रहे थे, तभी चौराहे के पास वह गर्मी की वजह से गिरकर अचेत हो गए। निजी अस्पताल में उनकी हालत चिंताजनक बनी है।

# रनियां थाने के सामने सड़क हादसा डीसीएम चालक की चली गई जान

संवाददाता, रनियां



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त दुकान और डीसीएम। अमृत विचार

- टट्टर वाली दुकान को रौंदने के बाद दूसरी लेन पर खड़ी डीसीएम से भिड़ी गाड़ी

**अमृत विचार।** कानपुर की तरफ से आई तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर एक दुकान को रौंदते हुए थाने के सामने हाईवे की दूसरी लेन पर खड़ी डीसीएम में पीछे से भिड़ गई। जिससे डीसीएम चालक केबल में फंस गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा, जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कानपुर नगर के थाना ककवन क्षेत्र के उत्तरीपुरा निवासी रामविलास सिंह सेंगर (40) डीसीएम चालक था। वह रविवार की देर शाम कानपुर के चकरपुर से कोल्ड ड्रिंक डीसीएम में लादकर जनपद औरैया जा रहा था। वह जैसे ही रनियां क्षेत्र के चिटिकपर चौराहे के पास पहुंचा तो डीसीएम अचानक अनियंत्रित हो गई। जिससे डीसीएम हाईवे किनारे बनी एक दुकान को रौंदते हुए रनियां थाना के सामने हाईवे की दूसरी लेन किनारे खराब खड़ी डीसीएम में पीछे से जाकर भिड़ गई। जिससे भिड़ने वाली डीसीएम का चालक केबिन में फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे आनन-फानन जिला अस्पताल ले गई। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी श्यामा सेंगर, पुत्र अरव, पुत्री माही, भाई कैलाश सिंह, अभिलाष सिंह, कौशल आदि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वहीं दुकान में किसी के न होने से बड़ा हादसा टल गया। रनियां थाने के एसआई देवेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रनियां, संवाददाता

- गजनेर रोड पर श्यामपुर गांव के सामने हुआ दर्दनाक हादसा

**अमृत विचार:** रायपुर से गजनेर मार्ग पर सोमवार की सुबह घर से खेतों की ओर बाइक से जा रहे एक युवक को लोडर ने टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

ग्राम पंचायत फत्तेपुर रोशनाई के मजरा अहिरनपुरवा का दुर्गेश (22) पुत्र रामकिशोर सोमवार की सुबह घर से मोटर साइकिल पर खेत की ओर जा रहा था। श्यामपुर गांव के सामने एक तेज रफ्तार लोडर के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से दुर्गेश बाइक से उछलकर सडक पर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर लोडर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी पर घरवाले रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक को कानपुर ले गए, जहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। तीन बहनों के बीच इकलौते पुत्र की मौत पर पिता रामकिशोर, मां कमला देवी, बहनों सन्नो, रेनू, बीनू का रो रोकर बुरा हाल था। कानपुर में युवक की मौत के बाद परिजन शव लेकर वापस गांव लौट आए और रनियां पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया।

# 'पिटारा' से नौनिहालों में बढ़ेगी पढ़ाई की ललक

**नई व्यवस्था**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- आंगनबाड़ी केंद्रों में पुस्तकों के अलावा खेल का सामान भी उपलब्ध कराया गया

**अमृत विचार।** अब आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे खेल-खेल में पढ़ना सीखेंगे। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खेल-खेल पिटारा लर्निंग किट उपलब्ध कराई गई है। इसमें पाठ्य पुस्तक के अलावा खेल के सामान भी उपलब्ध कराए गए हैं।

जिले में 1700 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इन केंद्रों पर तीन से छह साल तक के बच्चों के लिए प्री प्राइमरी शिक्षा की व्यवस्था है। जिससे स्कूल में प्रवेश लेने के लिए बच्चों को तैयार किया जा सके। बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पढ़ने के लिए लर्निंग किट दी गई है। सभी केंद्रों पर कार्यकर्ता किट के माध्यम से बच्चों को प्राइमरी शिक्षा का बोध कराएंगी।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिक्षा अध्ययन के लिए पहुंचने वाले विद्यार्थियों को अब लर्निंग किट के माध्यम से शिक्षा अध्ययन कराई जाएगी। ताकि बच्चों में पढ़ाई के प्रति ललक बढ़ सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों में पढ़ाई के प्रति ललक पैदा करने के लिए किट उपलब्ध कराई है। इसमें बच्चों के लिए खेल-खिलौने के साथ ही पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है।

### किट में उपलब्ध कराया गया यह सामान

खिलौना किट में डॉक्टर सेट, किचन सेट, फ्रूट सेट, बॉल्स, पिज्जल, जानवरों की आकृतियां, क्रिकेट सेट, रिंग्स, गिन तारा, रंगीन चॉक, अल्फाबेट चटाई, सीसा, कालांकुर, तीन प्रकार की किताबें आदि उपलब्ध कराई गई हैं।




रसूलाबाद क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र। अमृत विचार

# स्कूलों के दक्ष खिलाड़ियों का पोर्टल पर अपलोड होगा ब्योरा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- माध्यमिक व परिषदीय स्कूलों में खेलकूद को मिलेगा बढ़ावा
- स्कूलों के खिलाड़ी बच्चों का तैयार किया जाएगा डाटा

**अमृत विचार।** माध्यमिक व परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को खेलकूद में बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसमें ऐसे छात्रों को चुना जाएगा, जो खेलकूद में बेहतर हैं। इनका ब्योरा पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा।

जिले में 1925 परिषदीय व कई राजकीय विद्यालय हैं। यहां पढ़ने वाले छात्रों के बीच खेलकूद को लेकर अब संयुक्त अभ्यास की तैयारी हो रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने स्पोर्टस फॉर स्कूल कार्यक्रम शुरू किया है। जिसके तहत परिषदीय स्कूलों और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों का डाटा तैयार होगा। जिसमे खिलाड़ी बच्चों से जुड़ी हर जानकारी होगी।

इस व्यवस्था के तहत उनके प्रशिक्षक, स्पोर्ट किट, खेलकूद की सुविधा आदि से जुड़ी जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। खिलाड़ियों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए प्रयास होगा। पोर्टल पर उन्हीं खिलाड़ियों का नाम अंकित होगा, जो खेलने में बेहतर होंगे। इसके साथ ही उनको मिलने वाली सुविधा, प्रशिक्षण, खेल का विवरण, प्रशिक्षक का नाम, खेलने के लिए स्थान, विभाग मदद की जानकारी देनी होगी।

### बच्चों का कम से कम दो खेलों में दक्ष होना जरूरी

सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने बच्चों को कम से कम दो खेलों में दक्ष करें। इसके बाद विद्यालय और ब्लाक स्तर पर इनकी प्रतियोगिता होगी। ब्लाक स्तर पर सफलता के बाद जिला और मंडल स्तर पर खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

> राजकीय और परिषदीय स्कूलों के बच्चों को चुनने के निर्देश दिए गए हैं। जुलाई में हर विद्यालय के खिलाड़ी बच्चों के नाम कार्यालय में देना है। यहां स्पोर्ट फॉर स्कूल कार्यक्रम के तहत बने पोर्टल पर इनके पाम अपलोड किया जाएगा।
>
> -अचल कुमार मिश्र, डीआईओएस

**कुर्बानी दी** — इबादत में एक साथ झुके हजारों सिर, मुल्क में खुशहाली की मांगी गई दुआ, गले मिलकर एक-दूसरे को दी गई मुबारकबाद

# जिले भर में उल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा पर्व

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



रसूलाबाद की मस्जिद में नमाज अदा करते लोग।



अकबरपुर ईदगाह में सुरक्षा व्यवस्था जांचते एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।



सिकंदरा में गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद देते लोग।

**अमृत विचार।** जिले भर में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज के बाद दुआ के लिए एक साथ हजारों लोगों के हाथ उठे और मुल्क़ में अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस दौरान एसपी समेत अन्य अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

अकबरपुर कस्बे की बड़ी ईदगाह समेत अन्य मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई। इसके बाद मुल्क में अमन चैन व तरक्की की दुआ मांगी गई। इसी तरह भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के अहरौली शेख, पुखरायां, हरदुआ, बिल्हापुर, चांदापुर, अमरौधा, भोगनीपुर, मावर, बरौर, हैदरपुर, मोहम्मदपुर, सट्टी आदि जगहों पर नमाज अदा की गई। राजनीतिक पार्टियों व सामाजिक संस्थाओं ने कैंप लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी।

एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने कोतवाल सतीश कुमार के साथ भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण किया और लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने लोगों को बकरीद की मुबारकबाद भी दी। वहीं राजपुर क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी तरह सिकंदरा क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों में नाम अता की गई। वहीं राजपुर क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

सिकंदरा की ईदगाह में हाफिज यासीन व खजूर वाली मस्जिद में हाफिज मुजीब रजा, मदीना मस्जिद में हाफिज सोहिल, बाबा मस्जिद में कुर्बान अली व राजपुर की ईदगाह में मौलाना अनीसुर्रहमान ने ईद-उल-अजहा की दो रकात नमाज अदा कराई। इसके बाद मुल्क की खुशहाली और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ की गई। लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। यहां सभासद मेहराज अंसारी, निशात अनवर, सुजात फात्मी, सहीम अंसारी, दानिश अंसारी रहे।

### ईदगाह-मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहे अफसर

नमाज के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अफसर मुस्तैद रहे। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति व एएसपी राजेश पांडेय ने जिले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था जांची। सिकंदरा में एसडीएम शिखा संखवार, तहसीलदार संतोष सिंह, सीओ संजय कुमार पुलिस फोर्स के साथ नमाज मुकम्मल होने तक ईदगाह में मौजूद रहे। राजपुर में थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने नायब तहसीलदार सुधीर कुमार के साथ ईदगाह और मस्जिदों के बाहर जायजा लिया। सट्टी में सीओ देवेंद्र सिंह, तहसीलदार सुनील कुमार ने निरीक्षण किया। सटटी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिह, राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात सिंह, चौकी इंचार्ज पंकज कुमार पुलिस फोर्स के साथ लगातार मस्जिदों का भ्रमण करते रहे।

उवैस ब्रिक फील्ड
की ओर से क्षेत्र वासियों को ईद-उल-अजहा की बहुत-बहुत मुबारकबाद
Eid Al Adha Mubarak
उवैस ब्रिक फील्ड
हमारे यहां उच्च कोटि की ईट बनाई जाती है।
पता- न्यू इंडिया ढाबा के बगल से डड़ीडेरा रोड फिरोजपुर कानपुर देहात।



प्रो.परवेज आलम
मो.8795083330,

## एक नजर

### कंचनजंगा एक्सप्रेस दुर्घटना पर योगी ने व्यक्त कीं संवेदनाएं

**लखनऊ :** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। योगी ने सोमवार को अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए घटना को दु:खद और हृदयविदारक बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं।

### यौन शोषण और मारपीट से आहत युवक ने की आत्महत्या, तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर :** गोरखपुर में कथित तौर पर यौन शोषण व मारपीट से आहत 23 वर्षीय एक युवक ने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मामले में एक अन्य आरोपी फरार है। उन्होंने बताया कि महराजगंज के रहने वाले युवक को चिलुवाताल थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में चार व्यक्तियों ने बंधक बनाया और उसका यौन शोषण किया। उसके साथ मारपीट भी की गई। साथ ही इस घटना का वीडियो बनाकर आरोपियों ने युवक से रुपये मांगे और वीडियो वायरल करने की धमकी दी, जिससे आहत होकर युवक ने शुक्रवार की देर रात आत्महत्या कर ली।

### निधौलीकलां थाने में युवक की मौत, थाना प्रभारी और सिपाही निलंबित

**एटा :** मारपीट के मामले में पकड़कर थाने लाए गए तीन लोगों में से एक की भूख प्यास के चलते हालत बिगड़ने से मौत हो गई। एसएसपी ने थानाध्यक्ष और आरक्षी लिपिक को निलंबित कर दिया है। क्षेत्र के गांव दलशाहपुर निवासी देवेन्द्र (34) पुत्र मुन्नालाल सैनी सिलाई और बैण्ड-बाजे का काम करता है। गांव का मुहम्मद हुसैन (22) पुत्र इस्लाम भी उसके साथ बैण्ड बाजे का काम करता है। देवेन्द्र की दुकान पर राकेश पुत्र रनवीर सिंह सिलाई करता था। देवेन्द्र के मुहम्मद पर पांच हजार उधार थे। रविवार की रात दोनों में रुपयों को लेकर विवाद हो गया तो मुहम्मद हुसैन ने देवेन्द्र के मुंह और नाक में घूंसा मारकर चोटिल कर दिया।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण को गति देगी सरकार

## परियोजना को पूरा करने की प्रक्रिया हुई शुरू

- गोमती किनारे मास्टर प्लान जमीन पर उतारा जाएगा
- एलडीए को वित्तीय स्वीकृति के साथ मिला निर्माण कार्य कराने का निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण व विकास कार्यों को गति देने पर विशेष जोर दे रही है। लखनऊ के बसंत कुंज योजना सेक्टर-जे में गोमती नदी किनारे मास्टर प्लान ग्रीन में राष्ट्र प्रेरणा स्थल परियोजना को जमीन पर उतारा जा रहा है। यहां म्यूजियम समेत विभिन्न निर्माण कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

सभी कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को दी गई है और यहां पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से जुड़े तमाम पहलुओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इस क्रम में, 3 प्रतिमाओं की स्थापना के लिए 21.07 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की कुल अनुमानित लागत 138 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसमें से टोकन के रूप में 1 करोड़, प्रथम किस्त के तौर पर 28.47 करोड़ और दूसरी किस्त के तौर पर 21.52 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। इस प्रकार, कुल 138 करोड़ की धनराशि में से 72.7 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। फिलहाल, वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृतियों के जरिए परियोजना के अंतर्गत जारी कार्यों को तेजी प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### मेजा ऊर्जा निगम 228 एकड़ के जलाशय में लगाएगा सौर ऊर्जा संयंत्र

**प्रयागराज :** एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के संयुक्त उद्यम मेजा ऊर्जा निगम अपनी टाउनशिप में रहने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों की बिजली की जरूरत पूरी करने के लिए संयंत्र परिसर में स्थित 228 एकड़ के जलाशय में तैरता (फ्लोटिंग) सौर ऊर्जा संयंत्र लगाएगा।

मेजा ऊर्जा निगम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी ने बताया कि इस जलाशय में अगले दो से तीन वर्षों में 25-30 मेगावाट की तैरती सोलर परियोजना स्थापित की जाएगी और यहां से उत्पादित बिजली की आपूर्ति टाउनशिप को की जाएगी। उन्होंने बताया कि जलाशय में परियोजना के स्थापित होने से हमें भूमि अधिग्रहण की जरूरत नहीं पड़ेगी और जलाशय के जल के वाष्पीकरण में भी कमी आएगी। कंपनी इस जलाशय के पानी का उपयोग ताप बिजली परियोजना में करती है।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गई बकरीद एक-दूसरे से गले मिल कर दी बधाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा का त्योहार सोमवार को प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजधानी लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह, बड़ा इमामबाड़ा और टीले वाली मस्जिद सहित कई इबादतगाहों पर बकरीद की नमाज अदा की गई। इस दौरान प्रदेशभर की अन्य तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में भी नमाज अदा की गई।

नमाज के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की बधाई दी और देश की खुशहाली के लिए दुआ की। प्रदेश में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। लखनऊ तहसीनगंज स्थित शिया जामा मस्जिद में नमाज अदा कराने के बाद शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने देशवासियों को ईद-उल-अजहा की बधाई दी और देश में अमन चैन के लिए दुआ की।

पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सपा नेता रविदास मेहरोत्रा ने ईदगाह पहुंच कर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। वहीं, शिया समुदाय ने आसिफी मस्जिद में नमाज अदा की।

ऐशबाग ईदगाह, आसिफी मस्जिद और टीले वाली मस्जिद में सबसे बड़ी जमात में नमाज अदा की गई। ऐशबाग ईदगाह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराई।

#### राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में दोनों ने कहा कि ईद-उल-अजहा का त्योहार सभी को मिलजुल कर रहने और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा प्रदान करता है।

#### सड़कों पर नहीं पढ़ी गई नमाज

**लखनऊ :** ईद-उल-अज़हा (बकरीद) के मौके पर प्रदेश ने एक बार फिर देशभर में मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर इस बार भी प्रदेश में कहीं भी यातायात बाधित कर सड़कों पर ईद की नमाज़ नहीं अदा की गई। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी योगी की अपील का समर्थन किया था, नतीजतन, ईद की नमाज़ ईदगाह अथवा अन्य तयशुदा पारंपरिक स्थान पर ही हुई। कई क्षेत्रों में जहां मस्जिद और ईदगाह में जगह कम थी, वहां तो अलग-अलग शिफ्ट में लोगों ने नमाज़ पढ़ी।

### फाइनेंसर को पेड़ से बांध कर पीटने के मामले में चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**मुरादाबाद :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजन नगर के इंचार्ज रविंद्र सिंह भाटी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। यह कार्रवाई फाइनेंसर को पेड़ से बांधकर पीटने के मामले में लापरवाही बरतने पर हुई है।

शनिवार को ठाकुरद्वारा तहसील में आयोजित समाधान दिवस में मामला एसएसपी के सामने आने पर थाना व चौकी पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने उसी दिन मुख्य आरोपी शेरपुर पट्टी निवासी परवेंद्र यादव उर्फ काली डॉन पुत्र जगदीश यादव को गिरफ्तार कर लिया। जबकि, दूसरा आरोपी डिलारी थाने के गांव गुलड़िया निवासी सचिन यादव अभी तक फरार है। सचिन ने ही बीमारी का बहना बनाकर 5 हजार रुपये उधार लिए थे। पुलिस टीम सचिन को पकड़ने के लिए संबंधित स्थलों पर दबिश दे रही है।

# भाजपा 21 को मंडल स्तर पर मनाएगी योग दिवस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भाजपा की ओर से मंडल स्तर पर मनाया जाएगा। 22 जून को लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोकसभा चुनाव में लगे बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ महानगर कैसरबाग पार्टी कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों का लेकर महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मोर्चों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। तय की गई योजना के अनुसार, 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी निर्वाण दिवस को बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि, वृक्षारोपण और अन्य कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा।



कैसरबाग स्थित पार्टी कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक के दौरान महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व मोर्चों के अध्यक्ष।

- 22 को लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं का होगा अभिनंदन

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महामंत्री पुष्कर शुक्ला, रामावतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि राकेश सिंह, विवेक सिंह तोमर, अभिषेक खरे को अलग-अलग कार्यक्रम अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### बरसाना व वृंदावन में रोपवे से सुगम होगी पर्यटकों की यात्रा

**मथुरा :** घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की यात्रा सुगम बनाने के लिए उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद ने बरसाना और वृंदावन में दो अनूठी रोपवे परियोजनाएं शुरू की हैं। बृज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसबी सिंह ने बताया कि बरसाना रोपवे का प्रायोगिक परीक्षण 18 जून को किया जाएगा।

यह रोपवे पर्यटकों को न केवल रोमांचक अनुभव उपलब्ध कराएगा, बल्कि ट्रैफिक जाम की समस्या से भी उन्हें निजात दिलाएगा। उन्होंने कहा, बरसाना में लाडली मंदिर आने वाले पर्यटकों को इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 180 से अधिक जर्जर और खतरनाक सीढ़ियों से गुजरना पड़ता है। हालांकि, रोपवे सुविधा शुरू होने से अब खासकर बुजुर्गों को लाडली मंदिर आने का अवसर मिलेगा।

# परीक्षा में धांधली से युवा और अभिभावक का टूटता है मनोबल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि परीक्षा व्यवस्था में धांधली एक मानसिक त्रासदी है जिससे न केवल परीक्षा देने वाले युवा बल्कि उनके माता-पिता भी ग्रसित हो रहे हैं। सपा प्रमुख के अनुसार, प्रश्न पत्र लीक होना, सेंटर से लेकर सॉल्वर तक धांधली, परीक्षा एजेंसी का शक़ के घेरे में आना, रिज़ल्ट में ग्रेस मॉर्क्स की हेराफेरी, एक ही सेंटर से कई प्रतिभागियों का चयन होना और 100 प्रतिशत सफलता पाना केवल परीक्षा प्रबंधन की समस्या नहीं बल्कि घपला-घोटाला है।

अखिलेश ने सोमवार को जारी एक बयान में सवाल उठाया कि, इस बात की गारंटी कौन लेगा कि अगली



बार परीक्षा में ऐसा घपला-घोटाला नहीं होगा। जब सरकार वही है और उसकी व्यवस्था भी वही है तो ये सब धांधलियां कहीं फिर से सरकार संरक्षित परीक्षा माफ़िया के लिए पैसा कमाने का ज़रिया न बन जाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को संभालना माता-पिता के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती होता है। ऐसी घटनाओं से हताश-निराश होकर, जब माता-पिता ख़ुद व्यवस्था पर भरोसा खो देते हैं और उन्हें अपने बच्चों का भविष्य अंधकारमय दिखने लगता है तो भला वो क्या अपने बच्चों का सहारा बनेंगे।

## धर्म दर्शन

# सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति है सृष्टि

पद्य को भी जब गान विद्या से जोड़ा गया तो भावना का प्रवाह अधिक पूर्णता से खुला। इस प्रकार जब वेद के पद्यबद्ध मंत्रों को गान विद्या से अनुपूरित किया गया तो सामवेद बन गया। मानवीय क्षमता के अंतर्गत ज्ञान और भावना का सर्वोत्कृष्ट संयोग होने से इसे सर्वश्रेष्ठ प्रयोग कहना सर्वथा सार्थक है।

सृष्टि सृजनकर्ता की आत्माभिव्यक्ति ही तो है। परमात्मा द्वारा रची गई सृष्टि भी भावमय ही है। मन की कल्पनाओं, बुद्धि के विचारों और कर्म की हलचलों के ताने-बाने भावनाओं के आधार पर ही बनते-बदलते रहते हैं। जिस तरह की भाव तरंगें हम विश्व चेतना में छोड़ते हैं, उसी के अनुरूप भाव तरंगे किसी न किसी माध्यम से हम तक वापस पहुंचती रहती हैं। इस प्रकार के मनोवैज्ञानिक प्रयोग लॉरेंस डी वैलेस सहित अनेक विद्वानों द्वारा किए जा चुके हैं। भावों को उभारने और संप्रेषित करने में गायन का महत्व हमेशा से रहा है और आज भी है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

वेद ने भी इसीलिए उसका उपयोग विशेषज्ञता के साथ किया है। अभिव्यक्ति के तीन माध्यमों गद्य, पद्य और गायन में गायन को भाव-विद्या में सबसे अग्रणी देखकर उसे विशेष महत्व दिया गया। यजुर्वेद में जो पदबद्ध मंत्र ऋग्वेद व अथर्ववेद से लिए गए हैं, वे पद्य के समान नहीं बोले जाते, बल्कि गद्य के समान बोले जाते हैं। वे ही मंत्र यजुर्वेद के अलावा अन्य तीन वेदों में पद्य के रूप में बोले जाते हैं। सामवेद में पद्य के साथ गायन संबद्ध है। गायन से पीड़ित हृदय को शांति और संतोष मिलता है। इससे मनुष्य की सृजन शक्ति का विकास और आत्मिक प्रफुल्लता बढ़ती है। गायन की अमूल्य निधि देकर परमात्मा ने मनुष्य की पीड़ा को कम किया है, मानवीय गुणों में प्रेम और प्रसन्नता को बढ़ाया है।

संगीत के दृश्य-अदृश्य प्रभावों के अनुसंधान में रत ऋषियों को ऐसी चमत्कारी सिद्धियां और अध्यात्म का इतना विशाल क्षेत्र उपलब्ध हुआ जिसका वर्णन करने के लिए एक पृथक वेद सामवेद की रचना करनी पड़ी। सामवेद में भगवान की संगीत शक्ति के ऐसे रहस्य प्रतिपादित और पिरोए हुए हैं जिनका अवगाहन कर मनुष्य अपनी आत्मिक शक्तियों को तुच्छ से महान, सूक्ष्म से विराट बना सकता है- विश्वात्मा से मिल सकता है। संगीत आत्मा की उन्नति का सबसे अच्छा साधन है।

इसलिए हमेशा वाद्य-यंत्र के साथ गायन किया जाता है। गायन में शरीर, मन व आत्मा तीनों को बलवान बनाने वाले तत्व पूर्ण मात्रा मे विद्यमान हैं। यही कारण है कि ऋषियों ने सामवेद में विशिष्ट मंत्रों का संकलन कर गायन की पद्धति विकसित की। आधुनिक विद्वान भी इस तथ्य को स्वीकार करने लगे हैं कि समस्त स्वर, ताल, लय, छंद, गति, मंत्र, स्वर-चिकित्सा, राग, नृत्य, मुद्रा भाव आदि सामवेद से ही निकले हैं। वैदिक काल में इस विज्ञान के ज्ञाता ऋषियों ने मंत्र गायन, भाव मुद्राओं और रसानुभूति के आधार पर अपने अंतराल में दबी हुई शक्तियों को जगाया और संपर्क में आने वाले प्राणिमात्र की व्यथा वेदना का भी हरण किया।

# विष्णु की मानस पुत्री सरयू

एक कथा के अनुसार वैवस्वत मनु ने बाण प्रहार कर जल धारा का मार्ग प्रशस्त किया था। इस कथानक में सरयू की उत्पत्ति का श्रेय पराक्रमी वैवस्वत महाराज को दिया गया है, जैसे पतित पावनी गंगा को धरती पर लाने का श्रेय, इसी वंश के महाराज भगीरथ को दिया जाता है। अन्यत्र भगवान श्रीहरि विष्णु की मानस पुत्री सरयू को मानसरोवर से लाने का श्रेय ब्रह्मर्षि वसिष्ठ जी को दिया गया है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

यह कम आश्चर्यजनक नहीं है कि भगवान विष्णु की मानस पुत्री तथा श्रीहरि विष्णु के दशावतारों (मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध, और कल्कि) में सातवें श्रीराम की मोक्षदायिनी 'रामप्रिया' सरयू के पवित्र जल को मंदिरों मे क्यों नहीं चढ़ाया जाता है? वर्तमान शासन का यह निर्णय सराहनीय है कि अयोध्या के श्रीरामलला के मंदिर में भक्त जन एक साथ श्रीहरि के दशावतारों की छवि का भी दर्शन कर सकेंगे। पौराणिक अनुश्रुति के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सरयू में जलसमाधि से घोर अप्रसन्न, आशुतोष भगवान शिव शंकर ने सरयू को शाप दिया था कि उसका जल किसी भी मंदिर में नहीं चढ़ाया जाएगा एवं न हीं किसी मांगलिक कार्य में ही प्रयुक्त किया जाएगा। सरयू के द्वारा प्रभु राम की इच्छा के विपरीत, उनको अपने भीतर जल समाधि को रोकने की असमर्थता व्यक्त करने पर आशुतोष (शीघ्र ही संतुष्ट हो जाने वाले) भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर उसे संशोधित कर दिया। तद्नुसार सरयूमाता की बार-बार विनती से प्रसन्न भगवान शिव ने अपने शाप की पूर्ण समाप्ति के स्थान पर यह संशोधन कर दिया कि, तुम्हारे जल का उपयोग पूजन सहित मांगलिक कार्यों में भले ही न किया जाए, लेकिन तुम्हारे पवित्र जल में स्नान पर लोगों के सभी पाप समूल नष्ट हो जाएंगे।

कुछ मनीषियों का मानना है कि चूंकि सरयू पार वाम भाग में महाराज दशरथ द्वारा भ्रमवश, अपने अंधे माता-पिता के अनन्य भक्त वैश्यवंशीय श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी और पुत्र हीन अंधे माता-पिता के शाप से राजा दशरथ को भी पुत्र वियोग में मरना पड़ा था। इस कांड मे कल-कल निनादिनी सरयू के शोर से उत्पन्न भ्रम के कारण पानी भरते घड़े की ध्वनि को हिंसक पशु के भ्रम में निर्दोष श्रवण कुमार की हत्या हो गई थी। ऐसी स्थिति में सरयू की पवित्रता सिद्ध करने के उद्देश्य से भी अपने भाइयों सहित सरयू में जल-समाधि ली थी।


## वर्ग पहेली-104

**बाएं से दाएं**

1. 1. ईरान देश की भाषा 2. भारोपीय परिवार की एक भाषा जिसकी लिपि अरबी से मिलती-जुलती है।
3. (इस्लाम धर्म) शैतान या दुष्ट आत्माओं को भगाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक शब्द
5. 1. विजय, जीत 2. कामयाबी, सफलता 3. चुनाव
8. ढोल अथवा नगाड़े की आवाज़।
9. 1. किसी कार्य विशेष के लिए अलग किया हुआ 2. विशिष्ट; ख़ास 3. प्रमुख, प्रधान।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह जो घोड़े पर मुख्य सवार के पीछे बैठता है 2. ग़ज़लों आदि में प्रत्येक काफ़िए के बाद आने वाला शब्द 3. पीछे की ओर रहने वाली सेना।
4. 1. कोलाहल, बावेला, कोहराम 2. बहुत सारे लोगों द्वारा एक साथ किया जाने वाला रुदन, रोना-पीटना, विलाप, मातम 3. किसी विपत्ति के समय होने वाली भागदौड़, हलचल।
6. 1. जो मूढ़ या मूर्ख हो 2. नासमझ 3. मूढ़बुद्धि, अज्ञानी।
7. 1. घोड़े के नियंत्रण के लिए उसके मुंह में लगाई जाने वाली वह पट्टी जिसके दोनों ओर रस्से या चमड़े के तस्मे बंधे रहते हैं, रास, बाग 2. बागडोर, कमान 3. अंकुश, बहिला



### वर्ग पहेली -103 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 फ़ू | ■ | ■ | 2 मं | च | ■ |
| 3 मू | ल | भू | 4 त | ■ | ■ | 5 आँ |
| ■ | बा | ■ | ह | ■ | 6 सी | ख |
| ■ | ग | ■ | री | ■ | ■ | मि |
| 7 ली | ■ | 8 क | री | ना | ■ | चौ |
| 9 ड | का | र | ■ | ■ | ■ | ली |
| र | ■ | 10 वा | म | पं | थी | ■ |

## सुडोकू-17

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | 9 | | |
| | 8 | | | | 6 | | | |
| 1 | | 9 | | | 2 | | | 4 |
| | 7 | | 8 | 5 | | | 4 | 9 |
| 5 | | 3 | | | | 2 | | 8 |
| 6 | 9 | | | 4 | 1 | | 3 | |
| 4 | | | 9 | | | 8 | | 1 |
| | | | 3 | | | | 6 | |
| | | 5 | | 7 | | | | 2 |

### सुडोकू - 16 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी-06.24 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष:** आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। जॉब में उन्नति होगी। वैवाहिक जीवन सुख से भरपूर होगा। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आप धन लाभ ले सकते हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा।

**वृष:** आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामलों का निराकरण होने के योग बन रहे हैं। आज आप उधार वापस लौटा पाने की स्थिति में रहेंगे।

**मिथुन:** आज आपको मित्रों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा के लिए विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। प्रतिद्वन्दी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। सन्तान की गतिविधियों पर नजर रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क:** आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव हो सकता है। धैर्यवान होकर कार्य करें। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में धन की कमी को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह:** आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यशैली में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। आपके प्रति सम्मान भाव बढ़ेगा।

**कन्या:** आज अधिकारियों के साथ बहसबाजी से दूर रहें। कुछ लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों को लेकर ज्यादा आशावादी न रहें।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। नई जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

**वृश्चिक:** आज आपको प्रतिज्ञा अथवा वचन देने से बचना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। व्यवसाय में अनुबंध को लेकर सावधानी रखें। पुराना रोग वापस लौट कर आ सकता है। शुगर के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए।


**धनु:** आज कानूनी मामलों में सफलता मिलने की संभावना है। जॉब में प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा। पेट में गैस की शिकायत हो सकती है। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखें।

**मकर:** आज जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी उन्नति से आप काफी सन्तुष्ट रहेंगे। संतान आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगी। अध्यापन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा।

**कुंभ:** आज सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से साथ संबंध मधुर होंगे। कई दिनों से रुके हुए कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। मूल्यवान वस्तुओं को संभालकर रखें। घर के बुजुर्ग सदस्यों के साथ आपकी चर्चा होगी।

**मीन:** आज आपको कुछ लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर एकतरफा विश्वास किसी पर न करें। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन पढ़ाई से भटक सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-स्वाती 15.56 तक तत्पश्चात विशाखा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | संसार | सुबह : 08.40 |
| B4U Movies | ऊंचाई | रात : 09.12 |
| &pictures | ग्रेट ग्रैंड मस्ती | सुबह : 11.10 |
| &pictures | फैमिली एक डील | रात : 08.00 |
| Sony Pix | वंडर वुमन | सुबह : 11.02 |
| Sony Pix | पैनिक रूम | रात : 07.04 |
| Zee Cinema | सूर्यवंशी | सुबह : 11.58 |
| Zee Cinema | गदर 2 | रात : 08.00 |
| Colors Cineplex | कसम | सुबह : 09.13 |
| Colors Cineplex | राकी और रानी की प्रेम कहानी | शाम : 05.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी– तुमने कभी मुझे सोना, हीरा, मोती गिफ्ट नहीं दिया
पति ने एक मुट्ठी मिट्टी उठाकर हाथ में दे दी।
पत्नी– यह क्या है?
पति– मेरे देश की धरती सोना उगले... उगले हीरे मोती... मेरे देश की धरती।
पत्नी गुस्से से पति को घूरने लगी।

रमेश– तुम्हें मेरे अंदर सबसे अच्छी बात क्या लगती है?
पिंकी– लोग समय के साथ बदल जाते हैं लेकिन तुम नहीं बदले,
रमेश– वह कैसे?
लड़की– जब मैं तुमसे मिली थी तब भी बेरोजगार थे और आज भी बेरोजगार हो।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1070 बोल्ड 1110 डीएमओ 855।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 11000-12000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7700-7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17100-17100 |
| अरहरस्पेशल1 | 14500-14600 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000-13300 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8100-9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1335-1380 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

### नेक्सजेन एक्जीबिशन ने सर्वेक्षण रिपोर्ट में लक्ष्य हासिल करने के लिए दी सलाह

# भारत को 5 अरब डॉलर का रक्षा निर्यात करने के लिए एफडीआई सुव्यवस्थित करना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सुव्यवस्थित करने के साथ शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर देश चालू वित्त वर्ष के अंत तक पांच अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल कर सकता है। एशिया की प्रमुख आंतरिक सुरक्षा एवं रक्षा प्रदर्शनी 'अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो' के आयोजक नेक्सजेन एक्जीबिशन ने एक व्यापक सर्वेक्षण के ये निष्कर्ष जारी किए हैं।



इसका मकसद रक्षा क्षेत्र में एफडीआई से जुड़ी बाधाओं को दूर करना और रक्षा शोध एवं विकास (आरएंडडी) और विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करना है। एक बयान के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य भारत को वित्त वर्ष 2024-25 तक पांच अरब डॉलर रक्षा निर्यात के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की तरफ प्रेरित करना है। भारत के 15 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण में 130 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हथियार, गोला-बारूद व सुरक्षा उपकरण निर्माताओं, निर्यातकों और स्टार्टअप कंपनियों ने हिस्सा लिया। सर्वेक्षण में सुव्यवस्थित एफडीआई, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य भविष्योन्मुख प्रौद्योगिकियों के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी के एकीकरण और उद्योग के लिए पेशेवरों का एक बड़ा समूह खड़ा करने के लिए एक मजबूत कौशल विकास परिवेश पर जोर दिया गया। बयान के मुताबिक, भारत का आंतरिक सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र शोध एवं विकास तथा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाकर वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। रक्षा खरीद श्रेणियों में वृद्धि घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। फिलहाल भारत 75 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जो वैश्विक रक्षा बाजार में इसकी बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है। नेक्सजेन एक्जीबिशन के निदेशक आधार बंसल ने कहा- खरीद श्रेणियों में वृद्धि और गुणवत्ता एवं नवाचार पर बल ने भारत को वैश्विक मंच पर एक विश्वसनीय रक्षा उपकरण आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

## अमूल ने आइसक्रीम से कनखजूरा मिलने पर उत्पाद वापस मांगा

**नई दिल्ली।** अमूल ने नोएडा में एक महिला ग्राहक से आइसक्रीम का टब वापस करने का सोमवार को अनुरोध किया ताकि उसकी गहन जांच की जा सके। महिला ने दावा किया था कि उसे आइसक्रीम से कनखजूरा मिला है। कंपनी ने साथ ही कहा कि वह भारत और वैश्विक बाजारों में बेहतर गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि नोएडा में एक महिला ने दावा किया है कि उसने एक 'इंस्टेंट डिलीवरी ऐप' के जरिए आइसक्रीम मंगवाई थी जिसके अंदर उसे एक कनखजूरा मिला है। अमूल ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ (जीसीएमएमएफ) ने नोएडा में महिला ग्राहक को हुई असुविधा पर खेद व्यक्त किया।

# यूएई से 2023-24 में सोना, चांदी का आयात 210 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीटीआरआई के अनुसार एफटीए में शुल्क संशोधन की जरूरत

भारत का अपने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सोने और चांदी का आयात 2023-24 में 210 प्रतिशत बढ़कर 10.7 अरब डॉलर हो गया है। इस उछाल को कम करने के लिए समझौते के तहत रियायती सीमा शुल्क दरों में संभावित रूप से संशोधन करने की आवश्यकता है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, सोने और चांदी के आयात में यह तीव्र वृद्धि मुख्य रूप से भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) के तहत भारत द्वारा यूएई को दी गई आयात शुल्क रियायतों से मुमकीन हो पाई है। जीटीआरआई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत असीमित मात्रा में चांदी के



आयात पर सात प्रतिशत शुल्क या सीमा शुल्क रियायतें और 160 मीट्रिक टन सोने पर एक प्रतिशत रियायत देता है। सीईपीए पर फरवरी 2022 में हस्ताक्षर किए गए और मई 2022 में इसे लागू किया गया। इसके अतिरिक्त भारत गिफ्ट सिटी में इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के जरिए निजी कंपनियों को यूएई से आयात करने की अनुमति देकर सोने और चांदी के आयात की सुविधा देता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 875 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,500 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## एसबीआई को चालू वित्त वर्ष में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद: खारा

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में कही बात

एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि की उम्मीद है। खारा ने एक साक्षात्कार में कहा-आम तौर पर हम इसे जीडीपी वृद्धि दर और मुद्रास्फीति तथा उसके ऊपर दो से तीन प्रतिशत के योग के आधार पर देखते हैं। इससे हमें करीब 14 प्रतिशत या उसके आसपास का आंकड़ा मिलता है।

उन्होंने कहा-अतः 14-15 प्रतिशत ऋण वृद्धि, ऋण देने के लिए उपलब्ध अवसरों पर निर्भर करती है। यह हमारी जोखिम क्षमता को पूरा करती है। हमें इस गति से वृद्धि करने में खुशी होगी। उन्होंने कहा कि जहां तक जमाराशि का सवाल है, पिछले साल इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने कहा-हमारे पास अतिरि क्त एसएलआर के मामले में कुछ गुंजाइश है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे ऋण-से-जमा अनुपात को सहारा देने के लिए जमा दरें बढ़ाने का हम पर कोई दबाव नहीं है।

## रिजर्व बैंक ने गाजीपुर स्थित पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस किया रद

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर स्थित पूर्वांचल सहकारी बैंक का लाइसेंस रद कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि पूर्वांचल सहकारी बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं नहीं हैं। आरबीआई ने बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के पंजीयक को बैंक को बंद करने और एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने को कहा गया है। परिसमापन के तहत प्रत्येक जमाकर्ता जमा बीमा और ऋण गारंटी निगम से केवल पांच लाख तक की अपनी जमा राशि पाने का हकदार होगा।

# भीषण गर्मी से डीजल-पेट्रोल की घट गई मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

- मासिक आंकड़ों के आधार पर इसमें आ रही गिरावट

देश के कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी के कारण यात्रा में कमी आने से जून में डीजल की मांग में गिरावट आई है। ईंधन की बिक्री, जो परंपरागत रूप से चुनाव के दौरान बढ़ जाती है, इस वर्ष प्रवृत्ति के विपरीत रही है तथा मासिक आधार पर इसमें गिरावट आ रही है। यह गिरावट अब आम चुनाव के समाप्त होने के बाद भी जारी है। डीजल की बिक्री एक से 15 जून के दौरान पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 39.5 लाख टन रह गई है। पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मई





के दौरान 14.7 लाख टन खपत की तुलना में मासिक आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

देश में सबसे ज्यादा खपत वाले ईंधन की मांग में अप्रैल में 2.3 प्रतिशत और मार्च में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई थी। मई में इसमें 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

चुनाव प्रचार के अलावा, गर्मी की फसल कटाई के मौसम तथा चिलचिलाती गर्मी के कारण कारों में एयर कंडीशनिंग की मांग बढ़ जाती है, जिससे ईंधन की खपत बढ़नी चाहिए थी। हालांकि इस साल यह रुझान उलट गया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मार्च के मध्य में दो रुपये प्रति लीटर की कमी की गई, जिससे दरों में संशोधन का करीब दो साल लंबा अंतराल समाप्त हो गया, जिससे बिक्री में भी तेजी आनी चाहिए थी। पेट्रोल की बिक्री एक से 15 मई के दौरान 14.7 लाख टन खपत की तुलना में मासिक आधार पर 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन का आतंकवादी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के हंदवाड़ा उपजिले में हिजबुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सेना की 30 आरआर और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने रविवार की रात संयुक्त अभियान चलाया। हंदवाड़ा के पुलिस अधीक्षक दाऊद अयूब ने बताया कि अभियान के दौरान आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चीनी पिस्तौल, हथगोला और पिस्तौल की दो मैगजीन बरामद की गई। गिरफ्तार आतंकवादी की पहचान जाकिर मीर के रूप में की गई है।

### ट्रेलर के पलटने से चार लोगों की मौत

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर सिरोही राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बेकरियां थाना क्षेत्र में सोमवार को एक अनियंत्रित ट्रेलर राहगीरों को चपेट में लेता हुआ पलट गया जिससे दो महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बेकरिया थाना क्षेत्र में मालवा का चौरा में अनियंत्रित ट्रेलर ने सड़क किनारे चल रहे राहगीरों को चपेट ले लिया और पलट गया। हादसे में तिलोई गांव निवासी मसरु गरासिया, हकरी बाई, सौवनी बाई तथा ट्रेलर चालक बलविंदर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

# पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग, हम इस बहस में नहीं हैं: सकलानी

### एनसीईआरटी प्रमुख बोले-इस पर हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है


नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा है कि एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में भारत और इंडिया का परस्पर प्रयोग किया जाएगा, जैसा कि देश के संविधान में है। ये टिप्पणियां सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम पर काम कर रही एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा यह सिफारिश किए जाने के मद्देनजर महत्वपूर्ण हैं कि सभी कक्षाओं की स्कूली पाठ्यपुस्तकों में इंडिया के स्थान पर भारत शब्द होना चाहिए।



एक साक्षात्कार में बातचीत में एनसीईआरटी प्रमुख ने कहा कि किताबों में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा और परिषद को भारत या इंडिया से कोई परहेज नहीं है। उन्होंने कहा, यह परस्पर उपयोग के योग्य हैं....इस पर हमारा रुख वही है जो हमारा संविधान कहता है और हम उस पर कायम हैं। हम भारत का इस्तेमाल कर सकते हैं, हम इंडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, इसमें समस्या क्या है? हम इस बहस में नहीं हैं। जहां भी हमें ठीक लगे हम इंडिया का इस्तेमाल करेंगे, जहां भी हमें ठीक लगेगा हम भारत का इस्तेमाल करेंगे।

### आरएसएस की सहयोगी के तौर पर काम कर रही एनसीईआरटी : जयराम रमेश



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों में संशोधन को लेकर विवाद के बीच, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को आरोप लगाया कि यह संस्था 2014 से आरएसएस की सहयोगी के रूप में काम कर रही है और संविधान पर हमला कर रही है। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट-2024 परीक्षा में कृपांक (ग्रेस मार्क) विवाद के लिए एनसीईआरटी को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एनटीए की अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। कांग्रेस नेता ने कहा- हालांकि यह सच है कि एनसीईआरटी अब पेशेवर संस्था नहीं रही।



नई दिल्ली की जामा मस्जिद में बच्चे ईद-उल-अजहा का पर्व का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

## त्र्यंबकेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं से मारपीट के आरोप में मामला दर्ज

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दो श्रद्धालुओं के साथ कथित तौर पर मारपीट करने को लेकर वहां तैनात तीन सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना रविवार की सुबह त्र्यंबकेश्वर मंदिर में हुई, जहां इस बार लंबे सप्ताहांत के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पुलिस ने बताया कि 60 वर्षीय एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एक सुरक्षा गार्ड ने उसके बेटे को धक्का दिया तथा उसके साथ दुर्व्यवहार किया, जब वह मंदिर में भगवान के दर्शन कर रहा था। महिला ने आरोप लगाया कि बाद में कुछ गार्ड मंदिर के बाहर आए और उसके तथा उसके बेटे के साथ दुर्व्यवहार किया।

## पुलिस ने कन्नड हास्य अभिनेता चिक्कन्ना को भेजा नोटिस

बेंगलुरु, एजेंसी

**रेणुकास्वामी हत्या मामला**

रेणुकास्वामी हत्या मामले की जांच कर रहे पुलिस दल ने सोमवार को कन्नड अभिनेता चिक्कन्ना को पूछताछ के लिए पेश होने का नोटिस दिया।

पुलिस रेणुकास्वामी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी दर्शन थूगुदीप और उसकी मित्र पवित्रा गौड़ा समेत 19 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि मुख्य रूप से हास्य भूमिकाओं में नजर आने वाले 37 वर्षीय चिक्कन्ना से पूछताछ करने का निर्णय लिया गया क्योंकि कथित तौर पर वह आठ जून की रात को दर्शन के साथ थे, जब अपराध को अंजाम दिया गया था।

वहीं एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी सिर्फ पूछताछ की बात है। हम जानना चाहते हैं कि क्या वह (चिक्कन्ना) मामले के बारे में जानते थे और उनके पास क्या जानकारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दर्शन के प्रशंसक रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर गौड़ा को सोशल मीडिया पर कुछ अश्लील संदेश भेजे थे, जिससे 47 वर्षीय अभिनेता नाराज हो गए थे। मामले की अभी जांच जारी है।

## अमित शाह ने हिंसा में शामिल लोगों पर कानूनी कार्रवाई के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा हालात की समीक्षा बैठक ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को मणिपुर में सुरक्षा हालात की समीक्षा बैठक ली, जहां एक वर्ष से अधिक समय से जातीय हिंसा का माहौल है। शाह ने मणिपुर में हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं अधिकारियों ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारों तथा अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारी इस संबंध में एक उच्च-स्तरीय बैठक में शामिल हुए।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसूइया उइके ने रविवार को यहां शाह से मुलाकात की थी और समझा जाता है कि दोनों ने राज्य के मौजूदा हालात पर चर्चा की। बहुसंख्यक मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद 3 मई, 2023 को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क उठी थी। तब से जारी हिंसा में कुकी और मेइती समुदायों तथा सुरक्षा बलों के 220 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने 10 जून को मणिपुर में एक साल के बाद भी शांति नहीं कायम होने पर चिंता जताई थी। मोहन भागवत ने नागपुर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा था कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है।



### लोगों ने आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों को रोका

**इंफाल।** मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में तातबंग के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर सोमवार को इंफाल में आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करने जा रहे 100 से अधिक ट्रकों को लोगों ने रोक दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने जिरिबाम जिले में हुई हिंसा के विरोध में इंफाल-सिलचर राजमार्ग को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने का आह्वान किया है। पुलिस ने कहा, इस बंद के समर्थकों में ज्यादातर महिलाएं हैं जिन्होंने जिरिबाम से इंफाल घाटी की ओर जा रहे ट्रकों को रोक दिया।

## केरल कांग्रेस ने विवादास्पद पोस्ट को लेकर ईसाइयों से माफी मांगी

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- कहा-अपमान और निरादर करना कांग्रेस की परंपरा नहीं

केरल कांग्रेस ने सोमवार को ईसाई समुदाय से माफी मांगी। इससे एक दिन पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पोप फ्रांसिस के साथ उनकी हालिया मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर कटाक्ष किया था, जिससे राज्य में राजनीतिक विवाद उत्पन्न हो गया था। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से उक्त पोस्ट को भी हटा लिया है।

कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई ने अपने एक्स हैंडल पर एक ताजा पोस्ट में कहा कि यदि उसके पहले के पोस्ट से ईसाई धर्मावलंबियों को कोई भावनात्मक या मनोवैज्ञानिक पीड़ा हुई है तो वह उनसे बिना शर्त माफी मांगती है। स्पष्टीकरणात्मक पोस्ट में पार्टी ने कहा कि राज्य के लोग स्पष्ट रूप से जानते हैं कि किसी भी धर्म, धर्मगुरुओं या प्रतिमाओं का अपमान और निरादर करना कांग्रेस की परंपरा नहीं है। कांग्रेस ने कहा कि कोई भी कांग्रेस कार्यकर्ता पोप का अपमान करने के बारे में दूर-दूर तक नहीं सोचेगा, जिन्हें दुनिया भर के ईसाई भगवान के समान मानते हैं।

## दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा प्रायोजित : संजय

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप के राज्यसभा सदस्य ने राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का लगाया आरोप

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में जल संकट भाजपा द्वारा जानबूझकर उत्पन्न किया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने भाजपा पर राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। इन आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

सिंह ने कहा-हमारा मानना है कि प्यासे को पानी पिलाने से ज्यादा पुण्य का काम नहीं होता और पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले कई दिनों से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित



जल संकट है। जब मैं कह रहा हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रायोजित जल संकट है, तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि दिल्ली के लोगों को पानी न मिले और इसके लिए भाजपा के लोग हरसंभव कोशिश कर रहे हैं कि कैसे भी करके दिल्ली में जल संकट हो। आप नेता ने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से पानी मिलता है और जब भाजपा शासित राज्य आवश्यक पानी नहीं देता है तो पानी की कमी हो जाती है। उन्होंने कहा-दिल्ली में पानी कम हो रहा है, क्योंकि हमें हरियाणा से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है और इसके परिणामस्वरूप दिल्ली में जल संकट पैदा हो गया है। सिंह ने कहा कि दिल्ली को, उसका उचित हिस्सा देने के लिए हरियाणा सरकार से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उसे उसका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, "हम हरियाणा के लोगों के लिए पानी का हिस्सा नहीं मांग रहे हैं, हम दिल्ली के हिस्से का पानी मांग रहे हैं, आप वह भी नहीं देना चाहते।

### दिल्ली की मंत्री आतिशी ने हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने सोमवार को वजीराबाद बैराज का दौरा किया और हरियाणा सरकार से यमुना नदी में पानी छोड़ने की अपील की। आतिशी ने कहा कि वजीराबाद बैराज को हरियाणा से पानी मिलता है, जो चंद्रावल, ओखला और वजीराबाद के जल उपचार संयंत्रों में जाता है। उन्होंने कहा, "अगर पानी नहीं मिलेगा, तो जल उपचार संयंत्र कैसे काम करेंगे। हम हरियाणा सरकार से अपील करते हैं कि दिल्ली के लोग चिंतित हैं और उन्हें यमुना नदी में पानी छोड़ना चाहिए।"

